kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-168 ❒ शनिवार, 18 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



समाज में यदि किसी व्यक्ति के पास किसी वस्तु का अभाव है तो सहयोग और सहभागिता की भावना से उसकी आवश्यकता पूरी की जा सकती है। उन्होंने आत्मनिरीक्षण को जीवन की निरंतर प्रक्रिया बताते हुए सभी से स्वयं का नियमित मूल्यांकन करने का आग्रह किया।
आनंदीबेन पटेल

देश में इस वर्ष के अंत तक 350 रेलवे स्टेशनों का होगा नवनिर्माण : अश्विनी वैष्णव 11

अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : धामी 12

## प्रधानमंत्री ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, बोले-

# जींद से जुड़ेगा भारत के रेलवे इतिहास का नया अध्याय

एजेंसी

जींद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम अब भारतीय रेलवे के इतिहास में उसी तरह दर्ज होगा, जैसे पहली रेलगाड़ी के कारण मुंबई और ठाणे का नाम दर्ज है। उन्होंने कहा कि भारत की यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सबसे लंबी हाइड्रोजन चालित यात्री ट्रेनों में से एक है तथा यह 'मेक इन इंडिया' अभियान का सफल उदाहरण है। जींद के एकलव्य स्टेडियम में करीब 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 19वीं सदी की पहचान भाप इंजन, 20वीं सदी की पहचान डीजल और बिजली से चलने वाली रेल रही, जबकि 21वीं सदी की पहचान हाइड्रोजन ट्रेन बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया के केवल तीन-चार देशों के पास हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की क्षमता है और भारत अब इस चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि जींद से चलने वाली 10 कोच की यह ट्रेन 3,200 हॉर्स पावर के प्रोपल्शन सिस्टम से लैस है और दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित यह ट्रेन हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित कर चलती है तथा इसके संचालन के दौरान केवल जलवाष्प निकलती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे में पिछले 12 वर्षों में हुए परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ देश को ऊर्जा सुरक्षा के रूप में मिला है। पश्चिम एशिया, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के बावजूद भारत की रेल सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले रेलवे का बड़ा हिस्सा डीजल पर निर्भर था, लेकिन पिछले 12 वर्षों में देश के लगभग 99 प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जबकि हरियाणा में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। इसी कारण तेल संकट के बावजूद देश की विकास यात्रा नहीं रुकी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन न केवल पर्यावरण अनुकूल है, बल्कि 'मेक इन इंडिया' की सफलता का भी प्रतीक है। भविष्य में हाइड्रोजन ट्रेनों से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा और नई फैक्ट्रियां स्थापित होंगी, जिससे हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि जींद और हरियाणा ने विकास की नई गति पकड़ी है और आज का दिन राज्य के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को जीवन का संस्कार बनाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इनमें 12,470 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने दिल्ली-



❒ प्रधानमंत्री ने हरियाणा में पारदर्शी भर्ती व्यवस्था और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन की सराहना की

❒ हाइड्रोजन ट्रेन,आत्मनिर्भर भारत के लिए आज बड़ा दिन: प्रधानमंत्री मोदी

❒ जींद के कई परिवारों का सपना हुआ साकार, प्रधानमंत्री ने सौंपी नए आवास की चाबी

### विकसित भारत के लिए भविष्य की प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवाओं पर देना होगा जोर : मोदी

चंडीगढ़ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में 4,700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए भविष्य की प्रौद्योगिकी, नवाचार और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर केंद्रित दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भारत दुनिया से मदद मांगने वाला नहीं, बल्कि दुनिया को सहायता पहुंचाने वाला देश बनकर उभरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ केवल एक शहर नहीं, बल्कि सुनियोजित विकास, बेहतर जीवनशैली और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का मॉडल है। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए चंडीगढ़ स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है और एनडीए सरकार इसके विकास को निरंतर प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 के बाद 15 नए एम्स को मंजूरी दी गई, सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विशेष अस्पतालों का विस्तार किया गया। अब देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है तथा एमबीबीएस और स्नातकोत्तर चिकित्सा सीटों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने घोषणा की कि पीजीआई चंडीगढ़ में एमबीबीएस कॉलेज को भी मंजूरी मिल गई है और शीघ्र ही यहां प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत देशभर में लगभग 1.75

## वन संरक्षण में समुदायों की भागीदारी से प्रयास अधिक प्रभावी और स्थायी होंगे : राष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वनों की रक्षा में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित किए बिना संरक्षण के प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो सकते। जब समुदाय स्वयं वन संरक्षण के भागीदार बनते हैं तो संरक्षण की पहल अधिक प्रभावी और दीर्घकालिक होती है। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में शुक्रवार को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय वन सेवा के अधिकारी केवल वन प्रशासक नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक हैं। जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के क्षरण जैसी वैश्विक चुनौतियों के दौर में उनकी भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने युवा अधिकारियों से वन क्षेत्र बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए



### राष्ट्रपति मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा उत्तरी मैसेडोनिया व रोमानिया के दौरे पर

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तरी मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान वह तीनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी तथा व्यापार, निवेश और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा से जुड़ी एक विशेष पत्रकार वार्ता में कहा कि ये राजकीय यात्राएं मोल्दोवा, उत्तरी मैसेडोनिया और

## परिसीमन-महिला आरक्षण पर विपक्ष फिर होगा बेनकाब : शेखावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संसद के मानसून सत्र से पहले परिसीमन और महिला आरक्षण पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने दो टूक कहा कि विपक्ष की चाल क्या है? चरित्र क्या है? जो दोहरे चेहरे वाले लोग हैं, वे पिछले संसद सत्र में बेनकाब हुए थे, अब एक बार फिर होने वाले हैं।

शेखावत ने शुक्रवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि बढ़ती आबादी के चलते लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। आजादी के बाद संविधान में इसके लिए स्पष्ट व्यवस्था की गई थी। वर्ष 2008 में लागू हुए पिछले परिसीमन एक्ट में यह प्रावधान किया गया था कि वर्ष 2025 के बाद पुनः परिसीमन किया जाएगा। प्रधानमंत्री देश के विकास में महिलाओं की केवल सहभागिता ही नहीं, बल्कि उनके सशक्त नेतृत्व को सुनिश्चित करना चाहते हैं। विधायी कार्यों में महिलाओं की भागीदारी को एक्ट ऑफ पार्लियामेंट द्वारा सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से परिसीमन का होना अत्यंत आवश्यक है।



### खाद्य प्रसंस्करण में निवेश से किसानों की आय बढ़ेगी, युवाओं को मिलेगा रोजगार : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एक प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास एवं हरित ऊर्जा को समान प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सौर ऊर्जा आधारित औद्योगिक मॉडल भविष्य की आवश्यकता है, जो उद्योगों को लागत में राहत देने के

## संक्षेप

### आंध्र प्रदेश में अब तक 12 कोविड के मामले आए, चार की मौत

अमरावती । आंध्र प्रदेश में पिछले बीस दिनों से अब तक कोविड-19 के 12 मामले सामने आए हैं और इस अवधि में चार मरीजों की मौत हुई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मरने वाले वे लोग हैं, जो पहले से ही कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। स्वास्थ्य सचिव जी. वीरपांडियन बयान के अनुसार चारों मरीज (इनमें तीन कडपा और एक काकीनाडा से) उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), मधुमेह, गुर्दे की बीमारी और अन्य गंभीर बीमारियों जैसी पूर्व-मौजूदा चिकित्सीय स्थितियों से जूझ रहे थे। पहला मामला 26 जून को कडपा जिले में दर्ज किया गया था, जहां सबसे अधिक आठ मामले सामने आए हैं। गुंटूर जिले के मंगलपगिरी में दो मामले हैं और विशाखापत्तनम और काकीनाडा में एक-एक मामला है - वीरपांडियन ने कहा कि यह कोई 'क्लस्टर आउटब्रेक' (एक ही स्थान पर संक्रमण का फैलना) नहीं है और ये मामले अलग-अलग मंडलों से सामने आए हैं। 26 जून से 15 जुलाई के बीच राज्य में कुल 67 लोगों की कोविड-19 के लिए जांच की गई। बयान में कहा गया है कि 01 जुलाई से देश भर में कोविड-19 के 339 मामले दर्ज किए गए हैं। सबसे अधिक मामले केरल (115) में दर्ज किए गए हैं, उसके बाद कर्नाटक (64), महाराष्ट्र (43), तमिलनाडु (39), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (18), दिल्ली (18) और राजस्थान (12) हैं। नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) की कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष राजीव जयदेवन का कहना है कि मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि कोरोना वायरस सहित श्वसन संबंधी वायरस का प्रसार एक चक्रीय पैटर्न में होता है और वे प्रतिरक्षा से बचने के लिए लगातार विकसित होते रहते हैं।

### राहुल ने दिवंगत कांग्रेस कार्यकर्ता मेहता के परिजनों से की मुलाकात

देहरादून । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को देहरादून में दिवंगत कांग्रेस कार्यकर्ता अमर मेहता के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। राहुल गांधी ने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत अमर मेहता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया।

## मप्र का दतिया विधानसभा उपचुनाव :

# चेकिंग के दौरान एक दिन में 36.19 लाख रुपये नकद जब्त

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा उपचुनाव-2026 के दृष्टिगत जिले में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सतत करवाई की जा रही है। गुरुवार रात को पुलिस की सघन चेकिंग के दौरान एक दिन में 36.19 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। जनसंपर्क अधिकारी आरआर पटेल ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन में दतिया जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न अंतरजिला एवं प्रमुख चेकिंग पॉइंटों का लगातार निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार रात को सेवढ़ा चुंगी चेकिंग पॉइंट का आकस्मिक भ्रमण किया। इसी दौरान एक कार सवार युवक के कब्जे से करीबन ?15,00,000 नकद राशि बरामद की गई। मौके पर एसएसटी को सूचना देकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसी क्रम में गोराघाट चेकिंग पॉइंट पर चेकिंग के दौरान एमपी-09-जेडडी-9082 स्कॉर्पियो वाहन से ?21,19,000 नकद राशि बरामद की गई। वाहन स्वामी से राशि के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार दतिया पुलिस द्वारा एक ही दिन में कुल ?36,19,000 की नकद राशि बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। दतिया पुलिस द्वारा विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रमुख मार्गों, अंतरजिला सीमाओं एवं संवेदनशील स्थानों



### अमृत भारत स्टेशन योजना से रेलवे स्टेशनों को किया जा रहा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित: सिंधिया

अशोक नगर । केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक सेवाएं मिलेंगी। इससे यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्राप्त होंगी और रेलवे यात्रा अधिक सुगम बनेगी। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शुक्रवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित मध्य प्रदेश के अशोक नगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया, जिनमें अशोकनगर रेलवे स्टेशन भी शामिल रहा। अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अशोक नगर रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप जिले के विकास और क्षेत्र की प्रगति का प्रतीक है। पुनर्विकसित स्टेशन पर आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय, आकर्षक भवन, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, दिव्यांगजन अनुकूल

# उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद में दिनदहाड़े पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर

## फायरिंग में एसओजी के दो जवान भी घायल

एजेंसी

इटावा/फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो कुख्यात बदमाश मारे गए, जबकि इटावा स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के दो सिपाही गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर अन्य बदमाशों की तलाश में व्यापक सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर इटावा और फिरोजाबाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।पुलिस के अनुसार, इटावा जिले के एकदिल थाना क्षेत्र में एक चिकित्सक से हुई चेन स्नैचिंग की वारदात में शामिल कुख्यात बदमाशों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान इटावा एसओजी टीम को सूचना मिली कि गिरोह के कुछ सदस्य गाजियाबाद से झारखंड-संबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ने की योजना बनाई। जैसे ही पुलिस ने ट्रेन में तलाशी अभियान शुरू किया, बदमाशों ने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी के बीच बदमाश ट्रेन से कूदकर स्टेशन के समीप स्थित नगला कन्हई गांव की ओर भाग निकले और वहां छिप गए। पुलिस ने तत्काल उनका पीछा किया, लेकिन बदमाशों ने गांव में भी पुलिस पर लगातार फायरिंग जारी रखी। बदमाशों की गोलीबारी में एसओजी के सिपाही डेविड चौहान और पुष्पेंद्र चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल उपचार के लिए फिरोजाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही फिरोजाबाद के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनुज चौधरी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव की चारों ओर से घेराबंदी कर बदमाशों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने दोबारा पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो बदमाश मारे गए। उनकी पहचान सुमित और अंकित के रूप में हुई है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव भी पुलिस टीम के साथ फिरोजाबाद के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि इटावा एसओजी को सटीक सूचना मिली थी कि चेन स्नैचिंग की घटना में वांछित दो कुख्यात बदमाश झारखंड-संबलपुर एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई की गई। एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने जब ट्रेन में बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, तो



## मुख्यमंत्री ने 581 करोड़ की 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

# सपा कंग्रेस जिन्ना की उपासक पार्टियां : योगी

एजेंसी

शामली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को शामली जनपद के दौरे पर पहुंचे। 581 करोड़ की 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी और कंग्रेस को जिन्ना का उपासक करार दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले सोने वालों की सरकार थी। वह सोते रहते थे। डेमोग्राफी बदलने की कोशिश की जा रही थी। कांवड़ यात्रा निकालने में बाधा डाली जा रही थी। कृष्ण जन्माष्टमी मनाने से रोक दिया गया था। अब यूपी बदल चुका है। शामली जनपद की गन्ने की मिठास है। शामली 10 वर्ष पहले लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ था। लोग खोजते थे कि शामली जिला कहां है, जहां इतना दहशत फैला हुआ है। पलायन होता था। सरेआम गुंडागर्दी होती थी। कोई सुरक्षित नहीं था। एक शरारत के तहत यहां की डेमोग्राफी को बदलने की साजिशें हो रही थीं। विकास कार्य ठप पड़ा हुआ था। नौजवान हतास और निराश था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर था। बहन बेटियां घर से बाहर निकलने से डरती थीं। उद्योग धंधे चौपट हो गए थे। आवागमन के मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुके थे। बिजली नहीं आती थी। आज जब कैराना और शामली को देखता हूं तो अंतःकरण में खुशी होती है। जैसे प्रयागराज की धरती मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के लिए जाना जाता था। ऐसे ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हमारा शामली और अब दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे, शामली अंबाला एक्सप्रेसवे और गोरखपुर शामली एक्सप्रेसवे का संगम बन चुका है। यही इन्फ्रास्ट्रक्चर आने वाले समय में हमारे शामली को एनसीआर के सबसे समृद्ध जनपदों में खड़ा करके रख देगा। उन्होंने लोगों से सीधा संवाद करते हुए आगे कहा कि याद करिए आज से दस वर्ष पहले बिजली के लिए तरसते थे। आज शामली अपने यहां से 400 केवीए के एक बड़े विद्युत केन्द्र के माध्यम से पश्चिम उप्र में बिजली की आपूर्ति करने का माध्यम बना हुआ है। उस समय मेडिकल की सुविधाएं नदारद थी। हमारी सरकार के पहले तीन वर्ष 2017 से 2020 के बीच ही जो प्रगति



❒ 2017 से पहले सोने वालों की सरकार थी। वह सोते रहते थे। डेमोग्राफी बदलने की कोशिश की जा रही थी। कांवड़ यात्रा निकालने में बाधा डाली जा रही थी।

### मुख्यमंत्री ने भीड़ में खड़े युवक को मंच पर बुलाया, पीठ थपथपाकर दिया आशीर्वाद


लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हाथ से बनाया गया चित्र लेकर एक युवक शामली की जनसभा में पहुंचा। वह पंडाल में खड़ा होकर यह चित्र मंच की ओर दिखा रहा था। संबोधन समाप्त होने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर जब उस पर गई तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से कहकर उस युवक को मंच पर बुलाया। वह युवक मंच पर पहुंचा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्र उन्हें भेंट किया। मुख्यमंत्री ने उससे बातचीत भी की। युवक ने मुख्यमंत्री का पैर छुआ तो उन्होंने आशीर्वाद देते हुए उसकी पीठ भी थपथपाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम से पहले कैराना में बन रहे निर्माणाधीन पीएसी परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली, फिर प्रशासनिक अधिकारियों व निर्माणाधीन एजेंसी को समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

## स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए बनेगी अमृतधारा : मोहन यादव

एजेंसी

भोपाल । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विंध्य क्षेत्र हर प्रकार के संसाधनों से समृद्ध है। हालांकि कुछ स्थानों पर पानी की कमी की चुनौती सामने आती है। लेकिन अब देश की सबसे बड़ी लगभग 12 किलोमीटर लंबी बन रही जल सुरंग स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए अमृतधारा बनेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कटनी जिले के स्लीमनाबाद टनल के अवलोकन के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से चित्रकूट क्षेत्र और विंध्य की वैली के पांच जिलों कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना के कुल ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। लोगों के लिए पेयजल की समस्या का समाधान होगा। कई स्थानों पर इसमें बिजली भी बनाई जाएगी। यह परियोजना राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के संकल्प की पूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से टनल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना के लिए 1600 करोड़ रुपए की राशि में केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ की राशि प्रदान की। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बलबूते आज यह चुनौतीपूर्ण टनल परियोजना पूरी होने की ओर बढ़ रही है। किसानों और क्षेत्र के व्यापारियों के लिए यह टनल एक वरदान की तरह है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में केस स्टडी सिद्ध होगी। भीषण भूकंप आने पर भी टनल 100 साल तक



❒ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्लीमनाबाद में जल सुरंग टनल का किया निरीक्षण

# इटावा का सुमेर सिंह किला बनेगा ईको-टूरिज्म का आकर्षण

❒ 1.44 करोड़ रुपए की परियोजना से मिलेगा नया स्वरूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । इटावा के सुमेर सिंह किला क्षेत्र को आकर्षक ईको-टूरिज्म के रूप में विकसित कर इसकी सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम दिया जाएगा। करीब 1.44 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के लिए 1.08 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा प्रकृति के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि 'परियोजना के तहत 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रीन पेवर ब्लॉक का निर्माण, वेल डेवलपमेंट तथा बैठने के स्थानों के आसपास सघन पौधरोपण कराया जाएगा। इससे परिसर का प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ेगा और वर्षा जल के बेहतर संरक्षण के साथ पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्रभाग की मजबूत दीवार और आकर्षक रेलिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त फूड कोर्ट विकसित किए जाएंगे, जहां पर्यटक स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेते हुए प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठा सकेंगे।'

## इतिहास और आधुनिक पर्यटन का होगा संगम

परिसर में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं हेतु अन्य कार्य किए जाएंगे। स्टोन साइनेज तथा थीम आधारित बेंच भी स्थापित की जाएंगी, जिससे पर्यटकों को स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकेगी। स्थानीय विरासत और संस्कृति को जीवंत बनाने के लिए थीम पेंटिंग वॉल विकसित की जाएगी, जबकि भव्य प्रवेश द्वार पूरे परिसर को एक नई पहचान देगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एफआरपी बायो-डाइजेस्टर लगाए जाएंगे, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन वैज्ञानिक और स्वच्छ तरीके से किया जा सकेगा। वहीं सोलर लाइटों की स्थापना से ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और रात्रि के समय भी परिसर सुरक्षित एवं प्रकाशमान रहेगा। इन सभी कार्यों के पूरा होने के बाद सुमेर सिंह किला क्षेत्र इतिहास, प्रकृति और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का उत्कृष्ट संगम बनकर उभरेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल पर्यटन स्थलों का विकास करना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और संरक्षित रखना भी है। हमारी कोशिश है कि इन धरोहरों का मूल स्वरूप अक्षुण्ण रहे और उनका विकास पर्यावरण के अनुकूल तरीके से हो। सुमेर सिंह किला परियोजना इसी सोच का उदाहरण है, जहां हरित विकास और आधुनिक सुविधाओं का संतुलित समावेश किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और इटावा की पर्यटन पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी।'

श्री सिंह ने बताया कि 'परियोजना तेजी से अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि वेस्ट फ़ेंसिंग बैंक्वेट हॉल, अत्याधुनिक पाथवे तथा रेस्टोरेंट ब्लॉक-1 का निर्माण कार्य भी लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इन सुविधाओं के शुरू होते ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक ही परिसर में बेहतर आतिथ्य, सुगम आवागमन और गुणवत्तापूर्ण खानपान जैसी आधुनिक सुविधाओं का समग्र अनुभव मिलेगा।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने व सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

16 जुलाई को थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर एक युवती ने थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बाडूजई प्रथम में लाल इमली चैराहा निवासी अरबाज पुत्र अकरम अली पर आरोप लगाया कि अरबाज ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और उसने जब शारीरिक संबंध बनाने से इंकार कर दिया, तो अरबाज ने उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अरबाज पुत्र अकरम अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और तत्काल कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अरबाज पुत्र अकरम अली को शहबाजनगर रोड पर निर्माणाधीन पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त अरबाज के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार के साथ हेड कांस्टेबल शहनबाज आलम मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में माय भारत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सम्मेलन




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग द्वारा माय भारत के माध्यम से शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'माई भारत' राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 1500 से अधिक माय भारत युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, स्वयंसेवा की भावना तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना और उन्हें कर्तव्य भाव, सेवा एवं 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ विकसित भारत अ2047 के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। माय भारत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि युवाओं को कर्तव्य भाव, सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ विकसित भारत अ2047 के निर्माण का नेतृत्व करने के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के अगले 25 वर्ष युवाओं के हैं। श्री मांडविया ने कहा की विकसित भारत को हम देखेंगे, लेकिन विकसित भारत में आप जीवन जिएंगे, इसलिए विकसित भारत का निर्माण करना आपका कर्तव्य है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो देश की सबसे बड़ी शक्ति है। डॉ. मांडविया ने माय भारत पोर्टल (mybharat.gov.in) को युवाओं के लिए 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' बताते हुए कहा कि यह मंच युवाओं को स्वयंसेवा, रोजगार के अवसर, अनुभवात्मक शिक्षण, सामुदायिक सेवा तथा नवाचार से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) के दौरान युवाओं द्वारा दिए गए अनेक सुझावों को केंद्रीय बजट 2026 में भी स्थान मिला है। उन्होंने प्रत्येक माय भारत युवा स्वयंसेवक से अगले तीन महीनों में कम-से-कम 300 युवाओं को माय भारत मंच से जोड़ने तथा 100 सक्रिय युवा क्लबों का पंजीकरण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा क्लब सेवा, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों से 'नशा मुक्त युवा – विकसित भारत' अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने तथा नशे से प्रभावित परिवारों की वास्तविक कहानियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव सुहास एल.वाई., माय भारत की मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला तथा माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## साइकिल ट्रैक पर कब्जा, बैरिकेडिंग से राहगीरों का रास्ता बंद



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कानपुर रोड स्थित कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास विजयनगर मोड़ पर साइकिल ट्रैक और पैदल मार्ग पर अवरोध खड़े होने से राहगीरों और साइकिल चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जिस साइकिल ट्रैक का निर्माण सुरक्षित आवागमन के उद्देश्य से किया गया था, वह कई स्थानों पर अतिक्रमण और अवरोधों की वजह से अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई दुकानदारों ने साइकिल ट्रैक के किनारे अपना सामान फैला रखा है, जबकि कुछ स्थानों पर वाहन इस प्रकार खड़े किए जाते हैं कि मार्ग संकरा हो जाता है। कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के निकट विजयनगर मोड़ पर मां लक्ष्मी भोग के पास बैरिकेडिंग लगाए जाने से भी पैदल आवागमन प्रभावित हो रहा है। मौके पर ली गई तस्वीर में साइकिल ट्रैक पर बैरिकेडिंग लगी हुई दिखाई दे रही है, जिससे राहगीरों को रास्ता बदलकर मुख्य सड़क की ओर जाना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। लोगों का यह भी आरोप है कि इस स्थान पर अक्सर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी रहती है, इसके बावजूद साइकिल ट्रैक और पैदल मार्ग पर हो रहे अवरोधों को हटाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है की यदि नगर निगम, यातायात पुलिस और संबंधित विभाग इस साइकिल ट्रैक को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए इसे आम लोगों के सुरक्षित उपयोग के लिए उपलब्ध करा दे तो आमजन को बहुत राहत होगी।

## बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा की रोकथाम के लिए सघन टिकट जांच अभियान




**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के विभिन्न रेलखंडों पर बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा की रोकथाम के लिए सघन टिकट जांच अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 जुलाई 2026 को मऊ-इन्दारा रेलखंड पर गाड़ी संख्या 65107 भटनी-वाराणसी सिटी, 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस, 14006 आनंद विहार-सीतामढ़ी एक्सप्रेस सहित अन्य मेल एवं सवारी गाड़ियों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त इन्दारा-दोहरीघाट रेलखंड पर किमी 7/2 के समीप गाड़ी संख्या 65121 दोहरीघाट-वाराणसी सिटी सवारी गाड़ी में भी विशेष जांच की गई। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, मऊ अखिलेश सिंह एवं मुख्य टिकट निरीक्षक श्री राम प्रभाव यादव के नेतृत्व में आयोजित इस संयुक्त अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक श्री राम प्रवेश यादव सहित रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के कुल 11 सुरक्षा कर्मियों तथा वाराणसी रेड टीम एवं आईसीपी, मऊ के 11 टिकट जांच कर्मचारियों ने भाग लिया। टिकट जांच अभियान के दौरान 83 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे ?48,035 अड़तालीस हजार पैंतीस रुपये रेल राजस्व के रूप में वसूल किए गए। जांच अभियान के दौरान संबंधित स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रा टिकट लेने के लिए यात्रियों की लंबी कतारें भी देखने को मिलीं, जो यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने यात्रियों से अपील की कि वे सदैव वैध यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे नियमों का पालन करें तथा ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसान सांसद राजीव राय से मिले, बतायी अपनी पीड़ा

**मऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के जनपद मऊ में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की प्रस्तावित आवासीय योजना के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को घोसी के सांसद राजीव राय ने प्रभावित किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की सहमति के बिना उनकी जमीन का अधिग्रहण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। सांसद राजीव राय ने आरोप लगाया कि सरकार आवास विकास के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन कम कीमत पर अधिग्रहित कर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं और अब किसानों की खेती की जमीन भी छीनी जा रही है। बैठक के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि उन पर कम कीमत पर जमीन की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि बाद में मुआवजा बढ़ाने का आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि उनकी उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण व्यावसायिक उद्देश्य से किया जा रहा है। किसानों ने इस प्रक्रिया का लगातार विरोध जारी रखने का संकल्प दोहराया। राजीव राय ने अंत में कहा कि किसान अकेले नहीं हैं। समाजवादी पार्टी तन, मन और धन से उनके साथ खड़ी है और किसानों के अधिकारों की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी।

# विकसित भारत की मजबूत नींव, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सशक्त और संस्कारवान नागरिक: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत अर्थव्यवस्था, अत्याधुनिक तकनीक, डिजिटल क्रांति और नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के इस संकल्प को स्थायी और सशक्त बनाने के लिए देश के नागरिकों, विशेषकर नई पीढ़ी, को संस्कारवान, सक्षम, स्वस्थ और राष्ट्रप्रथम सोच से युक्त बनाना भी उतना ही आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि बच्चों में ईमानदारी, अनुशासन, करुणा, राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यबोध और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों का विकास करना केवल माता-पिता या विद्यालयों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। मूल्य आधारित शिक्षा किसी भी समाज का सबसे बड़ा निवेश है, क्योंकि आधुनिक विकास और मजबूत चरित्र एक-दूसरे के पूरक हैं। इतिहास का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाले भारत पर करीब डेढ़ लाख ब्रिटिश अधिकारी और सैनिक लगभग 200 वर्षों तक शासन कर सके। उन्होंने कहा कि इसके पीछे केवल उनकी सामरिक शक्ति ही नहीं, बल्कि हमारी आंतरिक विभाजन की स्थिति, एकता की कमी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि न रख पाना भी महत्वपूर्ण कारण रहे। इतिहास का यह अध्याय हमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रप्रथम सोच के महत्व की सीख देता है। डॉ. सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी को मूल्य ज्ञान, तकनीक, फिटनेस का मजबूत आधार देना समय की आवश्यकता है।

# एलडीए की योजनाओं में आवेदन करना हुआ आसान

❒ एलडीए की योजनाओं में आवेदन करना हुआ आसान

❒ अब पंजीकरण राशि के लिए भी मिलेगा बैंक लोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । एलडीए की आवासीय और व्यावसायिक योजनाओं में भूखंड, भवन, फ्लैट और दुकानों के लिए आवेदन करना अब पहले से अधिक आसान होगा। प्राधिकरण ने पंजीकरण धनराशि के लिए भी बैंक ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू की है। इसके लिए एलडीए ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ समझौता एमओयू किया है। नई व्यवस्था से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी, जो एकमुश्त पंजीकरण राशि जमा करने में असमर्थ होने के कारण योजनाओं में हिस्सा नहीं ले पाते थे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अभी तक बैंक केवल संपत्ति आवंटित होने के बाद आवंटन पत्र के आधार पर ऋण उपलब्ध कराते थे, जबकि पंजीकरण राशि के लिए किसी प्रकार का ऋण नहीं मिलता था। इससे कई इच्छुक आवेदक आर्थिक कारणों से आवेदन नहीं कर पाते थे। अब बैंक की मदद से पंजीकरण राशि का भी प्रबंध किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना में सामान्य वर्ग के आवेदकों को फ्लैट की अनुमानित कीमत का पांच प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के आवेदकों को 2.5 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क जमा करना होता है। वहीं ई-ऑक्शन के तहत आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंड, भवन और दुकानों के लिए संपत्ति मूल्य का 10 प्रतिशत ईएमडी जमा करनी पड़ती है। लॉटरी आधारित योजनाओं में भी पंजीकरण धनराशि जमा करना अनिवार्य है। एलडीए के वित्त नियंत्रक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यदि आवेदक को भूखंड या भवन आवंटित हो जाता है तो शेष राशि के लिए बैंक ऋण लेने की प्रक्रिया भी सरल होगी। पहले से उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर ऋण प्रक्रिया पूरी होने से दोबारा विस्तृत कागजी औपचारिकताएं नहीं करनी पड़ेंगी, जिससे समय की बचत होगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी आवेदक को संपत्ति का आवंटन नहीं हो पाता है तो एलडीए पंजीकरण धनराशि सीधे पंजाब नेशनल बैंक को वापस करेगा। इससे धनवापसी की प्रक्रिया पारदर्शी और सरल होगी तथा आवेदकों के हित भी सुरक्षित रहेंगे।

# ठाकुरगंज के पक्का बाग में बांगर सीमेंट का जागरूकता अभियान

❒ निर्माणकर्ताओं को गुणवत्ता और उच्च निर्माण पद्धति की विद्युत जानकारी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ठाकुरगंज , लखनऊ । पक्का बाग के बेबीयन रिजॉर्ट में बांगर सीमेंट की ओर से जागरूकता अभियान में उच्च निर्माण पद्धतियों की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुबग्गा, ठाकुरगंज, पारा सहित आसपास के क्षेत्रों के निर्माणकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों द्वारा उत्पाद की गुणवत्ता, तकनीकी विशेषताओं, बाजार की संभावनाओं और ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में बांगर सीमेंट के स्टेट हेड कीर्ति शर्मा, रीजनल हेड मोहम्मद सैफ, सेल्स प्रमोटर सौरभ अग्रवाल तथा टेक्निकल टेरिटरी ऑफिसर पार्थ तिवारी ने उपस्थित होकर संबोधित किया। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों तक गुणवत्तापूर्ण सीमेंट पहुंचाने के साथ-साथ डीलरों को नवीनतम तकनीकी जानकारी और बेहतर व्यापारिक सहयोग उपलब्ध कराना है। बैठक के दौरान सीमेंट की गुणवत्ता, मजबूती, निर्माण कार्यों में इसके उपयोग तथा बाजार में बढ़ती मांग पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मौजूद उद्योग से जुड़े जानकारों ने बताया कि बांगर सीमेंट देश की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि कंपनी का उत्पादन नेटवर्क लगातार विस्तार कर रहा है और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। साथ ही यह भी बताया गया कि किफायती लागत और गुणवत्ता के कारण बांगर सीमेंट निर्माण क्षेत्र में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। अंत में कंपनी के अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिलाया।

## विद्युत उपकेन्द्र के जेई पर प्राणघातक हमले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के विद्युत उपकेन्द्र सेमरौता के अवर अभियंता समेत अन्य कर्मचारियों से दिनदहाड़े मारपीट और सरकारी दस्तावेजों को क्षतिग्रस्त करने के मामले में तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा नामजद आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है लेकिन वह फरार है। थाना क्षेत्र के कस्बा सेमरौता स्थित विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता अरविंद त्रिपाठी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि गुरुवार को करीब पौने पांच बजे गांव खेखरुआ के तीन युवक उपकेन्द्र पर पहुंचकर मीटर रीडर शोभनाथ पर अचानक से हमला कर दिया उसके उपरान्त अन्य संविदा कर्मियों को पीटते हुये सरकारी दस्तावेज लागसीट को फाड़ दिया एवं एसएसओ राकेश चौरसिया को कन्ट्रोल रूम में बंद कर दिया और अवर अभियंता के कार्यालय में आकर अचानक से हमला कर घायल कर दिया जिससे नाक व मुंह पर चोटें आई है और नाक व मुंह से खून आ गया एवं कार्यालय में रखा डेस्कटाप भी टूट गया। विद्युत उपकेन्द्र सेमरौता में काफी देर तक चले इस ताण्डव से विद्युत कर्मी काफी डरे सहमे रहे और कई विद्युत कर्मी केन्द्र छोड़कर भाग खड़े हुये। विद्युत उपकेन्द्र में मारपीट के चलते गुरुवार को देर रात तक आपूर्ति भी बाधित रही। अवर अभियंता अरविंद त्रिपाठी ने एसडीओ समेत अन्य कर्मचारियों के साथ थाना पहुंचकर लिखित तहरीर पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये अवर अभियंता अरविंद त्रिपाठी की तहरीर पर विजय प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह एवं मृगेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम खेखरुआ के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में अभियोग दर्जकर लिया है।

## चोरी की सामग्री के साथ उन्नाव जनपद का शातिर बदमाश गिरफ्तार

तिलोई अमेठी। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व किराना की दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के पांच हजार दो सौ रुपये व किराना के सामान के साथ एक अन्तर्जनपदीय बदमाश को गिरफ्तार करते हुये घटना में प्रयुक्त कार बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु अभियान चलाये जा रहे है।


**हेतु संदर्शित करने की सूचना**

(साधारण प्रारुप)

न्यायालय श्रीमान् अपर आयुक्त महोदय देवीपाटन मण्डल, गोण्डा

वाद संख्या–

C201508000000397

सूरजलाल प्रति रामनेवास आदि

तारीख पेशी– 28.07.2026

1. विजयपाल, 2. गरीबलाल पुत्रगण रामनेवास, 3. जशमती पुत्री रामनेवास निवासीगण ग्राम चपरहिया, पर0 व तह0 उतरौला, जिला बलरामपुर, 4. मेवालाल 5. राम महेश, 6. रक्षाराम पुत्रगण जगप्रसाद निवासीगण ग्राम मधपुर, पर0 व तह0 उतरौला, जिला बलरामपुर, 7. शब्बीर हसन पुत्र अब्दुल रसीद निवासी ग्राम मोटेडीह, मशमूले ईटईरामपुर, पर0 व तह0 उतरौला, जिला बलरामपुर।

चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है कि अतः एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 28.07.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह स्वयं और सम्यक को अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 16.07.2026 को निकाली गयी। –न्यायालय


# ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली दवाओं का बड़ा खेल बेनकाब, 2,157 बोतलें बरामद

❒ पुलिस और औषधि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक गिरफ्तार

❒ दो आरोपी फरार अमीनाबाद सप्लाई से पहले पकड़ी गई बड़ी खेप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । राजधानी में नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर बख्शी का तालाब पुलिस और औषधि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर तैयार की गई 2,157 बोतल संदिग्ध नकली दवाओं की खेप बरामद की है। संयुक्त टीम ने किसान पथ स्थित मामपुर खड़ंजा मार्ग पर एक ओमनी वैन से यह खेप पकड़ी। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।प्रदेशभर में नकली और अधोमानक दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मिली गोपनीय सूचना पर बीकेटी पुलिस ने संदिग्ध ओमनी वैन को रोककर तलाशी ली। वाहन में भारी मात्रा में दवाएं मिलीं, लेकिन चालक इनके परिवहन से संबंधित कोई वैध औषधि लाइसेंस, बिल या वाउचर प्रस्तुत नहीं कर सका। सूचना पर मौके पर पहुंचे औषधि विभाग के अधिकारियों ने दवाओं की गहन जांच की। जांच के दौरान रुबीरेड 200 एमएल की 246 बोतल, अल्कासोल शुगर फ्री 100 एमएल की 1,063 बोतल तथा म्यूकेन जेल 200 एमएल की 848 बोतल, कुल 2,157 बोतलें बरामद हुईं। बारिश के कारण सभी दवाओं को 13 प्लास्टिक की बोरियों में सील कर सुरक्षित रखा गया। प्रारंभिक परीक्षण में अल्कासोल शुगर फ्री के लेबल, कैप, प्रिंटिंग, लोगो और अन्य सुरक्षा फीचर्स असली उत्पाद से अलग पाए गए, जिसके आधार पर इसे नकली घोषित किया गया। वहीं म्यूकेन जेल के लेबल में भी गंभीर खामियां मिलीं, जिससे उसके भी नकली होने की पुष्टि के संकेत मिले। अन्य दवाओं के नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र सिंह निवासी बाजार गांव पकरा, थाना माल ने पुलिस को बताया कि बरामद दवाएं राज विक्रम सिंह निवासी रायपुर बाबू, थाना महिगवां तथा विनीत सिंह की हैं। वह उनके कहने पर नकली दवाओं की खेप अमीनाबाद पहुंचाने जा रहा था। आरोपी के बयान के आधार पर पुलिस पूरे गिरोह की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं औषधि विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि नकली दवाओं का निर्माण कहां किया जा रहा था और प्रदेश के किन-किन जिलों में इनकी आपूर्ति की जा चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी जल्द कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य के साथ हो रहा था बड़ा खिलवाड़

नकली दवाओं का कारोबार केवल आर्थिक अपराध नहीं बल्कि लोगों के जीवन से सीधा खिलवाड़ है।इंदौराबाग सीएचसी अधीक्षक डॉ.जेपी सिंह के अनुसार ऐसी दवाओं के सेवन से मरीजों की बीमारी बढ़ सकती है, उपचार विफल हो सकता है और गंभीर मामलों में जान का खतरा भी पैदा हो सकता है। वहीं बीकेटी पुलिस और औषधि विभाग की यह कार्रवाई नकली दवाओं के संगठित नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस गिरोह की सप्लाई चेन कितनी लंबी है और प्रदेश के किन-किन क्षेत्रों में ऐसी दवाएं पहुंचाई जा रही थीं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.07.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.07.2026 at 11:30 hrs |
| नीलामी की प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2463/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# श्रद्धा और भक्ति के साथ निकली भगवान श्री जगन्नाथ की 8वीं भव्य रथयात्रा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने की आरती, खींचा रथ

❒ दिव्य मुख्य रथ पर भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा महारानी एवं बलदेव महाराज विराजमान थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) ने भगवान श्री जगन्नाथ की 8वीं भव्य रथयात्रा महा महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया। मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में राजधानी सहित आसपास के जनपदों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव महाराज एवं सुभद्रा महारानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

देशी एवं विदेशी पुष्पों से सुसज्जित दिव्य मुख्य रथ पर भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा महारानी एवं बलदेव महाराज विराजमान थे। वहीं तीन अन्य रथों पर राम दरबार, राधा-कृष्ण तथा इस्कॉन के संस्थापकाचार्य श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की भव्य झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

महोत्सव का शुभारंभ प्रातः हरिनाम संकीर्तन से हुआ। अपराह्न में परम पूज्य भक्ति पद्म सौरभ प्रचारक स्वामी महाराज ने प्रवचन एवं श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान के नाम-स्मरण एवं भक्ति का महत्व बताया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ महाप्रसाद ग्रहण किया, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ आइसक्रीम, शिकंजी एवं छाछ का वितरण भी किया गया।

सायं चार बजे भगवान की आरती के बाद रथयात्रा प्रारंभ हुई। पूरे मार्ग में ''हरे कृष्ण, हरे राम'' के संकीर्तन, मृदंग और झांझ की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा आरती एवं जलपान सेवा का आयोजन किया। भक्तों का चंदन तिलक, गुलाब जल एवं इत्र से अभिनंदन किया गया।

प्रभुपाद यूथ आर्मी (पी.वाई.ए.) के स्वयंसेवकों ने रथ मार्ग की सफाई कर सेवा भाव का परिचय दिया तथा आकर्षक रंगोलियों से मार्ग को सजाया। रवीन्द्रालय ऑडिटोरियम में इस्कॉन गर्ल्स फोरम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्तिमय नृत्य एवं भगवान श्री जगन्नाथ की लीलाओं का नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। मुकुंदा रॉक बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

छप्पन भोग परंपरा के अंतर्गत 256 प्रकार के व्यंजनों का भोग भगवान श्री जगन्नाथ को अर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता तथा श्रील प्रभुपाद द्वारा रचित 90 से अधिक धार्मिक ग्रंथों का भी व्यापक वितरण किया गया। भक्ति, संकीर्तन, पुष्प वर्षा और जयघोष के बीच निकली यह दिव्य रथयात्रा हजरतगंज स्थित डीएम आवास के समीप जहाँगीराबाद पैलेस पहुंचकर संपन्न हुई। समापन के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के दिव्य महाप्रसाद का प्रसाद ग्रहण किया।

रथयात्रा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ की विधिवत आरती कर रथ खींचा।

# कुत्तों के हमले में तलाब फंसे चीतल की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । राजधानी के माल क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले में एक चीतल की जान चली गयी । बाजारगांव में शुक्रवार सुबह डॉ. भीमराव आंबेडकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट स्थित छोटे तालाब में एक चीतल फंस गया। तालाब में फंसे चीतल पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया और उसे नोचने लगे। कुत्तों के हमले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद चीतल को बाहर निकाला। जबकि , कुत्तों के हमले से गंभीर चोटों के कारण चीतल की हालत अत्यंत नाजुक थी। ग्रामीणों द्वारा बचाए जाने के कुछ ही देर बाद उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना से क्षेत्र के लोगों में दुख का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे वन्यजीवों के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान की मांग की है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि कई बार फोन करने के उपरांत क्षेत्र के वन रक्षक जयराम यादव पहुंचे । पहुंचने के उपरांत डाक्टर से पी एम कराया गया । इतना कुछ होने के उपरांत भी उक्त वन रक्षक द्वारा फोन पर जब संवाददाता द्वारा जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मुझे किसी प्रकार की जानकारी नहीं है मैं तो लखनऊ में हूं ।

इस संबंध में जब रेंजर आलोक तिवारी से फोन के माध्यम से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि जानकारी हुई इसमें जो दोसी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

# कठवारा पीएचसी खुद 'बीमार' टपकती छत के नीचे हो रहा इलाज

❒ वायरल वीडियो से खुली स्वास्थ्य विभाग की पोल बरसात में वार्ड और ओपीडी में भरा पानी

❒ सीएचसी अधीक्षक कई बार लिख चुके हैं पत्र,पीएचसी से सीएचसी बनाने की मांग फिर तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावों के बीच बख्शी का तालाब क्षेत्र स्थित कठवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की बदहाल तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सवालों के घेरे में आ गया है। बरसात के दौरान जर्जर भवन की छत से पानी टपकने और अस्पताल के कमरों में बारिश का पानी भर जाने से मरीजों का इलाज मुश्किल हालात में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अस्पताल की छत से लगातार पानी टपकता दिखाई दे रहा है। कई कमरों और बरामदों में पानी भर गया है, जिससे मरीजों, तीमारदारों और स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मरीजों का आरोप है कि इलाज से पहले उन्हें अस्पताल की बदहाली का सामना करना पड़ता है।

ीएचसी अधीक्षक डॉ.जेपी. सिंह ने बताया कि भवन वर्षों पुराना और जर्जर हो चुका है। इसकी मरम्मत और नए भवन के निर्माण के लिए कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बरसात में हर साल यही स्थिति बन जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कठवारा पीएचसी पर बड़ी आबादी निर्भर है, लेकिन यहां सुविधाएं लगातार बदहाल होती जा रही हैं। दोपहर बाद अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हो जाती हैं और रात में आपातकालीन इलाज की सुविधा न होने से मरीजों को कई किलोमीटर दूर अन्य अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। इसी कारण लंबे समय से इस पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उच्चीकृत करने की मांग की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने अस्पताल की दुर्दशा की जानकारी देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला को भी पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर इमारत मरीजों और कर्मचारियों के लिए खतरा बन चुकी है।बारिश के बीच वायरल हुई इन तस्वीरों ने स्वास्थ्य विभाग के दावों की हकीकत सामने ला दी है। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल पत्राचार तक सीमित रहते हैं या फिर मरीजों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कोई ठोस निर्णय भी लेते हैं।

# सीनियर राष्ट्रीय डाइविंग चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे का शानदार प्रदर्शन

❒ महिला टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मंडल में कार्यरत हिमांशु तिवारी, कार्यालय अधीक्षक (कार्मिक) ने लगातार दूसरे वर्ष भारतीय रेलवे एक्वाटिक टीम (रेलवे जलीय क्रीड़ा) के कोच के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सफल निर्वहन किया।

07 से 09 जुलाई, 2026 तक चेन्नई में आयोजित 79वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक (डाइविंग) चैंपियनशिप-2026 में भारतीय रेलवे डाइविंग टीम ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक कुल पदक (Highest Aggregate Medal Tally) अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की महिला डाइविंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन (Overall Winners) का खिताब अपने नाम किया, जबकि पुरुष डाइविंग टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर



ओवरऑल रनर्स-अप (Overall Runners-up) का स्थान प्राप्त किया।

भारतीय रेलवे की इस ऐतिहासिक उपलब्धि में टीम के कोच हिमांशु तिवारी के कुशल मार्गदर्शन, तकनीकी दक्षता एवं खिलाड़ियों के सतत प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लगातार दूसरे वर्ष भारतीय रेलवे टीम के कोच के रूप में उनकी नियुक्ति तथा उनके नेतृत्व में टीम द्वारा प्राप्त यह उपलब्धि उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के लिए गौरव का विषय है। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने हिमांशु तिवारी तथा भारतीय रेलवे डाइविंग टीम के सभी खिलाड़ियों को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## बच्चों के विवाद के बाद दो पक्षों में लाठी-डंडे व लोहे की रॉड चलीं, सात घायल

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिंगवां थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में गुरुवार रात बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों, लोहे की रॉड, ईंट व गुम्मों से जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।एक पक्ष के रामगोपाल का आरोप है कि वह खेत से काम करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड, लाठी-डंडों, ईंट व गुम्मों से हमला कर दिया। मारपीट में उनकी पत्नी निर्मला, पुत्र जयदीप और अखिलेश भी घायल हो गए।वहीं दूसरे पक्ष के मोहित और श्याम बिहारी ने आरोप लगाया कि उन पर भी लाठी-डंडों से हमला किया गया। इस पक्ष के श्याम बिहारी, मोहित समेत तीन लोग घायल हुए हैं महिंगवां थाना प्रभारी राधेश्याम मौर्य ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। एक पक्ष के घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, जबकि दूसरे पक्ष के लोग अभी मेडिकल कराने नहीं पहुंचे हैं। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ में 'बरेली के बच्चन' की स्टारकास्ट ने मनाया शादी के रिसेप्शन का जश्न, यूपी की संस्कृति से जुड़ाव बताया शो की सबसे बड़ी ताकत




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलर्स के लोकप्रिय पारिवारिक कॉमेडी शो 'बरेली के बच्चन' की स्टारकास्ट ने लखनऊ में एक विशेष शादी के रिसेप्शन थीम कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान कलाकारों ने दर्शकों से मुलाकात की और शो को मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में अभिनेता प्रविष्ट मिश्रा, रमनीक कटारिया, अंश मनुजा और सचिन जीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शो की मौजूदा कहानी की भी झलक दिखाई गई। कहानी में कृष्णा अपने दोस्त संगम को परिस्थितियोंवश परिवार की बहू बनाकर घर ले आता है। हालांकि दोनों जानते हैं कि यह रिश्ता केवल दिखावा है, लेकिन संगम के पिता नवविवाहित जोड़े के लिए भव्य रिसेप्शन आयोजित करने की जिद कर देते हैं। ऐसे में बच्चन परिवार के सामने इस झूठे रिश्ते को समाज के सामने निभाने की चुनौती खड़ी हो जाती है, जिससे कई हास्यपूर्ण और भावनात्मक घटनाएं जन्म लेती हैं। रमनीक कटारिया ने कहा कि संगम का किरदार एक नए परिवार के साथ जुड़ने की यात्रा को दर्शाता है, जिसमें हास्य के साथ रिश्तों की गर्माहट भी देखने को मिलेगी। वहीं अंश मनुजा ने बताया कि उनका किरदार सतलुज परिवार का बेबाक सदस्य है, जिसकी कृष्णा के साथ नोकझोंक दर्शकों को पसंद आ रही है। लखनऊ निवासी सचिन जीत सिंह ने कहा कि अपने शहर में शो को मिल रहा प्यार उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि उनका किरदार 'माही' आज की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है, जो सोशल मीडिया से जुड़ा है और अपनी बात बेबाकी से रखता है। गौरतलब है कि 'बरेली के बच्चन' का प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे कलर्स चैनल और जियोहॉटस्टार पर किया जाता है।

## गौतम बिरादरी की बेटी की सफलता पर गर्व सपा नेता रोमेश कुमार गौतम ने घर पहुँचकर बढ़ाया उत्साह



**काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मेहनत लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर मलिहाबाद की होनहार बेटी आराध्या भारती ने देश की प्रतिष्ठित गक्क्टु परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार, पूरे मलिहाबाद क्षेत्र और गौतम बिरादरी का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। और लोगों में गर्व की भावना देखने को मिल रही है।आराध्या भारती की सफलता पर समाजवादी पार्टी के नेता रोमेश कुमार गौतम बहुजन समाज पार्टी, मलिहाबाद विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री शत्रोहन भारती के आवास पहुँचे। उन्होंने आराध्या को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ये सफलता केवल एक छात्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र के लिए विषय है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में गक्क्टु जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना असाधारण उपलब्धि है। आराध्या ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर ये मुकाम हासिल किया है। उनकी ये सफलता उन हजारों विद्यार्थियों के लिए बनेगी जो अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं। और समाज का गौरव बढ़ा रही हैं। आराध्या भारती ने ये साबित कर दिया है। कि मेहनत और लगन के सामने कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। रोमेश कुमार गौतम आराध्या के माता-पिता को भी बधाई देते हुए कहा कि उनके संस्कार, सहयोग और मार्गदर्शन का ही परिणाम है। कि उनकी बेटी ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी आराध्या भारती को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगी तथा आने वाली पीढ़ी भी आगे बढ़ेगी।

## माता चतुर्भुजी के दरबार में भाजपा प्रदेश महामंत्री ने माथा टेका

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा ने गोसाईगंज पहुंच कर माता चतुर्भुजी देवी के दरबार में माथा टेका। उन्होंने मां के भंडारे में कन्याओं को प्रसाद परोसा और खुद भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गोसाईगंज स्थित माता चतुर्भुजी देवी के भंडारे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने माता रानी के दरबार में माता टेका और सभी के मंगल की कामना की। मां के दरबार में पहुंचे अभिजात मिश्रा का गोसाईगंज चेयरमैन निखिल मिश्रा, पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता और मशहूर कवि कमल आग्नेय ने मां चतुर्भुजी देवी तथा राधा कृष्ण का चित्र और चुनरी भेंट कर स्वागत किया। मां के हवन पूजन और गुणगान में शामिल होने के साथ ही भाजपा नेता ने भंडारे में पहुंचकर कन्यभोज में प्रसाद परोसा और तमाम श्रद्धालुओं के साथ खुद भी प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के बाद अभिजात मिश्रा पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता के आवास पर पहुंचे जहां वरिष्ठ नेता प्रेमचंद गुप्ता सहित कई लोगों ने उनका स्वागत किया। चेयरमैन निखिल मिश्रा तथा अरविंद गुप्ता से उन्होंने कई बिंदुओं पर चर्चा की।

# नगर विकास मंत्री ने विश्वास खंड व विवेक खंड में नाला निर्माण एवं सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

❒ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें, वर्षाकाल में नागरिकों को नहीं होनी चाहिए कोई असुविधाःमंत्री ए. के. शर्मा

❒ 600 मीटर लंबे नाले का 500 मीटर निर्माण पूरा, आसपास के क्षेत्र को जलभराव से मिलेगी बड़ी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के विश्वास खंड एवं विवेक खंड क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण एवं नाला सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षाकाल में नागरिकों को जलभराव अथवा जल निकासी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

नरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने विश्वास खंड में निर्माणाधीन 600 मीटर लंबे नाले का जायजा लिया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि इसमें 500 मीटर नाले का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इस नाले के पूर्ण होने के बाद विश्वास खंड सहित आसपास के क्षेत्रों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और वर्षा का पानी तेजी से निकलेगा।इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने नाला सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी निर्बाध बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वर्षाकाल के दौरान सभी संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए, जहां कहीं भी जल निकासी में बाधा हो उसे तत्काल दूर किया जाए तथा जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नगर विकास विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने निर्माणाधीन शक्ति उपवन का भी निरीक्षण किया।उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि शक्ति उपवन में वृहद वृक्षारोपण कराते हुए डिस्प्ले लगाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाए।भ्रमण के दौरान मेयर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार एवं अपर नगर आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवा व्यापारियों की भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगाः अमरनाथ मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ व्यापार मण्डल इकाई कपूरथला युवा लखनऊ व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र रहे। विशिष्ट अतिथियों में पवन मनोचा (ट्रांसगोमती अध्यक्ष), देवेन्द्र गुप्ता (वरिष्ठ महामंत्री), जितेन्द्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुहैल हैदर अल्वी, महामंत्री मनीष गुप्ता, सोमेश मिश्र , मुसब्बिर अली उर्फ मंशू, महामंत्री (जिला प्रभार) अरविन्द पाठक सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्र ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में युवा अध्यक्ष पंकज मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री जय भगवान अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरविन्द महेश्वरी, मनोज श्रीवास्तव, सहजाद हुसैन एवं बिलाल, महामंत्री सुमित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनप्रीत सिंह, मोहम्मद सिराज, विधि सलाहकार नीरज मिश्रा, मंत्री कुनाल कन्नौजिया, मोहम्मद नफीस, मनीष चन्द्र, सचिव गगन अरोड़ा तथा कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार यादव, गोपाल अग्रवाल, जकीन अंसारी, लक्ष्मण प्रसाद, सौरभ गुप्ता, यूनुस अली, विक्रम वर्मा, थानेदार, सुरेश कुमार, सुशील तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, संतोष कुमार, विजय मिश्रा, रिंक्कू, संजय मिश्रा, अनूप बाजपेयी, कमलेश्वर सिंह एवं सत्यभान सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. संजय सोमानी को कपूरथला युवा लखनऊ व्यापार मण्डल का चेयरमैन घोषित किया गया। अपने संबोधन में अमरनाथ मिश्र ने कहा कि युवा व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा एवं नई दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, संगठन की मजबूती तथा व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं और युवा साथियों में निहित है। यदि युवा व्यापारी सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करेंगे तो व्यापारियों की हर समस्या के समाधान में संगठन अग्रणी भूमिका निभाएगा।वरिष्ठ महामंत्री जितेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि संगठन अनुशासन, पारदर्शिता और एकजुटता से आगे बढ़ता है। युवा टीम व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेगी। ट्रांसगोमती अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की आवाज़ को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।समारोह में मुख्य रूप से अजय सक्सेना, मोहम्मद शोएब विशाल चौरसिया रमेश शर्मा संजय मिश्रा विनय शुक्ला तारिक डॉ. तरुण अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, विक्रम चौरसिया, गुरजीत छाबड़ा, संजय गुप्ता कपिल अरोड़ा, हर्षदीप सिंह, पवन, मनोज सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# जल निगम के विभाजन के पांच वर्ष बाद भी परिसंपत्तियों का बंटवारा अधूरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ र्मिकों व पेंशनरों के हितों की रक्षा को ट्रस्ट गठन की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जल निगम के वर्ष 2021 में नगरीय एवं ग्रामीण निगमों में विभाजन के बावजूद अभी तक परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का अंतिम बंटवारा नहीं होने से हजारों कार्मिकों एवं पेंशनरों के समक्ष गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। इस संबंध में उच्चाधिकार प्राप्त समिति की प्रस्तावित बैठक से पूर्व संबंधित अधिकारियों को विस्तृत सुझाव एवं प्रस्ताव भेजकर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की गई है।

उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व अध्यक्ष परिसम्पत्तियों तथा दायित्व विभाजन समिति को दिए ज्ञापन में कहा है कि उत्तर प्रदेश जल सम्भरण तथा सीवर व्यवस्था अधिनियम, 1975 (यथा संशोधित 2021) की धारा-37 के अनुसार दोनों निगमों के कार्मिकों एवं पेंशनरों का समान स्तर बनाए रखने का प्रावधान है, लेकिन वर्तमान में इसका पालन नहीं हो रहा है। इससे दोनों निगमों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के वेतन, पेंशन, महंगाई भत्ता, पदोन्नति, सेवा शर्तों और सेवानिवृत्ति लाभों में व्यापक असमानताएं पैदा हो गई हैं जिसके कारण अनेक न्यायिक विवाद भी लंबित हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि नगरीय जल निगम के कर्मचारियों एवं पेंशनरों का फरवरी, मार्च और अप्रैल 2026 का वेतन एवं पेंशन बकाया है, जबकि ग्रामीण जल निगम में नियमित भुगतान हो रहा है। इसी प्रकार महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दरों में भी दोनों निगमों के बीच उल्लेखनीय अंतर बना हुआ है।

समिति के संयोजक योगेंद्र नाथ उपाध्याय ने बताया कि परिसंपत्तियों, देनदारियों, जीपीएफ, कार्यालय परिसरों, भूमि तथा अन्य वित्तीय संसाधनों के अंतिम विभाजन में देरी के कारण लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2021 तक की बैलेंस शीट भी अंतिम रूप से तैयार नहीं हो सकी है, जिससे आगामी वर्षों के वित्तीय लेखों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्री उपाध्याय ने शासन से दोनों निगमों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की सभी प्रकार की देनदारियों, बकाया वेतन, पेंशन, महंगाई भत्ता, महंगाई राहत, बोनस, एक्स-ग्रेशिया तथा सेवा निवृत्ति देयों का समेकित विवरण तैयार कर उनका शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

समिति के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाजन के समय कर्मचारियों से विकल्प लिए बिना उनका मनमाने ढंग से आवंटन किया गया, जिसके कारण पदोन्नति, सेवा शर्तों और अन्य सुविधाओं में असमानता उत्पन्न हो गई है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा है और कई मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं।

समिति ने समाधान के रूप में उच्च न्यायालय के आदेशों की भावना के अनुरूप एक वेतन एवं पेंशन ट्रस्ट गठित करने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के अनुसार इस ट्रस्ट में नगर विकास, नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधियों के साथ दोनों निगमों के अधिकारी शामिल किए जाएं। दोनों निगम अपने मासिक अर्जित राजस्व का 90 प्रतिशत इस ट्रस्ट में जमा करें, जिससे दोनों निगमों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को समान रूप से समय पर वेतन और पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

## जन्मदिन पर युवक ने फंदे से लगाई फांसी

चिनहट, लखनऊ। राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी में जन्मदिन के दिन एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने प्रेम प्रसंग और सोशल मीडिया से जुड़े पहलुओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पुलिस के मुताबिक काशीराम कॉलोनी निवासी आकाश वाल्मीकि (27) महानगर स्थित फातिमा अस्पताल के आईसीयू में हाउसकीपिंग कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। इन दिनों उसकी नाइट शिफ्ट चल रही थी। गुरुवार सुबह ड्यूटी से घर लौटने के बाद उसने परिवार के साथ समय बिताया। दोपहर में चाय पीने के बाद वह कुछ देर के लिए बाहर गया और फिर घर लौट आया। परिजनों के अनुसार उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद उसकी मां लौटकर आईं तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर आकाश दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। आनन-फानन में उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 15 वर्षों से बदहाल 400 मीटर सड़क बनी ग्रामीणों की सबसे बड़ी परेशानी

❐ इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खंड पहला क्षेत्र की ग्राम पंचायत वाजिद नगर के मजरा हड़ारमऊ के ग्रामीणों ने वर्षों से जर्जर पड़े संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि बुधई लाल के घर से मुख्य डामर सड़क तक लगभग 400 मीटर लंबा संपर्क मार्ग पिछले करीब 15 वर्षों से बदहाल स्थिति में है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग पर लगभग 20 वर्ष पूर्व खड़ंजा (पड़जा) का निर्माण कराया गया था, लेकिन समय के साथ वह पूरी तरह टूटकर जगह-जगह धंस गया है। बरसात के दिनों में सड़क पर भारी जलभराव और कीचड़ हो जाता है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है। स्कूली बच्चों को प्रतिदिन कीचड़ से होकर विद्यालय जाना पड़ता है, वहीं बुजुर्गों, महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती, जिससे गंभीर मरीजों की जान पर भी संकट मंडराने लगता है।

बताया गया कि यह मार्ग लगभग 20 परिवारों का एकमात्र मुख्य आवागमन मार्ग है। कई वर्षों से संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक सड़क और नाली निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए 400 मीटर मार्ग पर शीघ्र इंटरलॉकिंग सड़क एवं दोनों ओर पक्की नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि जलभराव की समस्या समाप्त हो और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

इस संबंध में धर्मेंद्र कुमार, नौमी लाल, बृजभूषण, रिंकू, राम प्रसाद, रघुराज, धनीराम, विश्राम लाल, मनोज कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# 45 दिन से खुदी सड़क, 3 फीट कीचड़ में कैद जिंदगी!

❐ सेमराकला के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

❐ निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग सड़क बनी मुसीबत का रास्ता, जिम्मेदारों की लापरवाही से आवागमन ठप; बच्चे-बुजुर्ग रोज़ हादसे का शिकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सैमरा कुरौली में विकास कार्यों की हकीकत सवालों के घेरे में है। गांव में निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग सड़क पिछले 45 दिनों से खुदी पड़ी है, जिसमें करीब 3 फीट तक पानी और कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों का जीवन नारकीय हो गया है। हालात ऐसे हैं कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है और स्कूली बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को हर दिन दुर्घटना का खतरा झेलना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान न तो जल निकासी की व्यवस्था की गई और न ही कार्य को समय पर पूरा किया गया। परिणामस्वरूप बरसात का पानी सड़क पर जमा होकर दलदल में बदल गया है। गांव की मुख्य सड़क अब विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है।

ग्रामीण रामपाल, नत्थाराम, राजकुमार, दिनेश, राहुल सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और संबंधित ग्राम विकास अधिकारी से कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देते रहे, जबकि गांव की जनता की परेशानी लगातार बढ़ती गई।

ग्रामीणों के अनुसार कीचड़ और जलभराव के कारण बच्चे स्कूल जाने में परेशान हैं, बुजुर्ग कई बार फिसलकर चोटिल हो चुके हैं और दोपहिया वाहन तक निकालना मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और देरी की जिम्मेदारी तय की जाए तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सड़क पर तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# कार्यकर्ताओं में नई ऊर्ज़ा का संचार करेगा 22 जुलाई का बूथ सम्मेलन : अरुण पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। शहर में गुलाब बाग स्थित भारतीय जनता पार्टी के महानगर कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक में महानगर पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं संगठन सशक्तिकरण के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए सदस्य विधान परिषद एवं महानगर वाराणसी के प्रभारी अरुण पाठक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी आगामी 22 जुलाई को उत्तर प्रदेश में एक विशाल और ऐतिहासिक कार्यक्रम करने जा रही है। इस दिन प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में एक साथ 'बूथ सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूरे प्रदेश से लगभग सवा लाख कार्यकर्ता और पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन न केवल कार्यकर्ताओं में नई ऊर्ज़ा का संचार करेगा, बल्कि आगामी सांगठनिक कार्यों को धरातल पर उतारने में भी बड़ी भूमिका निभाएगा। इस बार का सम्मेलन व्यवस्था और तकनीक के मामले में बेहद खास होने जा रहा है। सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक महत्वपूर्ण बूथ अध्यक्ष के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था होगी। उनकी आवंटित कुर्सी पर बड़े अक्षरों में उनका नाम और उनकी बूथ संख्या अंकित होगी। इससे न केवल व्यवस्था सुगम और अनुशासित रहेगी, बल्कि हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं को एक विशिष्ट सम्मान भी महसूस होगा।

स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल चुनाव तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद स्थापित करने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने, नए मतदाताओं से जुड़ने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने वरुणा गंगा एलिवेटेड कॉरिडोर के बारे में विस्तार से चर्चा किया। महानगर के तीनों विधानसभाओं में होने वाले बूथ सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देते हुए महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने बताया कि कैंट विधानसभा के संयोजक अभिषेक मिश्रा, दक्षिणी के संयोजक आलोक श्रीवास्तव, उत्तरी के संयोजक मधुकर चित्रांश को बनाया गया है। बैठक का वृत्त राहुल सिंह ने लिया। संचालन नवीन कपूर ने एवं धन्यवाद प्रकाश अशोक पटेल ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से गुजरात के विधायक जगदीश पटेल, प्रमोद यादव मुन्ना, प्रमील पाण्डेय, अखिलेंद्र सिंह सनी, राकेश जायसवाल, अनिल उपाध्याय, साधना वेदांती, गीता शास्त्री, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## चोरी की दो बैटरी के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना अल्हागंज पुलिस ने चोरी की दो बैटरी के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना अल्हागंज पुलिस को बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की दो बैटरियां को बेचने के उद्देश्य से गढ़ी औरंगाबाद तिराहे पर खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और गढ़ी औरंगाबाद तिराहे से एक शतिर चोर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई दो बैटरियां बरामद की। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सुखवीर सिंह पुत्र रामलड़ैते यादव निवासी ग्राम भुन्डामई थाना अल्हागंज बताया। बताया कि बरामद दोनों बैटरियां उसने दो दिन पहले रात में गढ़ी औरंगाबाद की कटरी से अलग-अलग खेतों से चोरी की थी। यह बैटरी फसल में करंट दौड़ाने वाली हैं। जिन खेतों से यह दोनों बैटरी चोरी की थी, उन खेतों का मालिक कौन है, उसे जानकारी नहीं है। वो यह भी नहीं बता सकता कि वो दोनो खेत कटरी में कहां पर हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुखवीर सिंह को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अल्हागंज थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के साथ उपनिरीक्षक शिवनारायण मिश्रा और सुरेश चन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सरैया चलांकापुर बी–पैक्स समिति पर खाद वितरण में धांधली के आरोप

❐ किसानों ने जांच और कार्रवाई की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महमूदाबाद,सीतापुर। तहसील महमूदाबाद क्षेत्र की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) लिमिटेड, सरैया चलांकापुर में खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि समिति में निर्धारित सरकारी मूल्य ?266.50 प्रति बोरी के स्थान पर ?275 प्रति बोरी की दर से खाद वितरित की जा रही है, जिससे प्रति बोरी 8.50 की अतिरिक्त वसूली की जा रही है।

किसानों का आरोप है कि समिति परिसर में खाद के स्टॉक, निर्धारित मूल्य एवं वितरण संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने वाला सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे किसानों को वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती। ग्रामीणों के अनुसार, खाद की ऑनलाइन बुकिंग करने वाले सामान्य किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती। उनका आरोप है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर खाद न मिलने से बुकिंग स्वतः निरस्त हो जाती है। इसके बाद उपलब्ध हुए स्टॉक को रात के समय कथित रूप से कुछ चुनिंदा लोगों के नाम बुक कर दिया जाता है, जिससे सुबह आम किसानों को पोर्टल पर स्टॉक समाप्त दिखाई देता है। किसानों ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में समिति के सचिव रामफल यादव, स्थानीय चौकीदार शिवनाथ यादव तथा संचालक मंडल के कुछ सदस्य शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी खाद का लाभ जरूरतमंद किसानों के बजाय कथित रूप से परिचितों और चहेतों को दिया जा रहा है। ग्राम शिवरुख खुर्द निवासी विनय शर्मा सहित कई किसानों ने आरोप लगाया कि जब इस संबंध में सचिव से शिकायत की गई तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों ने सचिव, चौकीदार और संचालक मंडल के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

किसानों का यह भी कहना है कि इस संबंध में पूर्व में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, ऑनलाइन बुकिंग की लॉग हिस्ट्री की पड़ताल तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# खुले नाले बने हादसों की वजह दो माह में दूसरी घटना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा , खीरी। नगर पंचायत धौरहरा क्षेत्र के सरोजिनी नगर वार्ड में जल निकासी के लिए बनाए गए खुले नाले स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। नालों पर स्लैब न डाले जाने के कारण आए दिन राहगीरों, बच्चों और जानवरों के नाले में गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार लगभग दो माह पहले इसी खुले नाले में एक 10 वर्षीय बालक गिर गया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। संयोगवश आसपास मौजूद लोगों ने उसे गिरते हुए देख लिया और तत्काल बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत सामान्य हुई। गुरुवार को इसी नाले में एक बार फिर हादसा हो गया। इस बार एक आवारा सांड खुले नाले में गिर गया। सांड को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नाले में गिरने से सांड के शरीर पर भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले का आगे का हिस्सा भी बंद कर दिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। बारिश के दौरान पानी भरने से खतरा और बढ़ जाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालों पर स्लैब नहीं डाले गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी। क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत से मांग की है कि खुले नालों पर शीघ्र स्लैब डलवाए जाएं तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि राहगीरों, बच्चों और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# जेब काटकर चोरी किए गए रूपयों के साथ एक गिरफ्तार, दूसरे जेब कतरे की तलाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद पुलिस ने एक जेब कतरे को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने जेब काटकर चोरी किए गए 08 हजार 650 रूपये, एक माचिस की डिब्बी में रखा ब्लेड और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

बीती 06 जुलाई को थाना जलालाबाद को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी जेब में रखे 45000 रुपये काटकर चोरी कर लिये हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात जेब कतरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में आज थाना जलालाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मां रेणुका मन्दिर जलालाबाद रोड से एक जेब कतरे को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने जेब काटकर चोरी किए गए आठ हजार 650 रूपये, एक माचिस की डिब्बी में रखा ब्लेड और एक मोटरसाइकिल बरामद की। पकड़ा गया अभियुक्त जनपद फर्रूखाबाद के थाना कायमगंज क्षेत्र के गांव ममापुर का रहने वाला दिलीप पुत्र विश्राम है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त दिलीप ने बताया कि वो थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव सराय साधों निवासी अपने साथी पिन्टू के साथ मिलकर लोगों की जेब काटने एवं पर्स चोरी करता है और उन्हीं रुपयों से अपने घर का खर्च चलाता है। बताया कि 06 जुलाई को दोपहर में वो अपने साथी पिन्टू के साथ मोटर साइकिल से घूम रहा था। इसी दौरान मंडी रोड पर एक व्यक्ति अपने दो बच्चों के साथ साइकिल से मंडी से मुख्य चैराहे की ओर जाते दिखा। तभी उसने मोटरसाइकिल रोककर बहाने से उस व्यक्ति से बुधवाना जाने का रास्ता पूछा और रास्ता बताने के बहाने उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। उस व्यक्ति ने अपनी साइकिल अपने बच्चों को दे दी और वो खुद उनकी मोटरसाइकिल पर बैठ गया। इसके बाद साथी पिन्टू ने उक्त व्यक्ति की जेब काटकर उसमें रखे 45 हजार रूपए चोरी कर लिए और उस व्यक्ति को मुख्य चैराहे पर उतारकर फरार हो गए। इसके बाद उसने साथी पिन्टू को उसके घर छोड़ दिया और वो अपने घर चला गया। आज वो पिन्टू के घर अपना हिस्सा लेने गया और जहां पिन्टू ने उसे आठ हजार 650 रूपए दिए तथा बाकि रुपये बाद में देने को कहा। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त दिलीप के खिलाफ जनपद फतेहगढ़ के कई थानों में पूर्व में भी चोरी, लूट, हत्या का प्रयास आदि के आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दिलीप को जेल भेज दिया है और उसके फरार साथी पिन्टू की तलाश में है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जलालाबाद के उपनिरीक्षक सुधीर कुमार के साथ कांस्टेबल सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट के आदेश से साक्षरता प्रेरकों को मिली बड़ी राहत, बकाया मानदेय भुगतान का रास्ता साफ

**महमूदाबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद सीतापुर के विकास खंड रामपुर मथुरा में शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 को साक्षरता प्रेरकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय हाईकोर्ट, लखनऊ द्वारा प्रेरक याचिकाकर्ताओं के बकाया मानदेय के संबंध में दिए गए आदेश पर चर्चा की गई। ब्लॉक रामपुर मथुरा प्रेरक संघ के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद प्रेरकों के बकाया मानदेय के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने आगामी चार माह के भीतर बकाया मानदेय का भुगतान किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से प्रेरकों में खुशी का माहौल है और लंबे समय से लंबित मानदेय मिलने की उम्मीद जगी है। बैठक में प्रेरकों ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे उनके लंबे संघर्ष की सफलता बताया। साथ ही सभी ने समयबद्ध तरीके से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग भी की।बैठक में प्रेरक संघ अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह के अलावा राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, लवकुश, राम सहारे, राम कुमार, राकेश, विजय लक्ष्मी, राजरानी, मंटो देवी, मोहिनी मिश्रा, सुरेश कुमार सहित अन्य प्रेरक उपस्थित रहे।

## सीतापुर की दरी को मिलेगा वैश्विक बाजार, नवंबर में होगी भव्य बायर–सेलर मीट

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत दरी उत्पाद के प्रचार–प्रसार हेतु जनपद में बायर–सेलर मीट आयोजित किये जाने के संबंध में तैयारी बैठक दिनांक 16–07–2026 को जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनॉक 21–22 नवम्बर 2026 को बायर– सेलर मीट आयोजित किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी। इस बायर–सेलर मीट में विदेशी बायर्स के साथ–साथ दक्षिण भारतीय बायर्स को वरीयता के आधार पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराये जाने हेतु उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपायुक्त उद्योग को यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त बायर–सेलर मीट के सफल आयोजन हेतु जनपद के अच्छे होटल का चयन करते हुए यथावांछित सभी व्यवस्थाएं माह–अक्टूबर में पूर्ण कर ली जायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हथकरघा एवं उद्यान विभाग के प्रतिनिधि सहित अनेक दरी उत्पादकों एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही निहारिका सिंह, जोनल कन्सल्टेन्ट, ई0एण्डवाई0, हयात कौसर, सचिव, सी0एफ0सी0 बिसवां द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## लखीमपुर खीरी में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने तीन उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए तत्काल प्रभाव से उनके तबादले के आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, मोहम्मदी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर. को अब उपजिलाधिकारी लखीमपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, जनपद में नवागत राजेश प्रताप सिंह को उपजिलाधिकारी मोहम्मदी के पद पर तैनात किया गया है। इसके अलावा, मोहम्मदी में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) के पद पर कार्यरत पुष्पक को उपजिलाधिकारी पयिा की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पलिया एसडीएम बनाए जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में इस फ़ेरबदल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि सभी स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र कार्यभार ग्रहण कर शासन की मंशा के अनुरूप जनहित एवं शासकीय कार्यों का प्रभावी ढंग से संचालन सुनिश्चित करें। इस संबंध में जारी आदेश की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों एवं तहसीलदारों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। प्रशासनिक हलकों में इस बदलाव को जनपद की कार्यप्रणाली को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## तमंचा–कारतूस के साथ झारखंड का युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना सदर बाजार पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन लकड़ी के पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक देशी तमंचा और दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त झारखंड राज्य के जिला छत्रा के थाना अंटरगंज क्षेत्र के गांव कन्नौदी का रहने वाला प्रवेश पुत्र उमेश दास है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त प्रवेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्त प्रवेश को जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार के साथ हेड कांस्टेबल शहनवाज आलम और कांस्टेबल बिट्टू कुमार मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में दो गोतस्कर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

❐ ऑपरेशन 'लंगड़ा' में मोहम्मदी पुलिस की बड़ी सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन लंगड़ा' के तहत मोहम्मदी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम से जुड़े मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे आरोपी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रिहरिया पंकज त्रिपाठी, चौकी प्रभारी अमीननगर धनंजय शुक्ल सहित कोतवाली मोहम्मदी पुलिस के अन्य जवान शामिल रहे। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन चाकू, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का ठीहा (आला कत्ल) तथा एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मामले में वांछित थे। बरामद हथियारों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई को जनपद में अपराध और गोतस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में मोहम्मदी पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मिदनियां में विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। योग रंजन फाउंडेशन एवं योग वेलनेस सेंटर, महेवागंज-खीरी के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मिदनियां में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं जवानों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन तथा कार्यक्षमता को सुदृढ़ बनाना था।कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं श्वास-प्रश्वास की वैज्ञानिक तकनीकों का अभ्यास किया। योग के माध्यम से शरीर एवं मन के संतुलन, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।यह कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 सुमन्त कुमार के मार्गदर्शन, सशस्त्र सीमा बल के कमांडेन्ट प्रमोद देवरानी के नेतृत्व तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रियंका वर्मा के सहयोग से आयोजित किया गया। योगाचार्य प्रिंस रंजन बरनवाल के निर्देशन में योग सहायक राजदीपिका तिवारी द्वारा व्यवहारिक योग सत्र संचालित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में नियमित योगाभ्यास के महत्व, वैज्ञानिक और सटीक अभ्यास विधि तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने एवं अपने परिवार तथा समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी दीपक कुमार एवं वीरेन्द्र सिंह, उप कमांडेंट पदम सिंह मीणा, अधीनस्थ अधिकारियों एवं तमाम जवानों की उपस्थिति रही।

# गोद ली गई बालिका को भी मिलेगा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सरकार ने बढ़ाई धनराशि, अब 06 चरणों में मिलेंगे कुल 25 हजार रुपए

❒ योजना के संचालन वेब पोर्टल mksy.up.gov.in के माध्यम से किया जाता है

बदायूँ। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत 31172 बालिकाओं के लालन-पालन, स्वास्थ्य व शिक्षा को बेहतर बनाये जाने हेतु योजना से लाभान्वित किया गया है। महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत बालिका सुरक्षा हेतु जनपद के विभिन्न क्षेत्रों मे जागरुकता कैप लगाकर कर योजना सहित हेल्पलाइन व कैरियर काउंसलिंग की जॉनकारी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जनपद की बहुत सी बालिकाओं द्वारा अलग-अलग राज्यों में विभिन्न विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है। प्रदेश मे समान लिंगानुपात स्थापित करने व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिका के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बालिका के प्रति आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 01 अप्रैल 2019 से संचालित है।

उन्होंने बताया कि योजना के संचालन वेब पोर्टल mksy.up.gov.in के माध्यम से किया जाता है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत देय धनराशि पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तान्तरित की जाती है। योजना से लाभान्वित होने हेतु लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी हो, लाभार्थी की पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम रू0 तीन लाख हो, किसी परिवार की अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा, लाभार्थी के परिवार मे अधिकतम दो बच्चे हो। किसी महिला को द्वितीय प्रसव में जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी सन्तान के रूप में लड़की को भी लाभ अनुमन्य होगा।

उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला पहले प्रसव से बालिका है व द्वितीय प्रसव से दो जुड़वा बालिकाये ही होती है तो केवल ऐसे अवस्था में ही तीनों बालिकाओं को लाभ अनुमन्य होगा, यदि किसी परिवार ने अनाथ बालिका को गोद ले लिया हो, तो परिवार की जैविक संतानों तथा विधिक रूप मे गोद ले ली गयी संतानों को सम्मिलित करते हुए अधिकतम दो बालिकायें इस योजना की लाभार्थी होगी।

उन्होंने बताया कि योजना अन्तर्गत लाभ की श्रेणियां प्रथम श्रेणी बालिका के जन्म होने पर 5000 रुपये, द्वितीय श्रेणी बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरान्त 2000 रुपये, तृतीय श्रेणी कक्षा 1 में बालिका के प्रवेश करने के उपरान्त 3000 रुपये, चतुर्थ श्रेणी कक्षा 6 में बालिका के प्रवेश करने के उपरान्त 3000 रुपये, पंचम श्रेणी कक्षा 9 में बालिका के प्रवेश करने के उपरान्त 5000 रुपये तथा षष्टम श्रेणी ऐसी बालिका जिन्होने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के उपरान्त स्नातक अथवा 02 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो 7000 रुपये दिये जाते है।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लाभार्थी ऑन लाइन फॉर्म भरवाकर लगातार प्राप्त कर रहे है। अगर कोई ऐसी बच्ची है जो अपने माता-पिता की दो बच्ची मे से एक है या योजना हेतु पात्र है तो इस योजना का लाभ ऑनलाइन आवेदन कर ले सकते है।

# शादी से इनकार युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश,घर में घुसकर पिलाया तेजाब, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मुरादाबाद के निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है पीड़िता

❒ पुलिस ने पीड़िता की बहन की तहरीर पर मामला दर्ज कर जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है

बिसौली । कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक मोहल्ला में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक सिरफिरे का एक तरफा शादी का प्रस्ताव ठुकराने से नाराज सिरफिरे युवक ने घर में सो रही युवती के साथ जबरदस्ती की और विरोध करने पर उसे जबरन तेजाब पिला दिया। गंभीर हालत में युवती को इलाज के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पुलिस ने पीड़िता की बहन की तहरीर पर मामला दर्ज कर जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित के परिजन द्वारा कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी इरफान पुत्र अब्दुल हसन उनकी बहन को पिछले कुछ समय से फोन कर शादी करने का दबाव बना रहा था। शादी न करने पर उसने खुद को या उसकी बहन को जहर या तेजाब पिलाकर जान से मारने की धमकी भी दी थी। युवक को काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। वहीं आरोप है कि बीती 14 जून की सुबह करीब 5 बजे, जब पीड़ित युवती अपने घर में सो रही थी, तभी आरोपी इरफान दीवार लांघकर घर में घुस आया। उसने युवती के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया और उसके कपड़े फाड़ दिए। जब इसका कड़ा विरोध किया और संबंध बनाने से साफ इनकार कर दिया, तो बौखलाए इरफान ने उसके मुंह में जबरन तेजाब डाल दिया।

तेजाब पेट में जाते ही युवती तड़पने लगी और उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन व मोहल्ले के लोग जाग गए। भीड़ को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया।आनन-फानन में पीड़िता को चंदौसी के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने नाजुक हालत देखते हुए उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया।?वारदात के बाद पीड़िता की मां आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची, तो आरोपी के परिजनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके कुछ ही देर बाद आरोपी के पिता अब्दुल हसन, माता, भाई शकील और बहन याशमीन व मुस्कान लाठी-डंडे लेकर पीड़िता के घर पर चढ़ आए। उन्होंने पीड़िता के परिवार को लात-घूसों से बुरी तरह पीटा और धमकी देते हुए कहा, ''अगर इरफान से शादी नहीं करेगी तो जिंदा नहीं रहेगी, इसी तरह तड़प-तड़प कर मरेगी। घटना के संबंध में पीड़िता की बहन गुड़िया ने बिसौली कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# सरकारी रास्ते पर कब्जे के विवाद में लाठी-डंडे चले, वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली। वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन में सरकारी आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर बुधवार रात दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बगरैन कस्बा निवासी युसुफ अंसारी ने पुलिस को बताया कि कस्बे के मैन रोड से उसके घर तक गली जाती है। उसमें बना नाला खुला हुआ है। नाले पर कस्बा निवासी महजर बुधवार रात अपनी दुकान लगा रहा था। दुकान लगाने से रास्ता बंद हो गया। दुकान लगाने से मना करने पर देर रात अरसद, अजर, महजर, मुनाजिर अपने हाथों में लाठी-डंडों लेकर आए और हमला कर दिया।

इस दौरान बचाने आए पिता यूनिस व मां राशिदा बेगम तथा भाई शोएब के साथ भी मारपीट की। मोहल्ले के लोग बचाने आए तो ललकारते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद आरोपी भाग गए। सरिया से मारपीट करने से काफी चोटें आई। सीओ बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की ओर से मिली तहरीर के आधार पर चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 18 जुलाई को होगा सूची का अंतिम प्रकाशन

बदायूँ। जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में सांसद, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ आहूत बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय के दिशा निर्देशन मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन की अध्यक्षता में हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन ने अवगत कराया कि मतदेय स्थलों के संभाजन की आलेख्य सूची प्रकाशित करने के उपरांत शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरांत सूची को अंतिम रूप 18 जुलाई 2026 को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान प्राप्त हुए सुझावों का समाधान कर उनको समाहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में सम्भाजन के उपरान्त जनपद की 06 विधानसभाओं में कुल 1759 मतदान केन्द्र व 2859 मतदेय स्थल थे। आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया गया, जिसके उपरान्त समस्त 06 विधानसभाओं में 1755 मतदान केन्द्र व 2779 मतदेय स्थल हो गए हैं, जिसकी सूची को अंतिम रूप 18 जुलाई को दिया जाएगा। उन्होंने बताया की पूर्व मे सम्भाजन के संबंध में माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रो मे स्थापित मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नए मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन करते हुए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक करते हुए मतदेय स्थलों के प्रस्तावो को तैयार किया गया, इसके उपरांत आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन करते हुए, सूची राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को 04 जुलाई 2026 को प्राप्त कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सांसद, विधायकगण, प्रतिनिधियों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए बताया कि शुक्रवार की बैठक के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी सलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद व विधायक प्रतिनिधि एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक व राज्यीय दलों के प्रतिनिधियों सहित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने भाजपा पर साधा निशाना

**बिसौली , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मुड़िया धुरेकी स्थित एमजी ग्रीन रिसोर्ट में बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के जिलाध्यक्ष आशीष यादव के नेतृत्व में पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन और संगठन की समीक्षा बैठक हुई। इस कार्यक्रम में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया। उन्होंने पार्टी की गतिविधियों और संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। पाल ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए विभिन्न मुद्दों पर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने अपने संबोधन में संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। यादव ने कहा कि एक मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। सम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश पाल सिंह, पूर्व विधायक आरके शर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी गौतम, सपा प्रवक्ता राकेश प्रजापति, सतीश प्रेमी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख खजाना देवी, सुरेंद्र सागर, भूपेंद्र दिवाकर, वैभव, अमित मथुरिया, बनवारी लाल पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, काजी शहनवाज खां और आकाश मिश्रा सहित कई समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैच द रेन के तहत एसएसपी ने पुलिस कार्यालय पर दिलायी शपथ

**बदायूँ , बिसौली , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** एसएसपी अंकिता शर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुक्रम में एवं जल संरक्षण के प्रति सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पुलिस कार्यालय में 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी दातागंज अशेषनाथ सिंह, क्षेत्राधिकारी बिल्सी आलोक, सिद्दू व समस्त शाखाओं के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने 17 गोवंश पालकों को सौंपे सहायता राशि के चेक

**बदायूँ , बिसौली , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों के संरक्षण और उनके बेहतर भरण-पोषण को लेकर प्रशासन की ओर से संचालित योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत सुपुर्दगी में दिए गए गोवंशों के पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कुल 17 गोवंशों के भरण-पोषण के लिए 1 लाख 8 हजार 390 रुपये की राशि के चेक लाभार्थियों को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन द्वारा चलाई जा रही सहभागिता योजना का उद्देश्य यही है कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय मिल सके और उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर मुकेश साहू, मोहित सक्सेना, नवैद, रजनेश, मनोज सक्सेना, राकेश आदि मौजूद थे।

## डीएम ने भूजल सप्ताह के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट से जनपद में 16 से 22 जुलाई तक मनाए जा रहे भूजल सप्ताह के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत भी की। प्रचार वाहन के माध्यम से नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों आमजन को भूजल संरक्षण व भूजल दोहन रोकने के प्रति जागरुक किया जाएगा। डीएम ने बताया कि भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों के साथ वर्षा जल संचयन की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सामान्य घरेलू कार्यों में थोड़े से व्यवहारिक बदलाव कर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी की बचत की जा सकती है। वर्षा जल संचयन को भूजल स्तर बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय बताया है। उन्होंने जनपद के नागरिकों से अपने घरों, विद्यालयों, कार्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने का आह्वान किया है, जिससे वर्षा का जल सीधे भूमि में समाहित होकर भूजल भंडार को समृद्ध कर सके। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता मोहित सिंह ने बताया गया है कि ब्रश करते समय नल खुला रखने के बजाय मग या गिलास का प्रयोग करने से लगभग 10 लीटर पानी की बचत होती है। शेविंग के दौरान मग का उपयोग करने से 3 लीटर पानी बचाया जा सकता है। स्नान एवं कपड़े धोने में शॉवर अथवा लगातार बहते नल के स्थान पर बाल्टी का उपयोग करने से लगभग 60 लीटर पानी की बचत संभव है। दो बटन वाले फ्लश का प्रयोग करने से 30 लीटर, घर की सफाई में पाइप के बजाय मग का प्रयोग करने से 80 लीटर तथा दोपहिया वाहन को पाइप से धोने के स्थान पर बाल्टी एवं मग से धोने पर लगभग 100 लीटर पानी की बचत की जा सकती है। इसी प्रकार कार धोने में पाइप के बजाय बाल्टी एवं मग का प्रयोग कर लगभग 190 लीटर तक पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग का संदेश है कि वर्षा जल है जीवन-धारा, इसका संचयन संकल्प हमारा तथा जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प। विभाग का मानना है कि जनभागीदारी से ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्याप्त एवं सुरक्षित जल संसाधन उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इस अवसर पर लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता मोहित सिंह, सहायक अभियन्ता आशीष सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

## महराजगंज को मिली नई खंड विकास अधिकारी, श्रद्धा सोनकर ने संभाली जिम्मेदारी



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** विकासखंड महराजगंज को आखिरकार नई खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मिल गई हैं। जिलाधिकारी रायबरेली के अनुमोदन के क्रम में श्रद्धा सोनकर की तैनाती महराजगंज विकासखंड के खंड विकास अधिकारी के रूप में की गई है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से महराजगंज विकासखंड में खंड विकास अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था, जिसके कारण विकास कार्यों के संचालन और प्रशासनिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा था। अब श्रद्धा सोनकर की नियुक्ति के बाद विकासखंड के लंबित कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। नई बीडीओ की तैनाती से ग्राम पंचायत सचिवों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय लोगों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और आमजन की समस्याओं के समाधान में भी तेजी आएगी।

# 22 जुलाई को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के जरिए भाजपा बूथों को देगी नई मजबूती: डॉ. दिनेश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक में आगामी 22 जुलाई 2026 को जनपद की छहों विधानसभाओं में आयोजित होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हेतु योजना बैठक में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी डॉ दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया।

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी डॉ दिनेश शर्मा ने कहा भाजपा का संगठन बूथ की मजबूती के आधार पर निरंतर आगे बढ़ा है। बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं, जो पार्टी की विचारधारा, नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि 18 जुलाई को आयोजित होने वाली पार्टी पदाधिकारियों द्वारा मंडल स्तरीय तैयारी बैठकें तथा आगामी 22 जुलाई का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन केवल एक भाजपा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प का संचार करने का महत्वपूर्ण अवसर है। सम्मेलन के माध्यम से बूथ अध्यक्षों को भाजपा की आगामी कार्ययोजना, दायित्वों तथा बूथ सशक्तिकरण के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है, कि वह सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा 22 जुलाई को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन तथा 18 जुलाई को आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय तैयारी बैठकें सफलता की मजबूत आधारशिला सिद्ध होंगी। प्रत्येक मंडल में बूथ अध्यक्षों से व्यक्तिगत संपर्क, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं, दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण तथा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा का प्रत्येक कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के अनुशासन, समर्पण और संगठन क्षमता का परिचायक होता है। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान दें। आगे कहा डिजिटल लर्निंग विषय भाजपा के कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से संगठन से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नियमित रूप से प्रशिक्षण मॉड्यूल पूर्ण कर स्वयं को समयानुकूल तैयार करें।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता है। बूथ अध्यक्ष भाजपा की वह महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो जनता और संगठन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह तथा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक, मंडल प्रभारी आदि पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नूरपुर में कुराबंदी के दौरान हंगामा, महिलाओं ने लगाया जाम, एक महिला बेहोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नूरपुर में गुरुवार को एसडीएम साई आश्रित शाखमुरी के आदेश पर चल रही कुराबंदी (सीमांकन) की कार्रवाई के दौरान विवाद खड़ा हो गया। राजस्व टीम के मौके पर पहुंचते ही दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जिसके बाद महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बिसौली-बिल्सी मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया और स्थिति को सामान्य किया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम नूरपुर निवासी दो सगे भाइयों मुंशीलाल और ओमप्रकाश के बीच भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के निस्तारण के लिए एसडीएम के निर्देश पर कानूनगो दलवीर सिंह तथा दरोगा धूम सिंह राजस्व टीम के साथ कुराबंदी कराने पहुंचे थे। बताया जाता है कि जब राजस्व कर्मी भूमि की नापजोख कर रहे थे, तभी दो दर्जन से अधिक महिलाएं मौके पर पहुंच गईं और कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। राजस्व अधिकारियों ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं मानीं। इसी दौरान माया, पत्नी फूल सिंह, अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। इसके बाद महिलाओं ने राजस्व टीम पर पक्षपात करने तथा पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए बिसौली-बिल्सी रोड पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाल कमलेश मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और सड़क से जाम हटवाया। बेहोश हुई माया को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाल कमलेश मिश्र ने बताया कि महिलाओं द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना मिली थी। मामले की जांच कराई जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खाद के लिए भटक रहे किसान उर्वरक केंद्रों पर लंबी कतारें




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। धान की रोपाई के महत्वपूर्ण दौर में महराजगंज क्षेत्र के किसान उर्वरक के लिए परेशान हैं। साधन सहकारी समितियों और निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां सुबह से देर शाम तक किसानों की लंबी कतारें लगी हैं। कई किसानों का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्री न होने के कारण उन्हें खाद मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इससे समय पर खेतों में उर्वरक नहीं पहुंच पा रहा है और फसल पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह समय पर निर्भर करती है। धान की रोपाई के बाद यदि निर्धारित समय पर उर्वरक नहीं मिला, तो फसल की बढ़वार और उत्पादन दोनों प्रभावित हो सकते हैं। कई किसान लगातार कई दिनों से समितियों और दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है।

क्षेत्र के किसानों ने मांग की है कि कृषि कार्य की व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक वितरण व्यवस्था को सरल बनाया जाए। उनका कहना है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अभी नहीं हो सकी है, उन्हें आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र के आधार पर भी उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, ताकि खेती का कार्य प्रभावित न हो। किसानों का कहना है कि सरकार की मंशा किसानों को सुविधा देने की है, इसलिए वितरण प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिससे पात्र किसान समय पर खाद प्राप्त कर सकें।

# बिसौली पुलिस की शर्मनाक करतूत, थाने में तैनात होमगार्ड चाचा के रसूख के आगे बौनी साबित हुई खाकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बिसौली पुलिस ने नही दर्ज की [illegible], कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

बिसौली। बदायूँ जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र से कानून व्यवस्था को तार-तार करने वाला एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ खाकी का एक ऐसा चेहरा उजागर हुआ है जिसने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला किया, फायरिंग की और महिलाओं के साथ सरेआम अभद्रता की। लेकिन हद तो तब हो गई जब बिसौली पुलिस ने पीड़ितों की मदद करने के बजाय अपराधियों का साथ दिया। वजह सिर्फ इतनी थी कि मुख्य आरोपी का सगा चाचा बिसौली थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात है। वहीं कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीड़ित ने बदायूँ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) की अदालत में न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी आपबीती सुनाई है। कि घर में घुसकर 6 जून की रात करीब 8:00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गाँव के दबंग कुशपाल उर्फ पुष्पेंद्र, सौरभ, सुमित, विकास, गोपेश व दो महिलाएँ (ममता व प्रवेश) लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और अवैध तमंचे लेकर जीरण सिंह के घर में घुकर हमला बोल दिया। वहीं आरोपियों ने पीड़ित को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आई पीड़ित की पत्नी और चाची को भी बेरहमी से पीटा गया। दबंग सौरभ और सुमित ने जान से मारने की नीयत से सीधे फायरिंग कर दी, जिससे पीड़ित बाल-बाल बचा।दबंगों ने महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए और उनके साथ सरेआम छेड़छाड़ की। आरोपी कुशपाल ने पीड़ित के सिर के पिछले हिस्से पर लोहे की रॉड से जोरदार प्रहार किया, जिससे पीड़ित लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। होमगार्ड की 'साठगांठ' और बिसौली पुलिस का खेल

घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष लहूलुहान हालत में बिसौली थाने पहुँचा। लेकिन न्याय की उम्मीद लगाए बैठे पीड़ितों को पुलिस ने दुत्कार दिया। आरोपी सौरभ का सगा चाचा खुशीराम बिसौली थाने में ही होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि खुशीराम ने अपने पद का दुरुपयोग किया बिसौली पुलिस को प्रभावित किया। बिसौली पुलिस ने न तो पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया और न ही घायलों का सरकारी मेडिकल कराया। आखिरकार,लाचार पीड़ित ने खुद 8 जून को बदायूँ सरकारी अस्पताल जाकर अपना मेडिकल कराया इसके बाद पीड़ित ने एसएसपी बदायूँ, आईजी बरेली जोन और मुख्यमंत्री पोर्टल (UP CM Portal) तक गुहार लगाई, लेकिन बिसौली पुलिस के रसूखदार होमगार्ड के दबाव में कोई सुनवाई नहीं हुई। हैरत की बात तो यह है बिसौली पुलिस ने पीड़ित की तो नहीं सुनी, लेकिन होमगार्ड खुशीराम के दबाव में आकर आरोपियों की तरफ से पीड़ित परिवार के खिलाफ ही दबाव बनाने के लिए एक मनगढ़ंत FIR 11 जून को दर्ज कर ली। पीड़ितलगातार थानों और आलाधिकारियों के चक्कर काटकर थक चुका तब जाकर आखिरकार न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 173(4) (पूर्ववर्ती 156(3) एन्ए) के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बदायूँ अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बिसौली थाना पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने के आदेश देने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि क्या बदायूँ का पुलिस प्रशासन अपने ही विभाग के 'दागी' होमगार्ड पर कार्रवाई करता है या न्याय के लिए पीड़ितों को ऐसे ही दर-दर भटकना पड़ेगा।

# मेहनत लाई रंग, गोंडा पुलिस के 16 जवानों के कंधों पर सजे दरोगा के सितारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस के लिए शुक्रवार गौरव और खुशी का दिन बन गया।जिले में तैनात 16 आरक्षी, महिला आरक्षी और एक फायरमैन ने अपनी मेहनत लगन और कर्तव्यनिष्ठा के दम पर उप निरीक्षक (नागरि क पुलिस) पद पर चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।इस सफलता से पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है।चयनित कार्मिकों ने वर्षों की सेवा के साथ-साथ कठिन तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता को जनपद पुलिस के लिए उपलब्धि और अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा माना जा रहा है।पुलिस अधीक्षक वि नीत जायसवाल ने सभी चयनित कार्मिकों को बधाई दे ते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।उन्होंने उ म्मीद जताई कि सभी नवचयनित उप निरीक्षक अ पनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ करेंगे तथा आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।उप निरी क्षक पद पर चयनित कार्मिक माधवेश सिंह, शौर्य प्रताप राय, आनंद मोहन शुक्ला, जितेंद्र कुमार गंगवार, अमरनाथ यादव, लक्ष्मी वर्मा, जयदीप यादव, शैलेंद्र कुमार, सत्यम सिंह, मोहिनी यादव, गौरी शंकर, फायरमैन धर्मवीर, रिया कुमारी राना, मेनका, श्याम जी और रामजी। पुलिस परिवार ने सभी चयनित कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल सेवाकाल की कामना की।गोंडा पुलिस की यह उपलब्धि विभाग के लिए सम्मान का विषय मानी जा रही है और युवा पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का संदेश भी दे रही है।

# वजीरगंज पुलिस का बड़ा एक्शन: पचीस हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वजीरगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।गैंगस्टर एक्ट में वांछित पचीस हजार रुपये के इनामी बदमाश विकास यादव को पुलिस ने शुक्रवार को राजासगरा के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।आरोपी लंबे समय से फ रार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पचीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसके कब्जे से एक प्लेटिना मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।पुलि स के अनुसार विकास यादव, बब्बन यादव, राहुल उर्फ अप्पू और नीरज यादव के साथ मिलकर संग ठित गिरोह चलाता था।गिरोह दोपहिया वाहनों की चोरी कर अवैध आर्थिक लाभ कमाने और क्षेत्र में दहशत फैलाने का काम करता था। मामले में 23 मई 2026 को वजीरगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।मुकदमा दर्ज हो ने के बाद से विकास यादव लगातार पुलिस को च कमा देकर फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी थीं।शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर वजीरगंज पुलिस ने राजासगरा के पास घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।गिरफ्तार आरो पी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी क र उसे न्यायालय में पेश किया गया है।पुलिस अधि कारियों का कहना है कि संगठित अपराध और वा हन चोरी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# अब अदालत नहीं, गांव में होगा समाधान: वाद मुक्त देवीपाटन‘ अभियान शुरू

**दुर्गा शक्ति नागपाल का बड़ा कदम, गांव – गांव में बनेगी मध्यस्थता टीम, घटेंगे मुकदमे**

**गांव में संवाद से सुलझेंगे झगड़े, आयुक्त ने शुरू किया ‘वाद मुक्त देवीपाटन‘ अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नाग पाल ने गांवों के छोटे-छोटे विवादों को अदालत त क पहुंचने से पहले ही निपटाने की पहल करते हुए ‘वाद मुक्त देवीपाटनः संवाद से समाधान‘ अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर गांव में पांच सदस्यीय मध्यस्थता टीम गठित की जाए गी,जो आपसी संवाद और सहमति से विवादों का समाधान कराने का प्रयास करेगी। शुक्रवार को मंडल के सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और उपजिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि रास्ता,मेड़,भूमि, संपत्ति बंटवारा, जल बंटवारा और अन्य स्थानीय विवाद समय पर नहीं सुलझने से वर्षों तक मुकदमेबाजी चलती है।यदि ऐसे मामलों का निस्तारण गांव में ही हो जाए तो लोगों का सम य और धन दोनों बचेंगे तथा न्यायालयों का बोझ भी कम होगा।बैठक में आयुक्त ने बलरामपुर के फोल्डेबल स्टडी टेबल मॉडल की सराहना करते हुए मंडल के अन्य जिलों में भी इसे लागू करने के निर्देश दिए, ताकि छात्र-छात्राओं को घर पर बेहतर अध्ययन का वातावरण मिल सके।इसके अलावा विकास योजनाओं की प्रगति,कर एवं करेत्तर राज स्व वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।आयुक्त ने क हा कि प्रशासन की प्राथमिकता विकास के साथ-साथ सामाजिक समरसता,त्वरित न्याय और सुशा सन को मजबूत करना है।

# नशीली दवाओं के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार, अमन फार्मास्यूटिकल‘ पर दूसरे दिन भी महाछापेमारी

**प्रमुख सचिव डॉ.रोशन जैकब के निर्देश पर कार्र वाई तेज,गोदाम सील पंजीकृत मेडिकल स्टोर की जगह मिला किराना, संचालक फरार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में कथित रूप से नशीली दवाओं की सप्लाई को लेकर संदेह के घेरे में आई अमन फा र्मास्यूटिकल कंपनी पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफए सडीए) की बड़ी कार्रवाई जारी रही। प्रमुख सचिव डॉ. रोशन जैकब के सीधे निर्देश पर चल रही इस छापेमारी में गोंडा,अयोध्या और बाराबंकी की संयु क्त टीमों ने बलरामपुर रोड स्थित जयनगर बरिया रपुरवा भट्ठा के पास कंपनी के गोदाम और प्रतिष्ठा नों की गहन जांच की। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध नशीली दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। टीम ने शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे दोबारा जांच शुरू की। अधिकारियों ने गोदाम में रखी दवाओं की एक-एक खेप का मिलान किया और संदिग्ध दवाओं के सैंपल एकत्र किए।गुरुवार देर रात तक चली कार्रवाई के बाद गोदाम को सी ल कर दिया गया था,जिसे शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में खोलकर फिर से जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान सबसे चौंकाने वाला तथ्य तब साम ने आया,जब अमन फार्मास्यूटिकल कंपनी के नाम से पंजीकृत मेडिकल स्टोर पर दवाओं का कोई स्टॉक नहीं मिला है।वहां मेडिकल स्टोर के बजाय किराना दुकान संचालित होती मिली।टीम के पहुंच ने की सूचना मिलते ही कंपनी का संचालक अमन मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। ए फ ए स ड ी ए अधिकारियों के अनुसार विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कंपनी गोंडा ही नहीं,बल्कि आसपास के जिलों में भी न शीली दवाओं की सप्लाई कर रही है।इन्हीं शिका यतों के आधार पर प्रमुख सचिव के निर्देश पर संयुक्त छापेमारी कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

गोंडा के ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा ने बताया कि गोदाम से कई दवाओं के नमूने लिए गए हैं और उनके परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई की जाए गी। उन्होंने यह भी बताया कि जिस स्थान पर मेडिकल स्टोर पंजीकृत था, वहां किराना दुकान संचालित मिलना गंभीर अनियमितता है।पूरी का र्रवाई नगर कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में की जा रही है।अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर है। यदि दवाओं के नमूने जांच में मानकों के विपरीत पाए गए या नशीली दवाओं की अवैध आपूर्ति के आरोपों की पुष्टि हुई, तो कंपनी और उससे जुड़े लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर गिरी गाज, लेखपाल निलंबित

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन की प्राथमिकता वाले फार्मर रजिस्ट्री अभियान में लापरवाही और अनुशासनहीनता बर तना एक लेखपाल को भारी पड़ गया। तहसील तरबगंज में तैनात लेखपाल संदीप कुमार यादव को शासकीय कार्य में लापरवाही, उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी और कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।कार्रवाई तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई।जांच के अनुसार, दौलतपुर क्षेत्र के लेखपाल संदीप कुमार यादव की ड्यूटी 13 और 14 जुलाई को राजस्व ग्राम दुर्जनपुर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर में लगाई गई थी। अभियान के दौरान पंचायत विभाग की ओर से दूरभाष पर रजिस्ट्री की अद्यतन प्रगति की जानकारी मांगी गई, लेकिन उन्होंने अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं कराई। इसे प्रशासन ने शासकीय आदेशों की अवहेलना और अभियान में बाधा उत्पन्न करने वाला आचरण माना।तहसीलदार की रिपोर्ट में कहा गया है कि संबंधित लेखपाल का व्यवहार सरकारी सेवक के अनुरूप नहीं पाया गया। प्रथम दृष्टया यह भी सामने आया कि उन्होंने उच्चाधि कारियों के निर्देशों का पालन नहीं किया,विभागीय समन्वय प्रभावित किया और सौंपी गई जिम्मेदारि यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती।इन्हीं तथ्यों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।निलंबन अवधि में उन्हें रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय, तरबगंज से संबद्ध किया गया है।प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और जनहित से जुड़े अभियानों में लापरवाही, अनुशासनहीनता या आदेशों की अवहेलना किसी भी स्तर पर बर्दाशत नहीं की जाएगी। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई–ट्राईसाइकिल

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु ‘‘स्कूल जाने वाली/शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग 20 छात्राओं को ई–ट्राईसाइकिल‘ ’ प्रदान की जायेगी। इच्छुक दिव्यांग छात्राएं एक फोटो जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यू.डी.आई.डी. कार्ड, आय, जाति, तहसील द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र, संस्थाध्यक्ष द्वारा स्कूल में अध्ययनरत रहने/शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र तथा मोबाइल नम्बर के साथ अपने आवेदन पत्र विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दें ताकि आनलाइन आवेदन की कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

# उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित हुए युवा प्रतिभागी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद के कैलिबर लाइब्रेरी मे आयोजित छात्र सम्मान समारोह मे तीन होनहार युवा श्रीधर मिश्रा, अर्पित दीक्षित एवं शिवा सिंह को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। श्रीधर मिश्रा एवं अर्पित दीक्षित ने उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जबकि शिवा सिंह ने प्रतिष्ठित ऋद्बक्ट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में सफल युवाओं का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कैलिबर लाइब्रेरी के संचालक पटेल अखिलेश वर्मा ने कहा कि इन युवाओं ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि इनकी सफलता जिले के अन्य प्रतियोगी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और समर्पण व सतत प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में तिलक मिश्रा, सत्यम वर्मा, अंकुर वर्मा, रितेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 30 जुलाई तक पूरी करें तलैया योजना लापरवाही पर रुकेगा वेतन: डीएम

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी बृजेश कुमार की अध्यक्षता में विकास परियोजनाओं एवं जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रदेश सरकार के ‘संभव 6.0‘ अभियान की प्रगति की समीक्षा के साथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ‘संभव 6.0‘ अभियान एक जुलाई से 30 सितंबर तक ‘गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा‘ थीम पर संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नवजात शिशुओं, छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में कुपोषण की रोकथाम कर बेहतर पोषण सुनिश्चित करना है।

बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, पुष्टाहार वितरण, टीएचआर यूनिट के भुगतान तथा अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बरसात के मद्देनजर डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, जल निकासी और जलभराव की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रोस्टर बनाकर प्रतिदिन गांवों का भ्रमण करने और विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीएम ने ‘हमारी तलैया योजना‘ के तहत चयनित सभी तालाबों का सुंदरीकरण 30 जुलाई तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे जलभराव की समस्या दूर होगी और भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय सीमा तक कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित बीडीओ और एडीओ पंचायत का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया जाएगा।

# यूटा की झंझरी कार्यकारिणी का हुआ गठन,ब्लॉक अध्यक्ष बने अरुण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शुक्रवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा की झंझरी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके अंतर्गत जानकीनगर न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय देवरिया चूड़ामणि में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत अरुण मिश्र को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नामित किया गया, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिश्र ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षकों के हित में कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करना है जल्द हीं ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आगे की रणनीति बनाई जाएगी, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने कहा की श्री मिश्र पहले से हीं संगठन में जनपदीय मीडिया प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं ऐसे में मुख्यालय स्थित ब्लॉक का अध्यक्ष बनने पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी, इस अवसर पर जिला संरक्षक हेमंत तिवारी, जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र, महामंत्री आत्रेय मिश्रा, कोषाध्यक्ष चंदन सिंह, विकास मौर्य, उपेंद्र बहादुर सिंह, रवि प्रकाश पाठक, रंजीत कुमार, सादिक अली, अशोक गुप्ता, राघवेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश कुमार मिश्रा, रवि प्रताप मिश्रा एवं अन्य ब्लॉक के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# युवा उद्यमी योजना पर ‘दलाल राज, बैंकों में बिचौलियों के बिना नहीं बढ़ रहीं लोन फाइलें

**बिना बिचौलिया नहीं मिलेगा लोन, युवा उद्यमी योजना में बैंकों पर संगीन आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिए युवा ओं को स्वरोजगार से जोड़ने का सरकार का दावा जिले में बैंकिंग व्यवस्था की सुस्ती और कथित बि चौलिया तंत्र के बीच उलझता नजर आ रहा है।आवेदकों का आरोप है कि बैंक शाखाओं में बिना द लाल या बिचौलिए की पैरवी के लोन फाइलों पर महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं होती।नतीजतन पा त्र युवा बैंक शाखाओं के चक्कर काटने को मजबूर हैं,जबकि योजना का उद्देश्य युवाओं को शीघ्र वि त्तीय सहायता देकर रोजगार उपलब्ध कराना है।

जिले में योजना के तहत दो हजार तीन सौ युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य तय किया गया था।अब त क चौदह सौ 74 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे जा चुके हैं,लेकिन बड़ी संख्या में फाइलें स्वीकृति की प्रतीक्षा में अटकी हुई हैं।कई आवेदकों का कह ना है कि सीधे बैंक पहुंचने पर उनकी पत्रावलियां लंबित रखी जाती हैं, जबकि बिचौलियों के माध्यम से पहुंचने वाली फाइलों पर अपेक्षाकृत तेजी से कार्रवाई होती है।यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह सरकारी योजना की पारदर्शिता और बैंकिंग व्यवस्था दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।

## निजी बैंकों का प्रदर्शन सबसे कमजोर

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में नि जी बैंकों की कार्यशैली सबसे ज्यादा सवालों के घे रे में है। एक्सिस बैंक को मिली चौदह पत्रावलियों में अब तक एक भी स्वीकृत नहीं हुई।वहीं एचडीए फसी बैंक को प्राप्त 23 आवेदनों में केवल दो को मंजूरी मिली,जबकि आठ आवेदन निरस्त कर दिए गए। अन्य निजी बैंकों के खिलाफ भी फाइलों के निस्तारण में देरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

## एलडीएम बोले– शिकायतें मिलीं तो होगी जांच

वही लीड बैंक मैनेजर विनोद तिवारी ने कहा कि सभी फाइलों की नियमानुसार जांच के बाद ही ऋण स्वीकृत किया जाता है।यदि किसी बैंक के खिलाफ शिकायत मिलती है तो उसकी जांच कराई जाएगी।पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिए गए हैं।

# देश बचाओ किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों की बाइक रैली, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। देश बचाओ किसान मोर्चा के तत्वावधान में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों किसान-मज़दूर साथियों ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में विशाल बाइक रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी, पूरनपुर के माध्यम से सौंपा। बाइक रैली का शुभारंभ शेरपुर कलां से हुआ, जो टांडा फाटक, स्टेशन रोड होते हुए पूरनपुर तहसील पहुंची। रैली में किसानों एवं मजदूरों ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार से इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक



संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। यह समझौता भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसलिए इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।देश बचाओ मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए तथा देश के किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी करती है तो देश बचाओ मोर्चा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसान एवं मजदूर साथी उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर किसान हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।इस दौरान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत सिंह ने जानकारी दी कि देश बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में आगामी 21 जुलाई को दिल्ली स्थित किसान घाट पर देशभर के 250 से अधिक किसान संगठनों की विशाल किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में 21 जुलाई को दिल्ली चलो अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह आंदोलन किसानों, मजदूरों और देश की आर्थिक संप्रभुता की रक्षा के लिए निर्णायक साबित होगा।

इस मौके पर मौजूद रहे साथी हाजी रियाजत नूर खा, मनजीत सिंह, जावेद खा, अमन खान, तालिब खान, दानिश खान, आयाज खान(बबलू), जुनैद खान मेम्बर , परवेज खान, अनीस अहमद, ईश्वर दयाल, साबेस खान, शान मिया, सोनी दोसांझ, सोनू मान, इन्द्रजीत सिंह, कुलवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह गुरदासपुरिया, मनप्रीत सिंह मीराकोटिया, सतिंदर सिंह आदि साथी मौजूद रहे है।

# एसएसबी ने विलेज कोर्डिनेशन बैठक कर प्रमुख समस्याओं पर की चर्चा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सीमा सुरक्षा और आपसी समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल द्वारा विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में विलेज कोर्डिनेशन मीटिंग का आयोजन किया गया।बैठक में एसएसबी की सहायक कमांडेट पूनम मीना,एएसआई बसदेव, एसएसबी के जवान, ग्राम प्रशासक विवेकानंद और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सहायक कमांडर पूनम मीना ने की है।बैठक में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा हुई। सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा, अवैध गतिविधियों पर निगरानी, नशे की रोकथाम और आपसी सौहार्द बनाए रखने जैसे मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की गई।एसएसबी अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों को दें।इस दौरान बच्चों की शिक्षा पर भी जोर दिया गया। सहायक कमांडर ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और उन्हें नशे तथा गलत संगत से दूर रखें। शिक्षा ही क्षेत्र के विकास की कुंजी है। ग्राम प्रशासक विवेकानंद सरकार ने एसएसबी का आभार जताया और कहा कि इस तरह की बैठकों से सशस्त्र सीमा बल और ग्रामीण के बीच बेहतर तालमेल बनता है। बैठक में ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं हैं।

# द हेवन होटल में अवैध गतिविधियों का आरोप, प्रधान ने की निष्पक्ष जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। करौंदिया देहात (चुनहा) ओवरब्रिज के पास संचालित द हेवन होटल को लेकर ग्राम प्रधान इसरार हुसैन ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को उन्होंने ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर होटल में कथित रूप से अवैध देह व्यापार, नशा परोसने और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की निष्पक्ष जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि होटल में ओयो बुकिंग की आड़ में कथित तौर पर लड़के-लड़कियों को बुलाया जाता है और वहां अनैतिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। प्रधान का आरोप है कि इससे आसपास के क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। शिकायती पत्र के अनुसार इस संबंध में 7 अप्रैल को जिलाधिकारी और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की




गई थी, जिसे जांच के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया। आरोप है कि इस पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

प्रधान ने यह भी दावा किया कि 30 अप्रैल को ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 पुलिस और निरालानगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची थी। शिकायत के मुताबिक मौके से पांच संदिग्ध जोड़े मिले थे। हालांकि प्रधान का आरोप है कि सभी को बालिग बताकर छोड़ दिया गया और आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में मामले में औपचारिक रिपोर्ट भेजकर उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया गया। इस मामले में ग्राम प्रधान इसरार हुसैन के साथ मोहम्मद अली, निजामुद्दीन, रोशन अली, अच्छे भाई तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह बिसेन सहित कई स्थानीय लोगों ने अपर पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस होटल मैनेजर को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, एआरटीओ व पुलिस अधिकारियों ने यात्रा मार्ग का किया विस्तृत निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है इसी क्रम में एआरटीओ, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कांवड़ यात्रा मार्ग का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग पर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा संभावित संवेदनशील स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया अधिकारियों ने मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का आकलन किया उन्होंने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यात्रा प्रारंभ होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, लगातार गश्त, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल को भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए अधिकारियों ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी एआरटीओ ने यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने भारी वाहनों के संचालन, वैकल्पिक मार्गों, पार्किंग व्यवस्था तथा जाम की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व योजना के अनुसार कार्य करने को कहा साथ ही श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यातायात पुलिस को विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नगर निकाय और संबंधित विभागों को यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, जलभराव की समस्या का समाधान तथा आवश्यक स्थानों पर पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए प्रशासन का कहना है कि कांवड़ यात्रा पूरी श्रद्धा, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं और यात्रा शुरू होने से पहले प्रत्येक व्यवस्था का दोबारा परीक्षण भी किया जाएगा ।

## डीएम के निर्देश पर अभियान चलाकर बरखेड़ा से 4 बालकों को बालश्रम से मुक्त कार्य

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूरेलाल के निर्देशन में बरखेड़ा में बालश्रम उन्मूलन हेतु एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत मेडिकल,मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबों, कपड़े की दुकानों, किराना स्टोर, स्टील वर्क्स आदि पर बालश्रम में चिन्हित करते हुए 04 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से अवमुक्त करकर सभी बालकों को वर्चुअल रूप से बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया, बाल कल्याण समिति द्वारा सभी बच्चों के परिजनों को भविष्य में बाल श्रम ने कराने की हिदायत देते हुए सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बाल श्रम संशोधन अधिनियम, 2016 अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50000 रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सेवायोजक से प्रति बाल श्रमिक 20000 रूपये की वसूली चाइल्ड लेबर वेलफ़ेयर फंड हेतु प्रथक से की जायेगी तथा यदि कोई बाल श्रमिक के माता-पिता को प्रथम बार चेतावनी के बावजूद भी पुनः अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जायेगी। संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन प्रवर्तन अधिकारी भूरेलाल, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, एसजेपीयू प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, एवं थाना बरखेड़ा पुलिस सक्रिय रूप से कार्यवाही में सम्मिलित व मौजूद रहे हैं।

## परिषदीय विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम हुआ संपन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकार द्वारा चलाए जा रहे ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय भी पीछे नहीं हैं। शिक्षक पूरी मेहनत और लगन के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं।इसी क्रम में विकासखंड पूरनपुर के कंपोजिट स्कूल गढ़ाकला में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शिक्षक हुकुम सिंह ने किया। उन्होंने स्टाफ और बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।इस अवसर पर अमरूद, जामुन, अमरूद, अनार सहित दर्जनों पौधों का रोपण किया गया। शिक्षक हुकुम सिंह ने बच्चों को बताया कि केवल पौधे लगा देने से काम नहीं चलता। उन्हें रोजाना पानी देना और देखभाल करना जरूरी है, तभी वे बड़े होकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंगे।कार्यक्रम में अध्यापक सोहन, कोटा डीलर राजेंद्र, ममता देवी, स्वाति सहित अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शपथ ली कि वे अपने घर और विद्यालय में हरियाली बढ़ाने के लिए एक-एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है।

## नाले में गिरा सांड, सूचना मिलते ही चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए भेजी नगर पालिका की टीम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला बमनपुरी स्थित आर्यन जिम के पास शुक्रवार को एक सांड अचानक गहरे और संकरे नाले में गिर गया नाला संकरा होने के कारण सांड काफी देर तक बाहर नहीं निकल सका उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाने के प्रयास शुरू किए घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तहसीलदार आशीष गुप्ता, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता तथा राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम भदौरिया को दी सूचना मिलते ही सभी ने तत्काल मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कराने के लिए सक्रिय हो गए स्थानीय लोगों और संबंधित टीम के प्रयासों से सांड को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया समय पर सूचना देने और त्वरित समन्वय के चलते एक बेजुबान पशु की जान बच गई इस मौके पर लोगों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में संबंधित अधिकारियों और नगर पालिका को तत्काल सूचना देना बेहद जरूरी है प्रशासन और नगर पालिका की ओर से भी यह संदेश दिया गया कि जनहित या पशुओं से जुड़े किसी भी संकट की जानकारी मिलते ही हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा ।

## चकबंदी कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें : डीएम

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में चौबालीस गांव शामिल हैं जिसमें तहसील गौरीगंज के दस, मुसाफिरखाना के चौबीस, अमेठी के आठ व तिलोई के दो गांव शामिल हैं, जिनमें धारा आठ में पांच गांव, धारा नौ में आठ गांव, धारा दस में दस गांव, धारा बीस में सात गांव, धारा सत्ताइस में आठ गांव तथा धारा बावन में बारह गांवों में कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि चार गांव जिनमें अमेठी तहसील के भागीपुर व बड़गांव तथा मुसाफिरखाना तहसील में कैमा व कोइलारा मुबारकपुर में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं, किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि अधिक पुराने मुकदमें और माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित मुकदमों को गंभीरता पूर्वक निस्तारित कराएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि जिन गांवों में धारा बावन की कार्रवाई पूर्ण हो गई है उनमें अंतिम अभिलेख तैयार कर तहसील को भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया की चकबंदी से संबंधित पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए जिससे आम जनता को राहत दिलाई जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि चकबंदी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीमावर्ती गांव सहजना में एसएसबी की पहल, पशु चिकित्सा शिविर में 31 ग्रामीण हुए लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों एवं उनके पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण तथा जनकल्याण के उद्देश्य से 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बहराइच द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के वाइब्रेंट विलेज सहजना में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा आवश्यक उपचार एवं दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी परिहार, कमांडेंट (पशु चिकित्सा) द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क औषधियाँ उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पशुओं के संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण, स्वच्छता, संक्रामक रोगों से बचाव तथा उनकी समुचित देखभाल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पशुधन ग्रामीण परिवारों की आर्थिक समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। शिविर के दौरान कुल 31 ग्रामीण लाभान्वित हुए तथा उनके 88 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। ग्रामीणों



ने सशस्त्र सीमा बल की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर अभिषेक कुमार, सहायक कमांडेंट, 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी द्वारा संचालित विभिन्न नागरिक कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भी लगातार जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित कर रहा है। पशु चिकित्सा शिविर जैसे आयोजन ग्रामीणों की आजीविका को सुदृढ़ बनाने और पशुधन को स्वस्थ रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# दलित युवक से चौकी के अंदर मारपीट का आरोप कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शहर के शाहगंज चौकी परिसर में एक दलित युवक के साथ कथित मारपीट और पुलिस पर आरोपियों को बचाने के आरोप को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेत्री और उनके बेटे द्वारा एक दलित युवक के साथ मारपीट किए जाने के बावजूद पुलिस ने मामले में लापरवाही बरती। उनका कहना है कि पीड़ित की मूल तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया और उसमें से एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी हटा दी गईं। पीड़ित अरुण कुमार कोरी, निवासी पल्लू का पुरवा, आदर्श नगर (घोसियाना) द्वारा 17 जुलाई को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, 8 जुलाई को शाहगंज चौराहे पर भाजपा नेत्री पूजा कसौधन और उनके पुत्र



रौनक कसौधन ने कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट की। अरुण का आरोप है कि जान बचाकर जब वह शाहगंज पुलिस चौकी पहुंचे, तब चौकी प्रभारी के कमरे के भीतर ही भाजपा नेत्री और उनके बेटे ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और दोबारा मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का भी दावा किया गया है। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने उनकी मूल तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दी। इसके बाद दर्ज किए गए मुकदमे में, अनुसूचित जाति से होने के बावजूद, एससी/एसटी एक्ट की धाराएं शामिल नहीं की गईं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि विवेचना के दौरान पीड़ित के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं जोड़ी जाएं। साथ ही भाजपा नेत्री के पुत्र रौनक कसौधन का नाम भी मुकदमे में शामिल करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि घटना के दौरान अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन न करने के आरोपों की जांच कर शाहगंज चौकी प्रभारी अविनाश चंद्र के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले की जांच जारी है।

# पट्टे की जमीन पर दबंगों का कब्जा, न्याय के लिए दर-दर भटक रहा गरीब किसान

## शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई, डीएम से लगाई न्याय की गुहार, हल्का लेखपाल की भूमिका पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर/बल्दीराय। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुख बडेरी में कृषि पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सरकारी योजना के तहत आवंटित कृषि पट्टे की जमीन पर कब्जा न मिलने से गरीब पट्टाधारक अर्जुन पुत्र हरीराम न्याय के लिए लगातार तहसील और जिला प्रशासन के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पीड़ित का आरोप है कि सरकार द्वारा उन्हें कृषि कार्य के लिए पट्टे पर भूमि आवंटित की गई थी। इसी जमीन पर खेती कर वह अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पास जीविकोपार्जन का कोई दूसरा साधन या कृषि भूमि नहीं है। इसके बावजूद दबंगों ने उनकी पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और प्रशासन अब तक उन्हें



कब्जा दिलाने में असफल रहा है। अर्जुन का कहना है कि उन्होंने कई बार उप जिलाधिकारी बल्दीराय, हल्का लेखपाल और अन्य तहसील के अधिकारियों को लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लगातार शिकायतों के बाद भी जमीन का कब्जा न दिलाए जाने से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मामले में हल्का लेखपाल की भूमिका भी संदिग्ध दिखाई दे रही है। शिकायतों के बावजूद राजस्व विभाग की ओर से न तो सीमांकन कराया गया और न ही अवैध कब्जा हटाने की ठोस कार्रवाई की गई। इससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं और गरीब पट्टाधारक न्याय के लिए भटक रहा है। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर से हस्तक्षेप कर अपनी पट्टे की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने, निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों और कब्जाधारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह मामला एक बार फिर सवाल खड़ा करता है कि जब सरकार भूमिहीन गरीबों को आजीविका के लिए पट्टे की जमीन उपलब्ध कराती है, तो उन्हें उस जमीन का वास्तविक कब्जा दिलाने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? यदि शिकायतों के बाद भी गरीब को न्याय नहीं मिलता, तो शासन की मंशा और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

## नवनियुक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी चित्रांशु गौतम से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की मुलाकात



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार कों नवनियुक्ति पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम से शिष्टाचार भेंट कर गुलदस्ता और स्मृतिचिन्ह देकर उनका स्वागत किया।तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। सीओ नानपारा चित्रांशु गौतम नें कहा कि मिल जुलकर नानपारा सर्किल में अमन और शांति के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अफवाह पर ध्यान न देते हुए सर्किल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।शिक्षक नेता अरविन्द वर्मा नें विश्वास व्यक्त किया की नवीन जिम्मेदारी संभालने के बाद सीओ श्री गौतम निष्पक्षता, पारदर्शिता और सम्बेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर विनोद कुमार गिरि उपाध्यक्ष/ जिला सह मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच नें कहा कि स्थानीय पुलिस बल और आम जनमानस के बीच निष्पक्षता, संवाद और विश्वास सबसे जरुरी है।

## भाजपा की शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता एवं सशक्त बूथ है : अशोक चौरसिया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया के जनपद अमेठी में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जनपद की सीमा से लेकर जिला कार्यालय तक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।जगह-जगह पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं जयघोष के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने अपने सम्बोधन में संगठन की मजबूती पर बल देते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी की शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता एवं सशक्त बूथ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम, बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा ''बूथ जीता, चुनाव जीता'' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुये संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आहवाहन किया।

## सम्पादकीय

# फ्रीजर के शिवलिंग और वैज्ञानिक चेतना

देश में वैज्ञानिक चेतना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का कितनी तेजी से पतन हो रहा है, इसके दो उदाहरण हाल में देखने मिले। आगरा में एक परिवार ने अपने फ्रीजर में बर्फ की एक ऐसी आकृति देखी, जो अमरनाथ के हिमलिंग जैसी प्रतीत हो रही थी। इस समय अमरनाथ यात्रा चल भी रही है, लिहाजा जैसे ही यह खबर मिली कि फ्रीजर में शिवलिंग जैसी आकृ ति बनी है, उस घर में लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी। इसे चमत्कार मानते हुए श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना शुरू कर दी, भगवान शिव का चमत्कार मानते हुए हर-हर महादेव के जयकारे लगने लगे और भजन-कीर्तन शुरु हो गया। अब ये पता नहीं कि इतनी देर तक फ्रीजर खुला रहने पर वह हिमलिंग कब तक टिका रहा, लेकिन समाज में धर्मांधता के दर्शन इस प्रकरण में हो गए।असल में कुछ कंपनियों के फ्रिज में फ्रीजर के अंदर जमने वाली बर्फ को पिघलाने के लिए एक अलग से बटन होता है, यदि समय पर इसे साफ न किया जाए या दरवाजा ठीक से बंद न होने पर नमी अंदर जाती रहे, तो फ्रीजर के तापमान और नमी के कारण बर्फ जम जाती है, जो किसी भी आकार में जम सकती है। आगरा में यह संयोग से शिवलिंग के आकार की जम गई, जो कोई अनोखी बात नहीं है। कई बार आप बादलों को देखें तो उसमें तरह-तरह की आकृति नजर आती है, जो असल में हमारे मन की उपज होती है। फ्रीजर की बर्फ को शिवलिंग मानना भी मन में उपजा विचार ही था, जिसे उपेक्षित किया जा सकता था। लेकिन धर्मांध, धर्मभीरू बन गए समाज में अब यह बात मुश्किल लगती है। जिन लोगों को फ्रीजर में बाबा बर्फानी के दर्शन कर सुख मिला, शायद उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि अमरनाथ में प्राकृतिक रूप से बर्फ से बनने वाले शिवलिंग का आकार छोटा हो गया है। ५७ दिन की यात्रा पूरी होने से पहले ही बर्फ का शिवलिंग ९० प्रतिशत से ज्यादा पिघल गया है। विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि हिमालयी पर्वत श्रृंखला दुनिया के औसत से भी तेज गर्म हो रही है। अमरनाथ गुफा और आसपास के ग्लेशियरों के पास असामान्य रूप से तापमान उस सीमा से ऊपर चला गया है जो कि बर्फ को बनाए रखने के लिए जरूरी है। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि अपनी मान्यताओं के चक्कर में हम प्रकृति की स्वाभाविक बुनावट से छेड़छाड़ कर रहे हैं। जरूरत से ज्यादा पर्यटकों का पहुंचना, गुफा के भीतर पूजा-पाठ के कारण होने वाली गर्मी इन सबके कारण प्राकृतिक संरचना को नुकसान हो रहा है। लेकिन धर्म में मानसिक तौर पर अंधा समाज यह समझना ही नहीं चाहता है। उत्तर प्रदेश से ही अंधविश्वास का एक और उदाहरण पिछले महीने सामने आया था, जब श्रावस्ती जिले के एक गांव में खेत में एक गाय लगातार कुछ दिनों तक चक्कर काटती रही। इसे दैवीय कृपा या गोवर्धन परिक्रमा समझ कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई। आसपास के गांवों से भीड़ जुटने लगी तो भंडारे भी आयोजित हुए। लेकिन पशु चिकित्सकों की जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई चमत्कार नहीं बल्कि पशुओं में होने वाली एक गंभीर बैक्टीरियल बीमारी का असर था, जो उनके मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। इस बीमारी से ग्रस्त होने पर जानवर अपना संतुलन खो देते हैं और एक ही दिशा में गोल-गोल घूमने लगते हैं। गनीमत है कि उस गाय का इलाज किया गया और लोगों को सच पता चला। लेकिन सच सामने देखकर भी अनदेखी शक्ति पर भरोसा करें, ऐसा ही हमारा समाज हो चुका है। ये समस्या आज की नहीं है, सदियों से अंधविश्वास और कुरीतियों की जकड़न मौजूद रही है, लेकिन संविधान में इस जकड़न को दूर करने का उपाय बनाया गया है। संविधान के अनुच्छेद ५१ ए (एच) के अनुसार, भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद तथा ज्ञानार्जन और सुधार की भावना विकसित करे।

# मंदिरों में भ्रष्टाचारः वहां सुशासन की नई क्रांति का सूत्रपात हो

भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक दर्शन से नहीं है, बल्कि उन मंदिरों से भी है जो करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और जीवन का आधार हैं। अयोध्या का श्रीराम मंदिर, बद्रीनाथ धाम, माता वैष्णोदेवी, तिरुपति, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, सालासर बालाजी, खाटू श्यामजी जैसे मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के जीवंत प्रतीक हैं। इन मंदिरों में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु इस विश्वास के साथ पहुंचते हैं कि यहां उन्हें केवल भगवान के दर्शन ही नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और नैतिक ऊर्जा भी प्राप्त होगी। लेकिन जब इन्हीं मंदिरों से चढ़ावे की चोरी, वित्तीय अनियमितताओं, वीआईपी संस्कृति, पुजारियों अथवा कर्मचारियों के अनुचित आचरण और श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार की खबरें सामने आती हैं, तब केवल कोई संस्था बदनाम नहीं होती, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था घायल होती है। हाल के वर्षों में श्रीराम मंदिर, बद्रीनाथ और अब माता वैष्णोदेवी मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मंदिरों की व्यवस्था को केवल धार्मिक भावना के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। जिस धन को श्रद्धालु भगवान का अर्पण मानकर समर्पित करते हैं, वह किसी व्यक्ति या समूह की निजी संपत्ति नहीं है। उस धन का प्रत्येक रुपया सार्वजनिक विश्वास की धरोहर है। यदि उसी में अपारदर्शिता या चोरी का संदेह पैदा हो जाए तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि धार्मिक विश्वास के साथ विश्वासघात है। मंदिरों में बढ़ती अव्यवस्था का दूसरा गंभीर पक्ष है-वीआईपी दर्शन संस्कृति। आज देश का सामान्य श्रद्धालु कई-कई घंटे कतार में खड़ा रहता है। वृद्ध, महिलाएं, दिव्यांग और छोटे बच्चों के साथ आए परिवार कठिन परिस्थितियों में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन जैसे ही कोई मंत्री, विधायक, अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति पहुंचता है, सामान्य दर्शन रोक दिए जाते हैं और वीआईपी दर्शन शुरू हो जाते हैं। आम श्रद्धालु की लाइन रोक दी जाती है, उसके दर्शन का समय बाधित होता है और उसे यह एहसास कराया जाता है कि भगवान के दरबार में भी सभी बराबर नहीं हैं। यह स्थिति भारतीय संस्कृति और धर्म की मूल भावना के विपरीत है। हमारे शास्त्र कहते हैं कि ईश्वर के समक्ष राजा और रंक में कोई भेद नहीं होता। यदि मंदिरों में भी सामाजिक और राजनीतिक विशेषाधिकार का प्रदर्शन होगा तो यह धर्म के मूल स्वरूप का अपमान है। मंदिरों को लोकतांत्रिक समानता और आध्यात्मिक समरसता का सर्वोच्च उदाहरण बनना चाहिए, न कि सामाजिक असमानता का मंच। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरे देश में 'समान मन्दिर दर्शन नीति' लागू की जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा या अत्यंत विशिष्ट संवैधानिक परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को सामान्य श्रद्धालुओं की कतार से अलग विशेष दर्शन का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। यदि किसी कारणवश सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक हो, तब भी आम श्रद्धालुओं के दर्शन बाधित नहीं होने चाहिए। भगवान के दरबार में सबसे बड़ा वीआईपी केवल श्रद्धा होनी चाहिए, पद और सत्ता नहीं। इसी प्रकार मंदिरों की चढ़ावा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। आज डिजिटल भारत का युग है, फिर भी अनेक मंदिरों में दान और चढ़ावे की पारदर्शी व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी है। प्रत्येक बड़े मंदिर में दान-पात्रों की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, सीसीटीवी कैमरे, बारकोड आधारित सीलिंग, नियमित स्वतंत्र ऑडिट तथा प्रत्येक माह आय-व्यय का सार्वजनिक विवरण वेबसाइट और सूचना पट्ट पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। श्रद्धालु को यह जानने का अधिकार है कि उसके द्वारा दिया गया धन कहां और किस उद्देश्य में उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर प्रशासन में केवल धार्मिक पहचान ही नहीं, बल्कि चरित्र, ईमानदारी और प्रशासनिक दक्षता को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मंदिर प्रबंधन समितियों में ऐसे व्यक्तियों को स्थान मिले जिनकी सामाजिक प्रतिष्ठा निष्कलंक हो, जिनका सार्वजनिक जीवन पारदर्शी रहा हो और जिन पर किसी प्रकार के भ्रष्टाचार या आपराधिक आरोप न हों। समय-समय पर उनके कार्यों का स्वतंत्र मूल्यांकन भी किया जाए। मंदिर प्रबंधन किसी का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व है। मंदिरों में सेवा करने वाले पुजारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के लिए भी आचार-संहिता बनाई जानी चाहिए। श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा, दलालों से मिलीभगत, नशाखोरी या किसी भी प्रकार का अनुशासनहीन व्यवहार पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई हो। सालासर बालाजी में बाउंसरों द्वारा श्रद्धालु की पिटाई और खाटू श्यामजी में मुख्य पुजारी से जुड़े विवाद जैसे प्रसंग यह संकेत देते हैं कि केवल धार्मिक पहचान पर्याप्त नहीं, बल्कि नैतिक अनुशासन भी उतना ही आवश्यक है। मंदिरों में दलाल संस्कृति भी समाप्त की जानी चाहिए। दर्शन, प्रसाद, पूजा और विशेष अनुष्ठानों के नाम पर होने वाली अनधिकृत वसूली श्रद्धालुओं के विश्वास को कमजोर करती है। सभी सेवाओं की दरें सार्वजनिक हों, ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध हो और किसी भी अतिरिक्त वसूली पर कठोर दंड का प्रावधान हो। भारत आज विश्व का आध्यात्मिक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद दुनिया भर से करोड़ों लोग भारतीय मंदिरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। धार्मिक पर्यटन भारत की अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण आधार बन रहा है। ऐसे समय यदि मंदिरों की व्यवस्थाओं पर भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और अव्यवस्था के आरोप लगते हैं तो केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की छवि प्रभावित होती है। विश्व यह संदेश ग्रहण करता है कि जिस देश ने धर्म और नैतिकता का संदेश दिया, वह अपने ही धर्मस्थलों को पारदर्शी नहीं बना पाया, वहां भी व्यापक भ्रष्टाचार पसरा है। भारत सरकार और राज्य सरकारों को अब इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए। 'राष्ट्रीय मंदिर सुशासन आयोग' जैसी स्वतंत्र संस्था का गठन किया जा सकता है, जो बड़े मंदिरों की वित्तीय पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही, दर्शन व्यवस्था और श्रद्धालुओं के अधिकारों की निगरानी करे। प्रत्येक मंदिर के लिए सेवा-मानक निर्धारित हों तथा शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था हो। धार्मिक संगठनों और संत समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि सत्य, ईमानदारी, सेवा और उत्तरदायित्व है। यदि मंदिरों के भीतर ही इन मूल्यों का ह्रास होगा तो समाज को नैतिक दिशा कौन देगा? मंदिर केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण के विद्यालय भी होने चाहिए। आज आवश्यकता किसी छोटे-मोटे सुधार की नहीं, बल्कि मंदिर प्रशासन में एक नैतिक क्रांति की है। यह क्रांति पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता और सेवा के चार स्तंभों पर आधारित होनी चाहिए। मंदिरों को तकनीक से जोड़ना होगा, वित्तीय व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और ऑडिट-आधारित बनाना होगा, वीआईपी संस्कृति को समाप्त करना होगा तथा हर श्रद्धालु को समान सम्मान देना होगा। याद रखना होगा कि मंदिरों की सबसे बड़ी संपत्ति उनका स्वर्ण, रजत या चढ़ावा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों का विश्वास है। यदि विश्वास टूट गया तो सबसे भव्य मंदिर भी अपनी आत्मा खो देगा। इसलिए समय की पुकार है कि मंदिरों को भ्रष्टाचार से मुक्त, दर्शन व्यवस्था को समान, प्रशासन को पारदर्शी और सेवा को मानवीय बनाया जाए। यही भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी, यही भारतीय संस्कृति का वास्तविक सम्मान होगा और यही वह परिवर्तन होगा जो भारत को केवल आध्यात्मिक महाशक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक महाशक्ति के रूप में भी स्थापित करेगा। – ललित गर्ग

**मंदिरों में बढ़ती अव्यवस्था का दूसरा गंभीर पक्ष है–वीआईपी दर्शन संस्कृति। आज देश का सामान्य श्रद्धालु कई–कई घंटे कतार में खड़ा रहता है। वृद्ध, महिलाएं, दिव्यांग और छोटे बच्चों के साथ आए परिवार कठिन परिस्थितियों में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन जैसे ही कोई मंत्री, विधायक, अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति पहुंचता है, सामान्य दर्शन रोक दिए जाते हैं और वीआईपी दर्शन शुरू हो जाते हैं। आम श्रद्धालु की लाइन रोक दी जाती है, उसके दर्शन का समय बाधित होता है और उसे यह एहसास कराया जाता है कि भगवान के दरबार में भी सभी बराबर नहीं हैं। यह स्थिति भारतीय संस्कृति और धर्म की मूल भावना के विपरीत है। हमारे शास्त्र कहते हैं कि ईश्वर के समक्ष राजा और रंक में कोई भेद नहीं होता। यदि मंदिरों में भी सामाजिक और राजनीतिक विशेषाधिकार का प्रदर्शन होगा तो यह धर्म के मूल स्वरूप का अपमान है। मंदिरों को लोकतांत्रिक समानता और आध्यात्मिक समरसता का सर्वोच्च उदाहरण बनना चाहिए, न कि सामाजिक असमानता का मंच। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरे देश में 'समान मन्दिर दर्शन नीति' लागू की जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा या अत्यंत विशिष्ट संवैधानिक परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को सामान्य श्रद्धालुओं की कतार से अलग विशेष दर्शन का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। यदि किसी कारणवश सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक हो, तब भी आम श्रद्धालुओं के दर्शन बाधित नहीं होने चाहिए। भगवान के दरबार में सबसे बड़ा वीआईपी केवल श्रद्धा होनी चाहिए, पद और सत्ता नहीं।**

# अमेरिकी व्यावसायिक सैन्य शिक्षा और वैश्विक रणनीति

**सैयद सुलेमान अख्तर**

जब हम सैन्य प्रशिक्षण के बारे में सोचते हैं, तो अकसर हमारे मन में कीचड़ से भरे प्रशिक्षण शिविरों में शारीरिक अभ्यास या राइफल ड्रिल करते कैडेटों की तस्वीर उभरती है। हालांकि, सैन्य शिक्षा का एक और पहलू भी है–कक्षा, जहां व्यावसायिक सैन्य शिक्षा के अभिन्न हिस्से के रूप में बड़ी मात्रा में बौद्धिक तैयारी होती है। रक्षा विश्लेषक रामकृष्ण रमानी ने हाल ही में अमेरिकी विदेश विभाग के आईवीएलपी कार्यक्रम ''वी द पीपलः मिलिट्री एजुकेशन इन अमेरिका'' के दौरान इन संरचनात्मक ढांचों का अध्ययन किया। रमानी चेन्नई स्थित एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और मद्रास विश्वविद्यालय में रक्षा और रणनीतिक अध्ययन पढ़ाते हैं। उन्होंने इस अवसर का उपयोग अमेरिकी व्यावसायिक सैन्य शिक्षा प्रणाली के पाठ्यक्रम निर्माण और संस्थागत संबंधों का अध्ययन करने के लिए किया। उन्होंने विशेष व्यावसायिक सैन्य शिक्षा संगोष्ठियों में भाग लिया। व्यावहारिक युद्धाभ्यास सत्र में शामिल हुए और कई शहरों में सैन्य शिक्षा विशेषज्ञों तथा सरकारी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। वह कहते हैं, '' सभी पेशेवर सेनाओं की तरह, अमेरिका में भी व्यावसायिक सैन्य शिक्षा एक ऐसा करियर-व्यापी क्रम है, जिसे सामरिक विशेषज्ञों को रणनीतिक विचारकों में बदलने के लिए तैयार किया गया है।'' वह कहते हैं, ''यह प्रणाली रणनीतिक सोच को एक ऐसे कौशल के रूप में देखती है, जिसे लगातार निखारने की आवश्यकता होती है। इसलिए कक्षा सत्र किसी अधिकारी के काम का मुख्य हिस्सा होते हैं, कोई अतिरिक्त गतिविधि नहीं। यह व्यापक शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही शुरू हो जाती है, जिसमें विद्यार्थियों को सक्रिय सैन्य सेवा में प्रवेश करने से काफी पहले रणनीतिक ढांचों से परिचित कराया जाता है। रमानी ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव पेंसाकोला हाईस्कूल और कलैराडो मिलिट्री अकादमी में किया। यह दोनों संस्थान एयर फोर्स जूनियर रिजर्व ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉर्प्स की मेजबानी करते हैं। यह अमेरिकी सशस्त्र बलों द्वारा पूरे अमेरिका के हाई स्कूलों में प्रायोजित एक फ़ेडेरल कार्यक्रम है। रमानी बताते हैं, ''ग्रेड 8 और उससे ऊपर के छात्रों को परेड ड्रिल के अलावा बुनियादी सैन्य विज्ञान, इतिहास, विश्व मामलों की मूल बातें और ड्रोन निर्माण व संचालन, उपग्रह नेविगेशन जैसी प्रासंगिक तकनीकों से परिचित कराया जाता है।'' रमानी कहते हैं, ''आमतौर पर युवा हाईस्कूल ग्रेजुएट वेस्ट प्वाइंट जैसे सेवा अकादमियों में प्रवेश करते हैं या कॉलेज के विद्यार्थी रिजर्व ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉर्प्स में शामिल होते हैं।'' जैसे-जैसे अधिकारी रैंक में ऊपर बढ़ते हैं, शिक्षा प्रणाली भी अपना स्वरूप बदलती है। शुरुआती वर्षों में ध्यान सामरिक और क्षेत्र-आधारित प्रशिक्षण पर रहता है।

**रक्षा विश्लेषक रामकृष्ण रमानी ने हाल ही में अमेरिकी विदेश विभाग के आईवीएलपी कार्यक्रम ''वी द पीपलः मिलिट्री एजुकेशन इन अमेरिका'' के दौरान इन संरचनात्मक ढांचों का अध्ययन किया। रमानी चेन्नई स्थित एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और मद्रास विश्वविद्यालय में रक्षा और रणनीतिक अध्ययन पढ़ाते हैं। उन्होंने इस अवसर का उपयोग अमेरिकी व्यावसायिक सैन्य शिक्षा प्रणाली के पाठ्यक्रम निर्माण और संस्थागत संबंधों का अध्ययन करने के लिए किया।**

## सेहत मंत्र

# सुबह उठते ही पीएं पानी मिलेंगे अनगिनत फायदे!

सेहतमंद रहने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे कई हैल्थ प्रॉब्लम्स दूर होती है। रोज सुबह उठते ही एक गिलास पानी पीएं। दरअसल, सोते समय भी हमारा शरीर काम करता है। ऐसे में सुबह उठते हुए खुद को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। खाली पेट पानी पीने से पूरे शरीर की सफाई होती है। आज हम आपको बताते हैं कि सुबह उठते ही पानी पीने से क्या फायदे होते है। 1. विषाक्त पदार्थः खाली पेट पानी पीने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते है जिससे खून साफ रहता है। 2. पाचन प्रक्रिया : सुबह उठते ही पानी पीने से पाचन क्रिया दुरूस्त होती है। इसके अलावा पाचन प्रक्रिया 1.5 घंटे तक 24त्न तक बढ़ जाती है। 3. चमकदार त्वचाः ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो आज से ही सुबह उठते पानी पीएं क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है, जिससे स्किन सॉफ्ट होती है। 4. कब्ज से छुटकारा : कब्ज की



समस्या से छुटकारा पाने के लिए सुबह उठते ही पानी पीएं। खाली पेट पीने से पेट साफ हो जाता है। ऐसे में दिन में जो भी खाते है वह शरीर में आसानी से पच जाता है। 5. अन्य समस्याओं से छुटकारा : सुबह उठते ही पानी पीने से मासिक धर्म, पेशाब और किडनी संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृष्णाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

**ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥** दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। **ॐ नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः।** तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते–फिरते उठते–बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

**'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम–राम हरे–हरे।** कृष्ण मंत्रों का महत्व–उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

## पर्यटन



# छत्तीसगढ़ का शिमला है मैनपाट यहां कूदने पर हिलती है धरती

गर्मियां आते ही लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर बस उन्हें गर्मियों से मुक्ति मिल सके। इस वजह से ज्यादातर लोग उतराखंड और हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों को चुनते हैं। आज हम आपको ऑफबीट डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाकर न सिर्फ आप मजेदार छुट्टियां बिता सकते हैं बल्कि आप इस जगह के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के शहर मैनपाट की, जिसे 'मिनी शिमला' के नाम से भी जाना जाता है। मैनपाट की खास बातों में शामिल है आलू का पठार, शिमला सा मौसम, तिब्बतियों का बसेरा, हिलती हुई धरती, जमीन पर उमड़ते-घुमड़ते बादल। मैनपाट का टाइगर प्वाइंट एक खूबसूरत झरना है। यहां झरना इतनी तेजी से गिरता है कि शेर के गरजने जैसी आवाज आती है। वहीं यहां के मेहता प्वाइंट में घाटी का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। मछली प्वाइंट भी यहां की खूबसूरत जगहों में से एक है। मैनपाट के पास जलजली वो जगह है, जहां दो से तीन एकड़ धरती काफी नर्म है और यहां कूदने से धरती गद्दे की तरह हिलती है। जलजली के आसपास रहने वालों के मुताबिक कभी यहां जलस्रोत रहा होगा जो समय के साथ ऊपर से सूख गया और अंदर जमीन दलदली रह गई। यह एक टेक्निकल टर्म 'लिक्विफैक्शन' का एक उदाहरण है। वहीं इसका एक सिद्धांत ये भी है कि पृथ्वी के आंतरिक दबाव और पोर स्पेस (खाली स्थान) में सॉलिड के बजाय पानी भरा हुआ है इसलिए यह जगह दलदली और स्पंजी लगती है।10 मार्च 1959 को तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद भारत के जिन पांच इलाकों में तिब्बती शरणार्थियों ने अपना घर-परिवार बसाया, उसमें एक मैनपाट है। मैनपाट के अलग-अलग कैंपों में रहने वाले ये तिब्बती यहां टाऊ, मक्का और आलू की खेती करते हैं।

# बेलगाम अफसरशाही, दम तोड़ रही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं

## ग्राम चौपाल ! पंचायत भवन पर लटकती तले निंदूरा की पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता






निंदूरा, बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली ''ग्राम चौपाल'' योजना निंदूरा विकासखंड में सिर्फ कागजों और फाइलों तक सिमट कर रह गई है। जमीनी हकीकत बेहद निराशाजनक है। वर्तमान में अफसरशाही अनियंत्रित हो चुकी है और जनहित की योजनाएं दम तोड़ रही हैं।आज की गई पड़ताल में विकासखंड के कई ग्राम पंचायत भवनों की पोल खुल गई।

**निर्धारित समय में बंद मिले 4 पंचायत भवन**

पड़ताल के दौरान सुबह 11:23 बजे बजगहनी, 11:28 बजे टिकरा, 11:41 बजे हाजीपुर तथा 11:55 बजे भदेशिया पंचायत भवन बंद मिले।

सबसे गंभीर हालत धौरहरा ग्राम पंचायत की रही। दोपहर 12:30 बजे तक यहां पंचायत भवन में न कोई अधिकारी था, न कोई ग्रामीण। भवन के अंदर केवल एक बुजुर्ग मेज पर सोते मिले। बाहर खड़े व्यक्ति ने बताया ''अभी तक कोई अधिकारी नहीं आया''। काफी देर बाद पहुंचे सचिव ने खानापूर्ति के लिए 4-5 लोगों को बुलाकर चौपाल की औपचारिकता पूरी की।

**सुविधाएं नदारद, रास्ता बदहाल**

धौरहरा पंचायत भवन तक जाने वाला मार्ग आज भी कच्चा है। बरसात में ग्रामीणों का पहुंचना मुश्किल है। कई वर्ष पहले बने भवन तक खड़ंजा तक नहीं बना। सुरक्षा के लिए लगे दोनों सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं।

**6 हजार मानदेय के बाद भी पंचायत सहायक गायब**

सरकार प्रत्येक पंचायत में 6,000 रु मानदेय पर पंचायत सहायक रखती है ताकि ग्रामीणों को गांव में ही सेवाएं मिलें। लेकिन भवन पर ताले लटके होने से उनकी भूमिका पर सवाल है।

**प्रचार-प्रसार शून्य, विभाग नदारद**

ग्रामीण भीखाल, रमेश, कमलेश यादव, दुर्गेश ने बताया ''हमें चौपाल के बारे में जानकारी ही नहीं मिली''। ग्राम विकास और पंचायतराज को छोड़कर राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, विद्युत, जल जीवन मिशन जैसे विभागों का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।

**बीडीओ की भूमिका संदिग्ध**

बीडीओ को सभी विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी है। सूत्रों के अनुसार बीडीओ निंदूरा खुद चौपाल में नहीं पहुंच रहे। उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, पर फोन नहीं उठा।

**''समाचार छपेगा तो होगा परिवर्तन''**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह समाचार प्रकाशित होगा तो निश्चित रूप से प्रशासन में सुधार होगा और आम आदमी की समस्याओं का निस्तारण संभव हो सकेगा। कृषक शिवकुमार व स्थानीय ग्रामीण अभय कुमार का कहना है कि योगी जी और उनकी सरकार की मंसा जनता की भलाई की है, भ्रष्ट अधिकारियों की कारगुजारी से सरकार की छबि धूमिल हो रही है।

# अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई जारी, तीन क्लीनिक सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जनपद में अवैध अस्पतालों और झोलाछाप क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को रामनगर और मसौली क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कई अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए, जबकि तीन क्लीनिक सीज कर दिए गए। रामनगर में सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रणव श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई जांच में विद्या मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल और गंगा हॉस्पिटल में कमियां मिलने पर नोटिस दिया गया। वहीं बेरिया, दतौली, त्रिलोकपुर व गगियापुर क्षेत्र के तीन क्लीनिक मानकों का पालन न करने पर सीज कर दिए गए।

मसौली के सफदरगंज स्थित अर्थ पॉली क्लीनिक में जांच के दौरान आवश्यक अभिलेख नहीं मिलने पर सीएचसी बड़ागांव अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ ने क्लीनिक बंद कर नोटिस जारी किया और तीन दिन में अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि कमियां दूर न होने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# समाजसेवी मेहंदी ने जनता को सौंपा पियाऊ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। भीषण गर्मी में राहगीरों और स्थानीय लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत के मोहल्ला तीर गरान निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं चौहट्टा वार्ड सभासद प्रतिनिधि सायम मेहंदी ने अपने निजी खर्च से चौहट्टा वार्ड स्थित फीकन कुआं पर बड़े वॉटर टैंक व फ्रीजरयुक्त निःशुल्क पियाऊ का निर्माण कराकर जनता को समर्पित किया। सायम मेहंदी विश्व प्रसिद्ध ऐनुअल मियां इमामबाड़ा के प्रबंधक भी हैं, जो अपनी प्राचीन धरोहरों के लिए जाना जाता है।

उनके इस जनहितकारी कार्य की बाबू पहलवान, मुनीम रिजवी, ऐन मोहम्मद, राणा रिजवी सहित वार्डवासियों और क्षेत्र के अनेक लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की प्रेरणादायक पहल बताया।

# राजस्व वादों की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज मिशन मोड में निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी, । जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में सीएम डैशबोर्ड में शामिल राजस्व विभाग के बिंदुओं, कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली, राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों तथा भूमि विवादों के निस्तारण की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने धारा-34 एवं धारा-38(2) के राजस्व वादों के निस्तारण और अंश सुधार के मामलों में अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी लंबित प्रकरणों का मिशन मोड में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने वरासत, नामांतरण, खतौनी संशोधन और अन्य राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाए जाएं तथा जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए नियमित अनुश्रवण और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने प्रत्येक तहसील में विशेष अभियान चलाकर लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने खतौनी में मौजूद लिपिकीय त्रुटियों के शत-प्रतिशत सुधार पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंश सुधार के साथ अन्य त्रुटियों को भी प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए ताकि राजस्व अभिलेख अद्यतन और त्रुटिरहित बन सकें तथा आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान डीएम ने संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। वहीं भूमि विवादों के प्रभावी एवं स्थायी निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वय से कार्रवाई कर विवादों का स्थायी समाधान कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राजकुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल्याणी नदी में तैरते शव को सीमा से बाहर भिजवाने मामले में दो पुलिस कर्मी लाईन हाजिर, सीओ बोले जांच जारी, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**असंद्रा थाने से संबद्ध दिलावलपुर चौकी पुलिस के घिनौने कृत्य को कैनविज टाइम्स ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित**

**दिलावलपुर चौकी इंचार्ज को बचाने का हो रहा प्रयास**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। कल्याणी नदी में तैरते हुए मिले एक शव को थाना सीमा से बाहर ठेलवाने के कथित मामले में दिलावलपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि पूरे प्रकरण की जांच अभी जारी है। इस मामले को आपके हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स ने लगातार दो दिन प्रकाशित किया था। बताया जा रहा है कि शव मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करने के बजाय उसे थाना सीमा से बाहर ले जाने का प्रयास किया गया। मामला उजागर होने पर विभागीय स्तर पर जांच शुरू की गई और प्रथम दृष्टया दो सिपाहियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। हालांकि, स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि पूरे घटनाक्रम में चौकी इंचार्ज की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। इस बीच लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे क्या कार्रवाई होगी। क्षेत्राधिकारी रामसनेही घाट ने इस संबंध में कहा कि मामले की जांच जारी है। जांच में जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाएगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल विभागीय जांच जारी है ।

**आम जनमानस में चर्चा बिना इंचार्ज के यह कारनामा संभव नहीं**

दिलावलपुर चौकी पुलिस द्वारा कल्याणी नदी में तैरते शव को दो व्यक्तियों द्वारा सीमा से बाहर ठेलवाने मामले को तूल पकड़ते ही विभाग ने दो पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही कर लाईन हाजिर कर दिया किन्तु चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही न होने से जन-मानस द्वारा बड़ी मछली बचाने के लिए छोटी मछलियों को चारा बनाया गया है क्योंकि इतने बड़े कृत्य में दिलावलपुर चौकी इंचार्ज व प्रभारी निरीक्षक असंद्रा की मिली-भगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। फिलहाल क्षेत्र में असंद्रा पुलिस के इस घिनौने कृत्य की चर्चा जोरों पर है।

# सर्पदंश के उपचार पर चिकित्सकों को दिया गया प्रशिक्षण, सीएमएस बोले– झाड़-फूंक नहीं, तत्काल अस्पताल पहुंचाएं मरीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में शुक्रवार को ''सर्पदंश एवं उपचार'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बरसात के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को त्वरित और प्रभावी उपचार के प्रति प्रशिक्षित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमएस डॉ. अजय सिंह ने इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देश दिए कि सर्पदंश के मरीज के उपचार में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम, आवश्यक दवाओं और ऑक्सीजन की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संगोष्ठी में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सर्पदंश के प्रकार, प्राथमिक उपचार, घाव की देखभाल और रेफरल प्रोटोकॉल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्पदंश होने पर घाव को न काटें, न कसकर पट्टी बांधें और झाड़-फूंक के चक्कर में समय न गंवाएं। मरीज को तुरंत अस्पताल लाकर एंटी स्नेक वेनम से उपचार कराना ही सबसे प्रभावी उपाय है।

अस्पताल प्रशासन ने बरसात के पूरे सीजन में इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों से रात में टॉर्च और जूते का उपयोग करने तथा झाड़ियों में हाथ डालने से बचने की अपील की गई। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. इकबाल, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## 75 वर्षीय महिला ढाई माह पैदल कांवर यात्रा कर लोधेश्वर धाम पहुंचीं



रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिहार निवासी 75 वर्षीय सुमित्रा देवी लगभग ढाई माह की पैदल कांवर यात्रा पूरी कर शुक्रवार को श्री लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचीं। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर उत्तराखंड के गंगोत्री से गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए यात्रा शुरू की थी। सुमित्रा देवी अपने सात साथियों के साथ यात्रा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि यह उनके जीवन की पहली कांवर यात्रा है। लोधेश्वर धाम पहुंचने से पहले वह फतेहपुर के पक्के तालाब पर रुकी थीं। धाम में भगवान शिव के दर्शन-पूजन के बाद वह अगले पड़ाव के लिए रवाना होंगी। पहाड़ी बाबा की कुटी पर पुजारी मुन्नू बाबा ने उनका स्वागत कर सेवा-सत्कार किया। श्रद्धालुओं ने भी उनकी आस्था और संकल्प की सराहना की।

## विकलांग युवक ने चाचा पर लगाया व्यवसाय हड़पने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईश्वरीगंज मजरे सनौली निवासी दिव्यांग उमाकांत पुत्र सियाराम ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर अपने चाचा पर टेंट व्यवसाय हड़पने, बैंक ऋण न चुकाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उमाकांत के अनुसार उसके नाम पर आर्यावर्त बैंक से 4.50 लाख रुपये का ऋण लेकर टेंट व्यवसाय शुरू किया गया था। आरोप है कि कुछ समय बाद उसके चाचा रमापति उर्फ भोला ने व्यवसाय पर अकेले कब्जा कर लिया और लोन चुकाने का आश्वासन दिया, लेकिन न तो पैसा लौटाया और न ही बैंक की किस्तें जमा कीं। पीड़ित का कहना है कि अगस्त 2025 में थाने में लिखित समझौता हुआ था, जिसमें 20 दिन के भीतर रकम लौटाने का वादा किया गया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया। आरोप है कि समझौते की प्रति भी थाने से गायब करा दी गई। उमाकांत ने आरोप लगाया कि अब चाचा और उनका पुत्र सुरेंद्र गाली-गलौज कर जान-माल की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सृष्टि सिंह ने नीट में हासिल की 5936वीं रैंक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । आवास विकास कॉलोनी निवासी सृष्टि सिंह ने नीट (गक्क्द्व) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 5936वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।छ सृष्टि सिंह, बी.पी. शुक्ला इंटर कॉलेज, तिलोकपुर के प्रधानाचार्य डॉ. नन्हें सिंह की पुत्री हैं। उनकी माता भी एक कंपोजिट विद्यालय में शिक्षिका हैं। सृष्टि की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस सफलता को उनकी मेहनत, लगन और माता-पिता के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

## ओदरा बाईपास पर प्रशासन की चुप्पी आखिर किसके लिए

सुल्तानपुर। ओदरा बाईपास पर दर्जनों होटल और ढाबे आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। कई प्रतिष्ठानों पर नाम ऐसे लिखे गए हैं जो हिन्दू देवी-देवताओं से जुड़े हैं। लेकिन वास्तविक संचालक का नाम कहीं दिखाई नहीं देता। सवाल यह है कि जब सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि होटल-ढाबों पर वास्तविक मालिक का नाम, रेट लिस्ट और आवश्यक जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए तो फिर इन निर्देशों का पालन आखिर क्यों नहीं हो रहा। कांवड़ यात्रा सिर पर है। लाखों श्रद्धालु इसी मार्ग से गुजरेंगे लेकिन अधिकांश ढाबों पर न तो खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्रदर्शित है और न ही खाद्य गुणवत्ता से संबंधित कोई स्पष्ट जानकारी। आखिर जिम्मेदार विभाग किस बात का इंतजार कर रहा है। किसी विवाद, झड़प या अप्रिय घटना का। यदि नियम सभी के लिए समान हैं तो ओदरा बाईपास अपवाद क्यों बना हुआ है? प्रशासन की यह खामोशी कई सवाल खड़े करती है। क्या सरकारी आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित हैं या उनका पालन भी कराया जाएगा। समय रहते यदि जांच कराकर वास्तविक मालिक का नाम, वैध लाइसेंस, रेट लिस्ट और खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं कराई गई तो भविष्य में पैदा होने वाले किसी भी विवाद की जिम्मेदारी केवल नियम तोड़ने वालों की नहीं बल्कि आंखें मूंदे बैठे प्रशासन की भी होगी।

## शुकुल बाजार में स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

शुकुल बाजार अमेठी,सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित स्कूल चलो अभियान का समापन शुक्रवार को उत्साह और जनसहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। ठाकुरगंज इंदरिया प्राथमिक विद्यालय से शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराने और नियमित शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया।

# आकांक्षाओं का रामनगर, जिम्मेदारी की आकांक्षा
# बाढ़ प्रबंधन की कसौटी पर नई एसडीएम!

**सरयू की दस्तक से पहले अलर्ट प्रशासन, बाढ़ की त्रासदी कम करने को शुरू हुआ महाअभियान**

**सरयू की आहट से पहले प्रशासन सतर्क, बाढ़ पीड़ितों के दर्द को कम करने की तैयारी शुरू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। हर वर्ष बरसात के मौसम में जब सरयू नदी अपने उफान पर आती है, तब रामनगर और सिरौलीगौसपुर तहसील के हजारों परिवारों की चिंता बढ़ जाती है। नदी का बढ़ता जलस्तर केवल खेतों और घरों को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि लोगों की वर्षों की मेहनत, सपनों और आजीविका पर भी संकट खड़ा कर देता है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बुजुर्गों की आंखों में पुराने दिनों की पीड़ा आज भी ताजा है, जब पानी ने गांवों को चारों ओर से घेर लिया था और लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में भटकने को मजबूर हुए थे। इसी चुनौती को देखते हुए इस बार जिला प्रशासन ने बाढ़ आने का इंतजार करने के बजाय पहले से तैयारी शुरू कर दी है। विशेष रूप से रामनगर की नवागत उपजिलाधिकारी सुश्री आकांक्षा गुप्ता ने बाढ़ प्रबंधन को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस योजना में राहत एवं बचाव कार्यों को मजबूत बनाने के लिए सेफ्टी जैकेट, नावों की उपलब्धता, राहत सामग्री, खाद्यान्न व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था तथा सुरक्षित आश्रय स्थलों की तैयारी शामिल है। प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ की स्थिति बनने पर प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिले और किसी भी व्यक्ति को भोजन, दवा या सुरक्षित स्थान के लिए परेशान न होना पड़े। अधिकारियों द्वारा संवेदनशील गांवों का सर्वेक्षण, तटबंधों की निगरानी तथा आपदा से जुड़े संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

दरअसल, बाढ़ केवल प्राकृतिक आपदा नहीं होती, बल्कि यह गरीब और कमजोर परिवारों के लिए जीवन की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक होती है। एक ओर घरों में घुसता पानी, दूसरी ओर बच्चों की सुरक्षा और पशुधन को बचाने की चिंता लोगों को भीतर तक झकझोर देती है। ऐसे समय में प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता ही पीड़ितों के लिए सबसे बड़ी उम्मीद बनती है। विशेषज्ञों के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को भी कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जलस्तर बढ़ने की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, सुरक्षित स्थानों पर समय रहते पहुंचें, बिजली के खुले तारों और तेज बहाव वाले पानी से दूर रहें, जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखें तथा अफवाहों पर ध्यान न देकर केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। जिले में शुरू हुई ये तैयारियां इस बात का संकेत हैं कि प्रशासन केवल आपदा आने के बाद राहत पहुंचाने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि पहले से रणनीति बनाकर जनहानि और नुकसान को न्यूनतम करने का प्रयास कर रहा है। यदि यही सतर्कता और समन्वय बना रहा तो सरयू का उफान भले ही चुनौती लेकर आए, लेकिन प्रशासन और जनता की साझी तैयारी उस चुनौती का मजबूती से सामना करने में सक्षम होगी।

प्रकृति के सामने मनुष्य हमेशा विनम्र रहता है, लेकिन दूरदृष्टि, तैयारी और मानवीय संवेदनाएं किसी भी आपदा के दर्द को कम कर सकती हैं। रामनगर और सिरौलीगौसपुर में शुरू हुई तैयारियां इसी संवेदनशील सोच का प्रमाण हैं, जो बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही हैं।

''बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। संवेदनशील गांवों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा राहत एवं बचाव संसाधनों को तैयार रखा गया है। आमजन से अपील है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। हमारा प्रयास है कि बाढ़ की स्थिति में जनहानि न हो और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद समय पर मिले।''



**सुश्री आकांक्षा गुप्ता, उपजिलाधिकारी, रामनगर**

## भारत ने महिला विश्व कप के लिए भरोसेमंद खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए महिला हॉकी टीम में भरोसेमंद खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया है तथा इस टूर्नामेंट के लिए भी सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए चुनी गई 20 सदस्यीय टीम को ही बरकरार रखा है। टीम की घोषणा शुक्रवार को की गई जिसकी कप्तानी सलीमा टेटे करेंगी। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने इसे एक संतुलित टीम बताया है। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। अभी बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में भाग ले रही भारतीय टीम अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा, विशेष रूप से पिछले महीने न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप में, जहां उसने अजेय रहते हुए ट्रॉफी जीती और एफआईएच प्रो लीग में फिर से जगह बनाई। टीम में सविता और बिचु देवी खारीबाम दो गोलकीपर हैं। रक्षापंक्ति में इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, लालत्वतलुआंगी, ज्योति और शिल्पी डबास शामिल हैं। कप्तान सलीमा, निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग मध्य पंक्ति जबकि लालरेम्सियामी, रुतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति का जिम्मा संभालेंगी। मारिन ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार है। टीम ने टूर्नामेंट की तैयारी में कड़ी मेहनत की है और हमें इस टीम की क्षमता पर पूरा भरोसा है। विश्व कप में भारतीय टीम को चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल डी में रखा गया है। यह टीम पूल चरण के अपने सभी मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगी। वह 16 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। जिसके बाद उसका सामना 18 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका और 20 अगस्त को इंग्लैंड से होगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में आयोजित किए जाएंगे।

टीम इस प्रकार है:

गोलकीपरः सविता, बिचू देवी खारीबाम।

डिफेंडरः इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, लालत्वतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास।

मिडफील्डरः निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, दीपिका सोरेंग।

फॉरवर्डः लालरेम्सियामी, रुतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग।

## कोहली और गंभीर दिन में 10 बार बात करते हैं: बल्लेबाजी कोच कोटक

एजेंसी



कार्डिफ। भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बीच बातचीत नहीं होने की खबरों को 'कोरी अफवाह' करार देते हुए कहा कि अभ्यास सत्र के दौरान भले ही वे एक-दूसरे से दूर-दूर दिखाई दें, लेकिन वे 'दिन में 10 बार' बात करते हैं। ऐसी अटकलें हैं कि गंभीर और कोहली काफी समय से एक-दूसरे से बातचीत नहीं कर रहे हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सलाह दी गई है कि इन दोनों को एक साथ बिठाकर उनके मतभेदों को सुलझाने के लिए किसी मध्यस्थ की मदद ली जा सकती है। बर्मिंघम और कार्डिफ में अभ्यास सत्रों के दौरान भी दोनों को आपस में बातचीत करते नहीं देखा गया। कोहली को अभ्यास सत्र के बाद कोटक से बात करते हुए देखा गया। भारत को दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद जब कोटक से पूछा गया कि क्या वह कोहली और गंभीर के बीच 'सेतु' का काम कर रहे हैं तो वह हंसने लगे। उन्होंने कहा, ''विराट कोहली और गौतम गंभीर दिन में कम से कम 10 बार एक-दूसरे से बात करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें (कोहली को) मुख्य कोच से संवाद करने के लिए किसी माध्यम की जरूरत है। कोटक ने कहा, ''आपने संवादहीनता की बात की है। मुझे नहीं पता कि आप ये बातें कहां से सुनते हैं लेकिन ये कोरी अफवाहें हैं। कोटक ने अपने पूर्ववर्ती अभिषेक नायर की हालिया टिप्पणी को दोहराया कि जब तक स्वयं दिग्गज बल्लेबाज अपनी बल्लेबाजी को लेकर सलाह न मांगे, तब तक उन्हें कोई सलाह नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''जब विराट बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैंने यह महसूस किया है कि अगर वह सुझाव नहीं मांगते हैं या कोई ऐसी महत्वपूर्ण बात नहीं है जिस पर ध्यान देने की जरूरत हो तो उन्हें परेशान करने का कोई मतलब नहीं है। आपको उन्हें बिना मांगे सलाह नहीं देनी चाहिए। कोटक ने दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान कोहली से बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, ''यह बातचीत मुख्य रूप से उनके फुटवर्क, कुछ ऐसी बातों पर केंद्रित थी जो उन्होंने अभ्यास सत्र शुरू होने से पहले मुझे बताई थी। अभ्यास सत्र के बाद भी हम इस पर बात कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अगर रोहित का यह आखिरी मैच है, तो उम्मीद है कि वह यादगार पारी खेलेंगे: पार्थिव पटेल

**नयी दिल्ली।** अटकलें लगाई जा रही है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे मैच रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा और पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल को उम्मीद है कि वह इस मैच में शतक जड़कर अपने आलोचकों को करारा जवाब देंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने रोहित को बता दिया है कि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। इससे रविवार को होने वाले मैच के बाद रोहित के संन्यास की घोषणा करने या उन्हें स्थायी रूप से टीम से बाहर किए जाने की संभावना पैदा हो गई है। वह पहले ही टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। पटेल ने जियोस्टार से कहा, '''अगर लॉर्ड्स में खेला गया वनडे मैच वाकई रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच है, तो वह शतक के साथ विदाई लेना चाहेंगे। वह ऐसा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। हमने उनके पूरे करियर में देखा है कि दो-तीन मैच में कम स्कोर बनाने के बाद वह अक्सर बड़ा स्कोर बनाते हैं। रोहित ने दूसरे वनडे में 47 गेंद पर 26 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। पटेल ने कहा, ''विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच हमेशा से ही निरंतरता का अंतर रहा है। रोहित हर मैच में बड़ा स्कोर नहीं बनाते, लेकिन जब भी बनाते हैं तो दमदार पारी खेलते हैं। इस मैच में वह सहज नहीं दिखे। पटेल ने स्वीकार किया कि कार्डिफ में पिच की अनियमित उछाल से रोहित परेशान थे और किसी भी समय लय हासिल नहीं कर सके। उन्होंने कहा, '' यह उनके लिए अपने आलोचकों को चुप कराने का एक और मौका है। वह पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। अगर लॉर्ड्स वनडे वास्तव में उनका आखिरी मैच है तो मुझे उम्मीद है कि वह ऐसी पारी खेलेंगे जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

### मीडिया और पूर्व खिलाड़ियों ने ट्यूशेल की आलोचना की

**अटलांटा।** इंग्लैंड ने विश्व कप खिताब का 60 साल से चला आ रहा सूखा खत्म करने के लिए जर्मन कोच को नियुक्त किया, लेकिन वह भी इस टीम का भाग्य नहीं बदल सके और फिर से वही पुरानी कहानी दोहराई गई। इंग्लैंड को फिर से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा और यह पराजय भी उसे जीत की स्थिति में होने के बावजूद मिली। बुधवार को अर्जेंटीना से 2-1 से मिली हार के बाद ब्रिटिश मीडिया ने कोच थॉमस ट्यूशेल की आलोचना की। एक शीर्षक में लिखा था, ''वही पुरानी कहानी।'' दूसरे में कहा गया, ''ट्यूशेल का कद छोटा हो गया है। इंग्लैंड ने अपना एकमात्र विश्व कप 1966 में जीता था और तब से उसका इंतजार बरकरार है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गैरी लाइनकर ने ट्यूशेल के भविष्य पर सवाल उठाते हुए कहा, ''टीम को इस मुकाम से आगे बढ़ाने के लिए ही उन्हें यह पद सौंपा गया था। लेकिन क्या वह हमें आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति थे। उन्होंने अहम मौके पर बहुत बड़ी गलती कर दी। उनकी रणनीति और खिलाड़ियों को बदलने का तरीका समझ से परे था।'' ट्यूशेल ने गैरेथ साउथगेट की जगह ली थी जिनके रहते हुए इंग्लैंड ने लगातार दो यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाई, लेकिन खिताब नहीं जीत पाया। माना जाता है कि उनके सतर्क रवैये के कारण इंग्लैंड को महत्वपूर्ण मैचों में हार का सामना करना पड़ा। विश्व कप 2018 के सेमीफाइनल में क्रोएशिया और इसके तीन साल बाद यूरो कप के फाइनल में इटली के खिलाफ उनकी रणनीति की आलोचना हुई थी। ऐसे में ट्यूशेल से उम्मीद की जा रही थी कि वह महत्वपूर्ण अवसरों पर टीम से अच्छा प्रदर्शन कराने में सफल रहेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वायने रूनी ने कहा, ''मुझे लगता है कि थॉमस ट्यूशेल ने जो फैसले लिए उनकी वजह से हमें हार का सामना करना पड़ा।

### पेले की 1958 विश्व कप फाइनल में पहनी गई जर्सी नीलामी में 49 लाख डॉलर में बिकी

**न्यूयॉर्क।** ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले ने 1958 के विश्व कप फाइनल में जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में 49 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपये) में बिक गई है। नीलामीकर्ता सोथबीज़ ने यह जानकारी दी। पेले उस समय 17 वर्ष के थे जब उन्होंने रासुंडा स्टेडियम में मेजबान स्वीडन पर ब्राजील की 5-2 की जीत में दो गोल किए थे। विश्व कप फाइनल में सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड अब भी पेले के नाम पर दर्ज है। सोथबीज़ ने कहा कि ब्राज़ील के स्टार खिलाड़ी द्वारा पहनी गई जर्सी अब तक बेची गई दूसरी सबसे महंगी फुटबॉल जर्सी है। डिएगो माराडोना की 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी गई 'हैंड ऑफ गॉड' जर्सी 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी।

### रिलायंस के प्रवर्तकों ने अप्रैल-जून तिमाही में हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रवर्तक समूह ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान बाजार से शेयर खरीदकर अपनी हिस्सेदारी में करीब 0.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसे देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के प्रति उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। नियामकीय शेयरधारिता के आंकड़ों के अनुसार, प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी अप्रैल-जून तिमाही के अंत में बढ़कर 50.48 प्रतिशत हो गई, जो तीन महीने पहले (जनवरी-मार्च) करीब 50 प्रतिशत थी। यह खरीद भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 'क्रीपिंग एक्विजिशन' नियमों के तहत अनुमत सीमा के भीतर की गई। इन नियमों के तहत प्रवर्तक निर्धारित सीमा के अधीन अनिवार्य खुली पेशकश लाए बिना धीरे-धीरे अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकते हैं। बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रवर्तक समूह ने इन शेयर की खरीद पर 8,500 करोड़ से 9,000 करोड़ रुपये खर्च किए होंगे। कंपनी की ताजा शेयरधारिता जानकारी के अनुसार, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी और उनके तीन बच्चों ईशा, आकाश और अनंत के पास कंपनी के 1.61-1.61 करोड़ शेयर हैं। यह प्रत्येक के लिए 0.12 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। उनकी मां के. डी. अंबानी के पास 3.14 करोड़ शेयर यानी 0.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष शेयर प्रवर्तक समूह की विभिन्न इकाइयों के पास हैं। इनमें श्रीचक्र कमर्शियल्स एलएलपी की हिस्सेदारी सबसे अधिक 10.93 प्रतिशत है। देवर्षि कमर्शियल्स एलएलपी, करुणा कमर्शियल एलएलपी और तत्त्वम एंटरप्राइजेज एलएलपी की हिस्सेदारी 8.06-8.06 प्रतिशत है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब रिलायंस खुदरा, डिजिटल, नई ऊर्जा और उपभोक्ता कारोबार में भारी निवेश कर रही है एवं दीर्घकालिक वृद्धि के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किए हुए है। आमतौर पर प्रवर्तकों की हिस्सेदारी बढ़ने को कंपनी की संभावनाओं के प्रति प्रबंधन के भरोसे का संकेत माना जाता है। इससे प्रवर्तकों का नियंत्रण मजबूत होता है और सार्वजनिक हिस्सेदारी में मामूली कमी आती है।

## राष्ट्रीय एंटी डोपिंग अधिनियम लागू, खिलाड़ियों के अधिकारों की सुरक्षा और स्वच्छ खेल व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग अधिनियम, 2022 तथा राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर लागू कर दिया है। इसके साथ ही देश में स्वच्छ खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनी एवं संस्थागत ढांचे को और मजबूत किया गया है। सरकार के अनुसार नया कानून खेलों में डोपिंग की रोकथाम, खिलाड़ियों के अधिकारों की रक्षा और खेल प्रतियोगिताओं की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए व्यापक कानूनी आधार प्रदान करेगा। यह व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किए गए एंटी-डोपिंग मानकों के अनुरूप तैयार की गई है। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग अधिनियम भारत की

**वैश्विक मानकों के अनुरूप होगा एंटी-डोपिंग ढांचा**

**जांच और परीक्षण के लिए मजबूत कानूनी व्यवस्था**

**संशोधन अधिनियम से बढ़ेगी संस्थागत स्वायत्तता**

एंटी-डोपिंग प्रणाली को विश्व एंटी-डोपिंग संहिता (वर्ल्ड एंटी-डोपिंग कोड) के अनुरूप बनाया गया है। साथ ही यह खेलों में डोपिंग के खिलाफ यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तहत भारत की प्रतिबद्धताओं को भी पूरा करेगा।सरकार का कहना है कि नए कानून से एंटी-डोपिंग संस्थाओं की स्वतंत्रता मजबूत होगी,




खिलाड़ियों को बेहतर प्रक्रियागत सुरक्षा मिलेगी, विवादों के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी और देश की एंटी-डोपिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ेगी। अधिनियम के तहत सभी खेलों में डोपिंग रोधी उपायों को कानूनी आधार दिया गया है। इसमें डोप परीक्षण, परिणाम प्रबंधन, खिलाड़ियों को जागरूक करने, खुफिया जानकारी जुटाने और जांच की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। साथ ही पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए खिलाड़ियों के अधिकारों की रक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) अधिनियम, 2025 के माध्यम से एंटी-डोपिंग प्रशासन की संरचना को और मजबूत किया गया है। इसका उद्देश्य संस्थागत स्वायत्तता बढ़ाना तथा भारत की एंटी-डोपिंग व्यवस्था को बदलते वैश्विक मानकों और सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप बनाना है। सरकार ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से भारत में पारदर्शी, निष्पक्ष और खिलाड़ी-केंद्रित एंटी-डोपिंग व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह खेलों में ईमानदारी, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता के मूल्यों को मजबूत करेगा तथा भारतीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समान अवसर सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

### माराडोना विश्व कप में मेस्सी से आगे, अर्जेंटीना के ट्रॉफी जीतने पर बराबरी पर पहुंच जाएंगे: भूटिया

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया विश्व कप में प्रदर्शन के मामले में डिएगो माराडोना को लियोनेल मेस्सी से बेहतर मानते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर अर्जेंटीना रविवार को खिताब जीतता है तो उसका मौजूदा कप्तान 1986 के टूर्नामेंट में अपनी टीम को विजेता बनाने वाले पूर्व कप्तान की बराबरी पर पहुंच जाएंगे। अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है जहां उसका सामना स्पेन से होगा। मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में विश्व कप जीता था। माराडोना ने 1986 में अर्जेंटीना को चैंपियन बनाया था लेकिन उनकी टीम 1990 में फाइनल में जर्मनी से हार गई थी। भूटिया का मानना है कि माराडोना ने अकेले दम पर अर्जेंटीना को 1986 का विश्व चैंपियन बनाने का कारनामा किया था जिससे वह मेस्सी से ऊपर हैं। भूटिया ने कहा, ''इन दोनों के बीच तुलना करना मुश्किल है। लेकिन माराडोना ने अकेले दम पर 1986 का विश्व कप जीता था।

## दमन के नमो एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए सीधी हवाई सेवा की कमर्शियल उड़ानें शुरू

**राम मोहन नायडू ने दमन के नमो एयरपोर्ट से पहली वाणिज्यिक उड़ान को दिखाई हरी झंडी**



एजेंसी

नई दिल्ली। दमन के नमो एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए सीधी हवाई सेवा के साथ कमर्शियल उड़ानें हुईं शुरू हो गई है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के प्रशासक प्रफुल पटेल ने एलायंस एयर की पहली सर्विस को हरी झंडी दिखाई। यह केंद्र शासित प्रदेश से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के लिए पहली सीधी उड़ान सेवा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुताबिक सरकारी स्वामित्व वाले क्षेत्रीय वाहक एलायंस एयर की इस उड़ान के शुभारंभ के साथ दमन का पहला सीधा हवाई संपर्क बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस नागरिक टर्मिनल की आधारशिला 25 अप्रैल, 2023 को रखी थी और हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने 5 जून को किया था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन ने 25 एकड़ की भूमि पर 124 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण किया है, जिसमें नागर विमानन मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए 88 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। यह टर्मिनल 3,700 वर्ग मीटर में फैला है और अभी यह हर दिन एटीआर 14 उड़ानों को संचालित करने में सक्षम है, जिसकी वार्षिक क्षमता 3 लाख 67 हजार यात्रियों की है। राम मोहन नायडू ने अपने संबोधन में कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर दमन के लोगों को दिल से बधाई। अपनी पहली उड़ान के साथ ही दमन सीधे देश की राजधानी से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब सूरत या मुंबई से होकर 8 से 10 घंटे बिताने के बजाय, दिल्ली दमन से सिर्फ 2.5 घंटे दूर होगी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बदलाव लाने वाली उड़ान योजना से ही संभव हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हर वर्ष करीब 20 लाख पर्यटक दमन आते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, हमारी योजना रनवे को बढ़ाते हुए मुंबई, सूरत, अहमदाबाद और पटना जैसे शहरों से संपर्क स्थापित करना है और दमन में एयरबस ए320 जैसे विमान सहित बड़े विमानों को उतारना है।

## आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे 'गन फॉर ग्लोरी' के चार निशानेबाज

नई दिल्ली। गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन (गन फॉर ग्लोरी) के चार निशानेबाज आगामी आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चीन के हांगझोउ में 20 से 29 जुलाई तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी चुनौती पेश करेंगे। फाउंडेशन की ओर से ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल टीम की अगुवाई करेंगे। एलावेनिल महिला 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में हिस्सा लेंगी, जबकि रुद्रांक्ष पुरुष 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। इनके अलावा फाउंडेशन की उभरती हुई निशानेबाज साक्षी सुनील पडेकर (महिला 10 मीटर एयर राइफल) और शाहू तुषार माने (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। दोनों खिलाड़ी घरेलू प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन और अकादमी में लंबे समय तक की गई तैयारी के बाद विश्व कप में उतरेंगे। पिछले तीन वर्षों से गन फॉर ग्लोरी अकादमी से जुड़ी साक्षी सुनील पडेकर ने हाल के दिनों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विश्व कप से पहले उन्होंने फाउंडेशन की ओर से जारी एक बयान में कहा, ''मेरा पूरा ध्यान एक समय में एक शॉट पर रहेगा। यही सोच अब तक मेरे लिए कारगर रही है। पिछले कुछ सप्ताह में हमने तकनीकी पहलुओं पर काफी काम किया है और मुझे अपनी तैयारी तथा अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है। हर प्रतियोगिता सीखने का अवसर होती है और मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्साहित हूं। पुरुष वर्ग के निशानेबाज शाहू तुषार माने भी पिछले ढाई वर्षों से गन फॉर ग्लोरी अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हाल ही में एयर राइफल ट्रायल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले शाहू ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर ध्यान देना है। उन्होंने कहा, ''मैं विश्व कप में किसी विशेष लक्ष्य के साथ नहीं जा रहा हूं।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 1,324 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 1,324 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1,169 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जून 2026 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 10,678 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 10,360 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज आय बढ़कर 9,691 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में 8,589 करोड़ रुपये थी। बैंक का परिचालन लाभ घटकर 2,186 करोड़ रुपये रह गया जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 2,304 करोड़ रुपये था। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है। पहली तिमाही के अंत में सकल अग्रिमों के मुकाबले सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 2.60 प्रतिशत रह गईं जो एक वर्ष पहले 3.13 प्रतिशत थीं। बैंक का शुद्ध एनपीए 30 जून, 2026 तक 0.49 प्रतिशत पर स्थिर रहा। इससे खराब ऋणों के लिए प्रावधान घटकर 346 करोड़ रुपये रह गया, जो जून, 2025 के अंत में 468 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात बढ़कर 18.28 प्रतिशत हो गया जो 2025-26 की पहली तिमाही के अंत में 17.66 प्रतिशत था।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज लगातार पांचवे दिन शुरुआती दौर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में आज सोने के भाव में 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,280 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,34,900





रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ है।

# मेघालय और आंध्र प्रदेश में मकड़ियों की दो नई प्रजातियों की खोज, भारत की जैव विविधता को मिली नई पहचान

एजेंसी

कोलकाता । भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के वैज्ञानिकों ने मेघालय की भूमिगत गुफाओं और आंध्र प्रदेश के घने वनों की ऊपरी छतरी (कैनोपी) से मकड़ियों की दो नई प्रजातियों की खोज कर भारत की जैव विविधता के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन दोनों खोजों पर आधारित शोध अंतरराष्ट्रीय स्तर की समीक्षित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन नई प्रजातियों की पहचान से देश की अब तक कम ज्ञात सूक्ष्म जैव विविधता और विशिष्ट पारिस्थितिक तंत्रों को समझने में नई मदद मिलेगी। जेडएसआई की ओर से शुक्रवार को जारी जानकारी के अनुसार, पहली नई प्रजाति 'सिमोनिया लॉबह' मेघालय के लॉबह क्षेत्र स्थित क्रम लॉबह गुफा से खोजी गई है। यह अत्यंत सूक्ष्म गुफा-निवासी मकड़ी है, जिसकी लंबाई दो मिलीमीटर से भी कम है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसका शंकु के आकार का जाल है, जो गुलेल की तरह कार्य करता है। मकड़ी इस जाल की सहायता से उड़ने वाले छोटे कीटों को तेजी से अपनी ओर खींचकर शिकार करती है। इस खोज के साथ ही 'सिमोनिया' वंश का भारत में पहला आधिकारिक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। दूसरी नई प्रजाति 'हामाटालिवा पापिकोंडा' आंध्र प्रदेश के पापिकोंडा राष्ट्रीय उद्यान के मिश्रित पर्णपाती वनों की ऊपरी शाखाओं से खोजी गई है। लगभग पांच मिलीमीटर लंबी यह पीले रंग की शिकारी मकड़ी जाल नहीं बुनती, बल्कि अपनी तेज गति, कंटेदार पैरों और आठ आंखों की विशेष षट्कोणीय संरचना के सहारे शिकार करती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, आंध्र प्रदेश में 'हामाटालिवा' वंश का यह पहला वैज्ञानिक रिकॉर्ड है। मेघालय में खोजी गई प्रजाति पर शोध करने वाली टीम में जेडएसआई मुख्यालय, कोलकाता के वैज्ञानिक सुप्रदीप्त दत्ता, पुथूर पट्टाम्मल सुधिन, डॉ. सौविक सेन और डॉ. धृति बनर्जी के साथ जेडएसआई के पूर्वोत्तर क्षेत्रीय केंद्र, शिलांग के राजीब गोस्वामी शामिल थे। वहीं, आंध्र प्रदेश में मिली नई प्रजाति पर हुए अध्ययन का नेतृत्व उपासना भट्टाचार्य, पुथूर पट्टाम्मल सुधिन और डॉ. सौविक सेन ने किया। जेडएसआई के अरैक्निडा अनुभाग के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सौविक सेन ने कहा कि इस प्रकार की खोजें यह प्रमाणित करती हैं कि भारत के विविध प्राकृतिक आवासों में अब भी अनेक ऐसी प्रजातियां मौजूद हैं, जिन तक विज्ञान की पहुंच नहीं बन सकी है। उन्होंने कहा कि ये मकड़ियां आकार में बेहद छोटी हैं और सीमित भौगोलिक क्षेत्रों में पाई जाती हैं। इसलिए इनकी पहचान केवल विशेष वैज्ञानिक सर्वेक्षणों और गहन अनुसंधान के माध्यम से ही संभव हो पाती है। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की निदेशक डॉ. धृति बनर्जी ने कहा कि प्रत्येक नई प्रजाति की खोज भारत की समृद्ध जैव विविधता को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भूमिगत गुफाओं से लेकर घने वनों की ऊपरी परत तक फैले संवेदनशील प्राकृतिक आवासों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। ऐसे पारिस्थितिक तंत्र न केवल दुर्लभ जीवों का आश्रय हैं, बल्कि भविष्य में नई प्रजातियों की खोज और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण हैं।




# देश में इस वर्ष के अंत तक 350 रेलवे स्टेशनों का होगा नवनिर्माण : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

जालंधर । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश में इस वर्ष के अंत तक देश में 350 रेलवे स्टेशनों का नवनिर्माण किया जाएगा। इस दिशा में तेज गति से कार्य चल रहा है।

अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री ने देश में अमृत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित 75 रेलवे स्टेशनों का उदघाटन करने के बाद भविष्य का रोडमैप पेश किया। रेल मंत्री ने बताया कि आज देश के 20 राज्यों में 75 स्टेशनों का उद्घाटन किया गया है। इनमें पंजाब के जालंधर के अलावा आनंदपुर साहिब तथा साहिबजादा अजीत सिंह नगर रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 1300 रेलवे स्टेशनों ने नवनिर्माण का खाका तैयार किया है, जिनमें से 261 स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं। अन्य स्टेशनों के नवीनीकरण का काम चल रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के



रेलवे स्टेशनों को आने वाले दशकों की क्षमता व जरूरतों को देखकर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व की केंद्र सरकारों के कार्यकाल के दौरान पंजाब में रेल बजट मात्र 225 करोड़ होता था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसको हर साल बढ़ाया और आज यह बजट 5500 करोड़ तक पहुंच चुका है। रेल मंत्री ने बताया कि इस समय पंजाब में 30 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। करीब 1800 करोड़ रुपये की लागत से 30 रेलवे स्टेशनों का नवनिर्माण किया जाएगा। इनमें से जालंधर, आनंदपुर साहिब, मुक्तसर तथा साहिबजादा अजीत सिंह नगर स्टेशनों का काम पूरा हो चुका है। इस समय पंजाब में 12 वंदे भारत तथा चार अमृत भारत ट्रेन चल रही हैं। भविष्य में इनकी संख्या को बढ़ाया जाएगा। रेल मंत्री ने बताया कि पंजाब में शत प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है।

# पेज एक का शेष

## जींद...

शामिल हैं। उन्होंने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड, अंबाला-काला अंब चार लेन राजमार्ग तथा जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग को राष्ट्र को समर्पित किया और हांसी-बरवाला ब्राउनफील्ड राजमार्ग परियोजना की आधारशिला रखी।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन किया, भिवानी स्थित पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज, नारनौल के महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल का लोकार्पण किया तथा कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखी।

प्रधानमंत्री ने अपने हालिया इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि इन देशों के साथ खेल उद्योग, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल अवसंरचना के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय खेल नीति और 'खेलो इंडिया' अभियान के माध्यम से देश में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा दौरे के दौरान राज्य सरकार की पारदर्शी भर्ती व्यवस्था, खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन और किसानों के हित में संचालित योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने ''बिना खर्ची, बिना पर्ची'' के आधार पर सरकारी नौकरियां देकर नई पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा में एक समय था जब नौकरियों की बोली लगती थी और क्षेत्रवाद हावी था लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद इस व्यवस्था को बदला है। यह आसान काम नहीं था। आज हरियाणा की पहचान पारदर्शी तरीके से नौकरियां प्रदान करने वाले राज्य की बनी है। यह पिछले 12 वर्षों में संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री ने हरियाणा के खिलाडि़यों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हरियाणा सरकार खिलाडि़यों को तैयारी से लेकर प्रदर्शन तक संरक्षण प्रदान कर रही है। खिलाडि़यों को तैयारी करने के लिए भी सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के साथ खिलाडि़यों को आधुनिक ट्रेनिंग तथा खेल उपकरण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बातचीत हुई है। इसका सीधा लाभ हरियाणा प्रांत को मिलेगा। पिछले कुछ समय से स्पोर्ट्स रोजगार व कारोबार का माध्यम बना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 में भारत में कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 2036 के ओलंपिक गेम्स भारत में हों इसके लिए भी केंद्र सरकार प्रयास कर रही है। हरियाणा ने अभी से 2036 की तैयारी शुरू कर दी है। यह सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि हरियाणा के खिलाड़ी कॉमनवेल्थ और ओलंपिक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

प्रधानमंत्री ने केंद्र तथा हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को समृद्ध बनाने के लिए शुरू की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से हरियाणा के किसानों को अब तक आठ हजार करोड़ की राशि मिल चुकी है। जिसमें केवल जींद जिला के किसानों को 600 करोड़ मिले हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में लागू की गई योजनाओं के लिए नायब सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आज हरियाणा सरकार प्रदेश के हर वर्ग की वर्तमान ही नहीं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम कर रही है।

## विकसित...

तहत देशभर में लगभग 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं, जहां उपचार के साथ 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से अब तक 48 करोड़ से अधिक ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श दिए जा चुके हैं, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों के लोगों को भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा मिल रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत अभियान को भी तेजी से आगे बढ़ा रही है। समय पर जांच और उपचार के कारण टीबी के इलाज का दायरा 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में भारत में टीबी संक्रमण में 21 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय दुनिया भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर चिंतित रहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया की सोच बदल दी। उन्होंने कहा, ऌकोरोना के समय भारत मदद नहीं मांग रहा था, बल्कि दुनिया को दवाइयां और सहायता भेज रहा था।ङ्क उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर से लोग इलाज के लिए भारत आ रहे हैं, जो पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में शिक्षा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान और अनुसंधान से जुड़े प्रतिष्ठित संस्थान मौजूद हैं, जो भविष्य में नई तकनीक, स्वास्थ्य सेवाओं, स्टार्टअप और नवाचार के बड़े केंद्र बन सकते हैं। विकसित भारत की यात्रा में भविष्य की प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देना समय की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने अपने हरियाणा दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि जींद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ देश की तकनीकी प्रगति का प्रतीक है और स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 4,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें पीजीआईएमईआर में एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर तथा एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर का उद्घाटन, 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज और सरकारी कॉलेज सेक्टर-46 के छात्रावासों की परियोजनाएं तथा आईटी सिटी-कुराली छह लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, जीरकपुर ग्रीनफील्ड बाईपास और पीआर-7 स्पर कॉरिडोर जैसी प्रमुख सड़क अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं।

## वन संरक्षण...

विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन की आधारशिला वन ही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की वैध आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। विकास और संरक्षण को एक-दूसरे का विरोधी नहीं, बल्कि पूरक माना जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से ऐसे समाधान विकसित करने का आह्वान किया, जिनसे प्रकृति और स्थानीय समुदाय दोनों समान रूप से समृद्ध हो सकें।उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों, वनवासियों, महिलाओं, किसानों और स्थानीय संस्थाओं के विचारों और चिंताओं को समझना बेहतर निर्णय लेने में सहायक होगा। संरक्षण, वन बहाली और आजीविका से जुड़े कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे वन संरक्षण के प्रयास अधिक टिकाऊ बनेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि लोक सेवा का उद्देश्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पारिस्थितिक सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें विश्वास है कि भारतीय वन सेवा के युवा अधिकारी देश के हरित, समावेशी और सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय वन सेवा के वर्ष 2024 और 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी वर्तमान में देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2024 बैच में 111 और वर्ष 2025 बैच में 131 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल हैं। दोनों बैच में भूटान के दो-दो प्रशिक्षु अधिकारी भी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मु ....

उत्तरी मैसेडोनिया और रोमानिया के राष्ट्रपतियों के निमंत्रण पर की जा रही हैं। इन तीन देशों की यात्रा का विशेष ऐतिहासिक महत्व है क्योंकि यह मोल्दोवा और उत्तरी मैसेडोनिया में किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। रोमानिया की यात्रा तीन दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली राजकीय यात्रा होगी, इससे पहले ऐसी यात्रा 1994 में की गई थी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु 20 जुलाई को राष्ट्रपति मैया सैंडू के निमंत्रण पर मोल्दोवा पहुंचेंगी। किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह मोल्दोवा की पहली यात्रा होगी। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अपनी समकक्ष मैया सैंडू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। इसके अलावा वह भारत-मोल्दोवा बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगी तथा भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगी।

मंत्रालय के अनुसार भारत और मोल्दोवा के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगी। कृषि, स्वास्थ्य एवं औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु 21 एवं 22 जुलाई को राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के निमंत्रण पर उत्तरी मैसेडोनिया की राजकीय यात्रा करेंगी। किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह उत्तरी मैसेडोनिया की भी पहली यात्रा होगी। इस दौरान वह राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा, प्रधानमंत्री क्रिस्टिजन मिकोस्की और असेंबली के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगी तथा उत्तरी मैसेडोनिया की असेंबली को संबोधित करेंगी। वह भारत-उत्तरी मैसेडोनिया बिजनेस फोरम में भी भाग लेंगी। दोनों देशों की कृषि, औषधि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी तथा आईटीईएस जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग बढ़ाने में विशेष रुचि है।

इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मु 23 से 25 जुलाई तक राष्ट्रपति निकुशोर डैन के निमंत्रण पर रोमानिया की राजकीय यात्रा करेंगी। तीन दशक से अधिक समय बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली रोमानिया यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति निकुशोर डैन, अंतरिम प्रधानमंत्री इली बोलोजान, सीनेट के अध्यक्ष मिर्सिया अब्रुडियन, चैंबर ऑफ डेप्युटीज के अध्यक्ष सोरिन ग्रिंडियानु, रोमानिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगी। इसके अलावा वह भारत-रोमानिया बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि रोमानिया यूरोपीय संघ में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने के बाद दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलने की संभावना है।

सिबी जॉर्ज ने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा मध्य और पूर्वी यूरोप के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव को दिखाती है और इस क्षेत्र के देशों के साथ हमारी साझेदारी को मज़बूत करने के हमारे संकल्प को फिर से दोहराती है। यह यूरोप के साथ भारत के व्यापक जुड़ाव और यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी को भी आगे बढ़ाती है।

भारत-ईयू एफटीए पर सचिव (पश्चिम) ने कहा कि इस साल जनवरी में हमने एफटीए चर्चा पूरी की। इसने निश्चित रूप से भारत और यूरोपीय संघ के देशों के बीच व्यापार संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सब कुछ वैसा ही हो रहा है जैसा हमने एफटीए के लागू होने में योजना बनाई थी। जैसा कि योजना बनाई गई है, यह चल रहा है और यह निश्चित रूप से यूरोपीय संघ के प्रत्येक सदस्य देश के साथ हमारे आर्थिक जुड़ाव के निर्माण में योगदान देगा।

भारत मोल्दोवा में दूतावास खोलने की योजना से जुड़े एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इस स्तर पर नए दूतावास खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## परिसीमन-महिला ....

अत्यंत आवश्यक है। महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष के रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए शेखावत ने कहा कि जब पिछले सत्र में महिला आरक्षण और इससे जुड़े विषय लोकसभा के पटल पर रखे गए थे, तब विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा और महिलाओं की भागीदारी को रोकने का उनका चाल एवं चरित्र पूरी तरह बेनकाब हो गया था। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा सत्र शुरू होने के साथ ही जब बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक होगी और सभी दलों के सदस्य सर्वसम्मति से निर्णय लेंगे तो इस विधेयक को पटल पर लाया जाएगा। विपक्ष के दोहरे चेहरे वाले लोग एक बार फिर देश की जनता के सामने बेनकाब होने के लिए तैयार रहें।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देश को 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक स्तर पर तैयार करने के दृष्टिकोण से आज का दिन बेहद ऐतिहासिक है। मोदी सरकार में देश के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। मोदी सरकार में देशभर के लगभग 1500 रेलवे स्टेशनों को मॉडर्नाइज करने का काम 5000 करोड़ से अधिक की लागत से जारी है।

## खाद्य प्रसंस्करण...

उद्योगों को लागत में राहत देने के साथ आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों, अनुदानों एवं निवेश सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी प्रदेश में निवेश के लिए आगे आएं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी.एल.मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में गठित एप्रेजल समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त 11 निवेश प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा एवं परीक्षण किया गया तथा निर्धारित शर्तों के साथ 09 को स्वीकृति हेतु संस्तुत किया गया। अप्रेजल समिति द्वारा 70 करोड़ के नौ पूर्ण प्रस्तावों को सशर्त एस.एल.ई.सी. के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी। बरेली से दो, कानपुर नगर से एक, ललितपुर से एक, गोरखपुर से दो, बदायूँ से एक, लखनऊ से एक एवं हापुड़ से एक प्रस्ताव की संस्तुति की गयी। मीणा द्वारा बताया गया कि 99 प्रतिशत लोन डिस्बर्समेण्ट के साथ पी.एम.एफ.एम.ई. में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत लेटर आफ कम्फर्ट औसतन 20 दिनों में निर्गत हो रहे हैं और स्वीकृत इकाईयां औसतन 200 दिनों में क्रियाशील हो रही हैं, जो पूर्व में 500 दिनों में होती थी।

## चेकिंग...

सीमाओं एवं संवेदनशील स्थानों पर लगातार सघन वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि दतिया विधानसभा सीट क्रमांक-22 पर 30 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होना है।

अमृत भारत...

स्वच्छता, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, डिजिटल सूचना प्रणाली सहित कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अशोक नगर रेलवे स्टेशन के नए स्वरूप का स्वागत करते हुए इसे जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

ग्राम सेमरी शाहबाद में स्कूल के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण

इससे पहले केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को अशोकनगर जिले के ग्राम सेमरी शाहवाद में नवीन ग्राम चौपाल एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय के 23.58 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया। उन्होंने विद्यालय में स्थापित 01.5 लाख रुपये की लागत वाले आधुनिक डिजीटल बोर्ड तथा 05 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि यह कार्यक्रम सामान्य कार्यक्रम नहीं है, यह हमें 100 पूर्व की याद दिलाता है। नवीन ग्राम चौपाल का उद्घाटन करते हुए पूर्वजों की याद दिलाता है। पहले गांव में ग्राम चौपाल हुआ करती थी, जिसमें गांव के बुजूर्ग, महिला एवं नौजवान तथा मंडली एक साथ एकत्रित होते थे। उनमें कोई दुर्व्यहार नहीं होता था। वही दृश्य इस चौपाल के उद्घाटन कार्यक्रम में देखने को मिला। जिसमें भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन कर स्वागत किया गया।

उन्होंने माध्यमिक शाला के उन्नयन कार्य की सराहना करते हुए अत्यानुधिक सुविधाओं को इस परिसर में निर्मित कर जीर्णोद्वारा किया गया है। एक-एक कक्ष बच्चों की पढ़ाई की सुविधा के हिसाब से तैयार कराया गया है। सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वंय की बिजली के माध्यम से स्कूल जगमगायेगा। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाये गये है। मैं सभी विद्यार्थियों से बेहतर पढ़ाई के लिए आव्हान करता हूँ। साथ ही ग्राम के सरपंच,सचिव एवं स्कूल प्रबंधन की इस पहल का सम्मान करता हूं।

## उत्तर प्रदेश ...

को पकड़ने का प्रयास किया, तो उन्होंने अचानक फायरिंग शुरू कर दी और ट्रेन से कूदकर गांव की ओर भाग गए। पीछा करने पर बदमाशों ने दोबारा पुलिस पर गोलियां चलाईं, जिसमें दो सिपाही घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को मार गिराया।

उन्होंने बताया कि पुलिस को आशंका है कि गिरोह के अन्य सदस्य भी आसपास के क्षेत्र में छिपे हो सकते हैं। उन्हें पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और संदिग्ध स्थानों पर लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मारे गए दोनों बदमाश कई आपराधिक मामलों में वांछित थे और उनके आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच की जा रही है। साथ ही मुठभेड़ से जुड़े सभी तथ्यों का सत्यापन कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सपा...

2020 के बीच ही जो प्रगति की, उसका परिणाम था कि 2020-2021 में कोरोना काल में दिल्ली और आस-पास के जिलों के लोग यहां अस्पतालों में इलाज के लिए आ रहे थे। यह विकास का वह मॉडल है जो डबल इंजन की सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार मिलकर शामली की प्रगति कर रही है। योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में चौधरी चरण सिंह के बाद यदि किसी ने चीनी मिलों के लिए कार्य किया तो पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने किया। आज उसका परिणाम है कि 122 चीनी मिलें चल रही हैं। गन्ना मूल्य में वृद्धि कर 400 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। 2007 से 2017 के बीच सपा बसपा सरकार में 29 चीनी मिलें बंद कर दी गयीं थीं। उन मिलों को वापस लाकर चला रहे हैं। आज चीनी और एथनाल उत्पादन में यूपी नंबर एक हो गया है। सपा और कांग्रेस जिन्ना के उपासक हैं। इनके कार्यकाल में पलायन हो रहा था। हम गन्ना किसानों के उपासक है। जिन्ना के उपासक आपको बांटने का ही कार्य करेंगे।

## मुख्यमंत्री ...

कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चाबी, चेक आदि भी वितरित किया।

सीएम योगी के हाथों सम्मानित लाभार्थी रूबी- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को नियुक्ति पत्र निगम- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को नियुक्ति पत्र जय सिंह- कृषि यंत्र की योजना के तहत ट्रैक्टर की चाबी राजपाल- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृति पत्र सुनीता- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृति पत्र ब्रजेश- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चाबी गीता- ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 5.83 करोड़ से अधिक का चेक सरिता व अनिता- ई-रिक्शा की चाबी निशांत जैन- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 25 लाख का चेक नाजिम- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 3.31 लाख का चेक नौशिदा- निराश्रित महिला पेंशन के तहत स्वीकृति पत्र अक्षिता जैन- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्वीकृति पत्र निकिता चौधरी- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्वीकृति पत्र ।

## स्लीमनाबाद...

आने पर भी टनल 100 साल तक सुरक्षित रहेगी। कई स्थानों पर टनल की गहराई जमीन से नीचे 120 फीट तक भी है।

मां नर्मदा, गंगा बेसिन में भी लाएगी हरियाली मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी तो खंभात की खाड़ी में जाकर मिलती है, लेकिन यह विज्ञान का चत्मकार ही है कि अब मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी। एक समय ऐसा भी आया जब लगा कि टनल तैयार होना असंभव जैसा है। लेकिन जब संकल्प बड़ा होता है और पवित्र मन से कार्य किया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। बार-बार कठिन चट्टानों की चुनौतियां आने के बावजूद नर्मदा टनल को पूरा करने के संकल्प के साथ पूरी टीम काम करती रही। राज्य में एक समय पर सिंचाई का रकबा केवल साढ़े 7 लाख हेक्टेयर था। हमारी सरकारों में यह रकबा बढ़ाकर 44 लाख हेक्टेयर हुआ, जो पिछले ढाई साल में बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर हो गया है। किसान कल्याण वर्ष में नर्मदा टनल परियोजना किसानों के लिए बड़ी सौगात है। आगामी तीन माह में रबी की फसल के लिए किसानों को एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा।

जमीन न बेचें किसान, बघेलखंड-बुंदेलखण्ड क्षेत्र भविष्य में पंजाब-हरियाणा को पीछे छोड़ेगामुख्यमंत्री ने कहा कि सोन कछार का 152 क्यूबिक डिस्चार्ज से सतना जिले में 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेयर, मैहर जिले में 54 हजार 227 हेक्टेयर, कटनी जिले में 21 हजार 823 हेक्टेयर, रीवा जिले में 3 हजार 532 हेक्टेयर और पन्ना जिले में 448 हेक्टेयर सहित कुल 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर कमांड एरिया में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही नहरों के निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टनल परियोजना में एक ओर जहां टनल के माध्यम से नर्मदा नदी बहेगी तो दूसरी ओर ऊपर से कटनी नदी प्रवाहित होगी। यह टनल परियोजना बुंदेलखंड और बघेलखंड के लिए बड़ी सौगात है, जो जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति करेगी। चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में सिंचाई विभाग ने सराहनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन न बेचें। यह क्षेत्र भविष्य में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा। इस क्षेत्र से पलायन रुकेगा और आर्थिक रूप से समृद्धि आएगी। हमारी सरकार किसान कल्याण वर्ष में बड़े-बड़े संकल्प पूरा करते हुए आगे बढ़ रही है।

चुनौतियां बढ़ती गईं, इंजीनियर-टेक्निशियन और मजदूर सफलता के लिए संघर्ष करते रहेमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 8 घंटे की तीन शिफ्ट में टनल बनाने के लिए काम शुरू किया गया। वर्ष 2015 तक कुल 1406 मीटर टनल बोरिंग होने से इसकी गति बढ़ाने की आवश्यकता थी। लेकिन वर्ष 2016 से टनल के अपस्ट्रीम छोर से जर्मनी से लाई गई आधुनिक मशीन से खुदाई की गई। इसके बाद चुनौतियां बढ़ती चली गईं, लेकिन इंजीनियर, टेक्नीशियन और मजदूर सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य में लगे रहे। टनल निर्माण के लिए लंबा संघर्ष रहा है और अब वर्ष 2026 में सफलता मिली है। टनल तैयार होने के बाद अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में लगभग ढाई लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। प्रेस से संवाद के समय नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायक संदीप जायसवाल, संजय पाठक तथा अधिकारी गण उपस्थित थे।

# अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को यूथ फाण्डेशन ट्रेनिंग एरिया कुआंवाला, डोईवाला, देहरादून में आयोजित 'अग्निवीर संवाद' कार्यक्रम में हजारों युवाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रसेवा, अग्निवीरों के भविष्य और पुनर्वास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वीरभूमि है और सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत प्रदेश सरकार ने अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे राष्ट्रसेवा के बाद उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अग्निवीरों के प्रशिक्षण, अनुभव और कौशल का प्रभावी उपयोग करते हुए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, ताकि देश की सेवा करने वाले युवाओं को भविष्य की चिंता न करनी पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है और सरकार उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों, अग्निवीरों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता, सम्मान और प्रतिबद्धता के साथ लगातार कार्य कर रही है। साथ ही उत्तराखंड की सैन्य परंपरा को और सशक्त बनाने तथा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

# देश के स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों में पांच साल में बढ़ाई जाएंगी 75 हजार मेडिकल सीटें : नड्डा

■ देश के स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी ढांचा विकास पर रहेगा जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत अब विश्व के उन देशों में शामिल हो गया है, जहां सर्वाधिक डॉक्टर तथा मेडिकल प्रोफ़ेशनल तैयार हो रहे हैं। इसी के चलते आगामी पांच साल के भीतर देश के स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों में यूजी तथा पीजी कक्षाओं के लिए 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी। पहले चरण में 25 हजार सीटें बढ़ाई जा चुकी हैं, जिससे देश वासियों को आने वाले समय में डाक्टर तथा मेडिकल प्रोफ़ेशनल मिलेंगे। जेपी नड्डा शुक्रवार को चंडीगढ़ में करीब 4700 करोड़ रुपये की लागत से तैयार स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के उदघाटन एवं आधारशिला कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि वर्ष 2017 में बनी स्वास्थ्य नीति ने देश के अंतिम पायदान पर बैठने वाले व्यक्ति की चिंता की है। यह पिछली स्वास्थ्य नीति से बिल्कुल अलग थी,इसका विज़न अलग था। यह एक व्यापक और समावेशी स्वास्थ्य नीति थी। इसका मकसद सिर्फ़ बीमारों का इलाज करना नहीं, बल्कि बीमारी को रोकना भी था। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश ने अभूतपूर्व तरक्की की है। आज देश में एक लाख 85 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर चल रहे हैं। पहले जहां इस देश में 387 मेडिकल कॉलेज होते थे, वहीं आज एक लाख 38 हजार यूजी सीट के साथ 818 मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं। आज देश में 23 से अधिक एक्स कार्य कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना आज विश्व की सबसे बड़ी मेडिकल कवरेज वाली योजना साबित हुई है, जिसके माध्यम से 90 करोड़ देशवासियों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। इसके माध्यम से अब प्रत्येक नागरिक का हेल्थ ब्यौरा एक क्लिक से उपलब्ध रहेगा। नड्डा ने कहा कि आने वाले समय में चंडीगढ़ पीजीआई समेत देश भर के एम्स तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी ढांचा विकास पर जोर दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शकूरपुर से 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शकूरपुर से 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि केंद्रों पर 80 प्रकार की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर दिल्लीवासी को अपने घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। इसी दिशा में आज दिल्ली में 415 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर कार्य कर रहे हैं। जल्द ही 1,100 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लक्ष्य भी पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन केंद्रों पर ओपीडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, आवश्यक दवाइयां और 80 प्रकार की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर विधायक तिलक राम गुप्ता, निगम पार्षद किशन लाल, जिलाध्यक्ष अजय खटाना सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# यूट्यूब पर तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, 4.55 लाख बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू हुए ऑपरेशन कालनेमि के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया।

एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देशन में पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ठगी के 4.55 लाख नकद, घटना में प्रयुक्त एंडेवर कार, आईफोन 17 प्रो मैक्स तथा तंत्र-मंत्र में इस्तेमाल किया गया मिट्टी का मटका बरामद किया। श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि 16 जुलाई की रात थाना श्यामपुर क्षेत्र में सोनीपत (हरियाणा) निवासी विनोद कुमार से 4.60 लाख की धोखाधड़ी की सूचना मिली। आरोपियों ने पीड़ित को चंडी देवी मंदिर के पास विशेष पूजा कराने का झांसा देकर नकदी से भरा बैग अपनी कार में रखवा लिया और पूजा सामग्री लाने का बहाना बनाकर फरार हो गए। जांच में सामने आया कि आरोपित अघोरा नाम से यूट्यूब चैनल संचालित करते थे, जहां तंत्र-मंत्र, पूजा-पाठ और कथित चमत्कारों से जुड़े वीडियो अपलोड कर लोगों का विश्वास जीतते थे। सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए लोगों को भूत-प्रेत, ऊपरी बाधा और पारिवारिक समस्याओं के समाधान के नाम पर बुलाकर उनसे लाखों रुपये ऐंठे जाते थे। पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी, तकनीकी जांच और चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान माइनिंग चेक पोस्ट, चिड़ियापुर के पास से दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अंधविश्वास में फंसाकर ठगी करते थे। पुलिस को आशंका है कि गिरोह ने अन्य राज्यों में भी इसी तरह की कई वारदातों को अंजाम दिया है, जिसकी जांच जारी है। गिरफ्तार कालनेमियों के नाम पते मलकीत उर्फ राकेश शर्मा उर्फ मोहित पुत्र श्रवण सिंह उर्फ नमो शान्त शर्मा, निवासी मोहल्ला चारजान, कस्बा मंडावर, जनपद बिजनौर, उम्र 31 वर्ष, हाल निवासी चन्द्रमणी, देहरादून, मोन्टी जोशी पुत्र मुनेश कुमार जोशी, निवासी सब्जी मंडी के पास, थाना पटेलनगर, देहरादून, उम्र 32 वर्ष व युवती निवासी थैलीसैण जनपद पौड़ी गढ़वाल, हाल निवासी तुनुवाला, भद्रकाली, देहरादून उम्र 31 वर्ष बताए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## जींद से चली हाइड्रोजन ट्रेन विकसित भारत की गति, संकल्प और सामर्थ्य का प्रतीक है: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ पर समस्त हरियाणावासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व, गौरव और आत्मविश्वास का क्षण है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर अपने संदेश में कहा कि आज का दिन उनके लिए विशेष भावनात्मक महत्व रखता है, क्योंकि उनका बचपन हरियाणा के जींद में बीता है और उसी धरती से आज भारत के भविष्य की नई यात्रा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जींद से चली हाइड्रोजन ट्रेन विकसित भारत की गति, संकल्प और सामर्थ्य का प्रतीक है। रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत नवाचार, आत्मनिर्भरता और हरित ऊर्जा के नए युग का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ देश के स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नैनीताल में दोपहिया प्रवेश शुल्क पर फिलहाल रोक, नई व्यवस्था बनेगी

**नैनीताल।** नैनीताल नगर में बाहरी जनपदों के दोपहिया वाहनों से 100 रुपये प्रवेश शुल्क वसूलने के निर्णय पर नगर पालिका ने फिलहाल रोक लगा दी है। बढ़ते विवाद और विभिन्न संगठनों के विरोध के बीच नगर पालिका ने अगले आदेशों तक शुल्क वसूली स्थगित कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल और अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने इसकी जानकारी दी। डॉ. खेतवाल ने बताया कि अब ऐसी व्यवस्था तैयार की जा रही है, जिसके तहत बाहरी जनपदों के नंबर वाले दोपहिया वाहन चलाने वाले नैनीताल के स्थानीय निवासियों को पहचान पत्र के आधार पर और नगर में कार्यरत बाहरी जनपदों के वाहन स्वामियों को विशेष स्टिकर जारी किए जाएंगे। इन स्टिकरों के माध्यम से ऐसे वाहन बिना शुल्क के नगर में प्रवेश कर सकेंगे। अन्य बाहरी जनपदों के दोपहिया वाहनों पर प्रवेश शुल्क लागू रहेगा।

# रामनगर-दून के बीच पहली एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी, सप्ताह में दो दिन चलेगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ पर्यटन, तीर्थाटन, शिक्षा और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा,छह जिलों के यात्रियों को होगा लाभ



देहरादून। रेल मंत्रालय ने उत्तराखंड के रामनगर और देहरादून के बीच नई द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन (15310/15309) के संचालन को मंजूरी दे दी है। यह रामनगर और देहरादून के बीच चलने वाली पहली एक्सप्रेस ट्रेन होगी, जिससे कुमाऊं और गढ़वाल के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। नई एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को सुबह 5:50 बजे रामनगर से रवाना होकर दोपहर 12:40 बजे देहरादून पहुंचेगी। वापसी में उसी दिन दोपहर 3:55 बजे देहरादून से प्रस्थान कर रात 11:30 बजे रामनगर पहुंचेगी। मार्ग में ट्रेन काशीपुर, रोशनपुर, पीपलसाना, मुरादाबाद, नजीबाबाद और हरिद्वार स्टेशनों पर ठहरेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार इस ट्रेन के संचालन से उत्तराखंड के नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून तथा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और बिजनौर जिलों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। छात्रों, किसानों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों के लिए आवागमन आसान होगा। साथ ही राजधानी देहरादून और हरिद्वार की यात्रा कर उसी दिन वापसी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। रामनगर-देहरादून एक्सप्रेस के संचालन से जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान आने वाले पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों को बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही रामनगर स्थित प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर तथा सीतामढ़ी (सीतावनी) जैसे धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच भी आसान होगी। हरिद्वार और देहरादून के माध्यम से बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को भी इस नई रेल सेवा का लाभ मिलेगा, जिससे पर्यटन और तीर्थाटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (एसी-2),वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (एसी-3), वातानुकूलित चेयर कार,शयनयान, द्वितीय श्रेणी चेयर कार और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग और सांसद अनिल बलूनी के प्रयासों को ध्यान में रखते हुए इस नई एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन को स्वीकृति दी गई है।

# बिहार में नवादा जिले के आयुष भलोटिया ने नीट-यूजी 2026 में देशभर में 04 रैंक हासिल किया

पटना। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 का परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने घोषित कर दिया है। इस बार बिहार के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। नवादा जिले के वारिसलीगंज के रहने वाले आयुष भलोटिया को ऑल इंडिया रैंक 04 मिला है, जबकि रिया रंजन को 6 रैंक हासिल हुई है। राज्य के चार छात्रों ने देश के टॉप-138 अभ्यर्थियों में जगह बनाई है, जिनमें राज्य के आयुष भालोटिया ने ऑल इंडिया रैंक-4 हासिल कर बिहार का नाम रोशन किया है। 710 अंकों के साथ सफलता पाने वाले आयुष बातचीत में कहा कि वे रोजाना 5 से 7 घंटे खुद पढ़ाई की और 6 घंटे की नियमित क्लास पर पूरा ध्यान दिया। बिहार की रिया रंजन ने ऑल इंडिया रैंक-6, रविकांत दीघवार ने रैंक-55 और आदित्य कुमार ने रैंक-73 प्राप्त किया है। इन चारों छात्रों ने 690 से अधिक अंक हासिल कर टॉप-138 की सूची में अपनी जगह बनाई। इस बार अधिकतम 715 अंक हासिल कर पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से ऑल इंडिया टॉप किया है। राष्ट्रीय स्तर पर 690 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 138 अभ्यर्थियों में छात्राओं का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार टॉप-138 में करीब 58 प्रतिशत छात्राएं और 42 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। यानी इस बार मेरिट सूची में बेटियों ने बढ़त बनाई है। इस बार कट ऑफ में बढ़ोतरी हुई है और सामान्य श्रेणी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए कट ऑफ 144 से बढ़कर 213 रहा है। ओबीसी और एससी-एसटी कैटेगरी के लिए कट ऑफ 113 से बढ़कर 177 गया है।

# विभिन्न मांगों को लेकर वित्त रहित कॉलेज के शिक्षकों ने दिया एकदिवसीय धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। भागलपुर में कांग्रेस सेवा दल एवं वित्त रहित कॉलेजों के शिक्षकों ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परवेज जमाल ने की।

प्रदर्शन के दौरान सरकार की शिक्षा नीति और वित्त रहित कॉलेजों की अनदेखी को लेकर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नाराजगी जताई। धरना में बिहार सेवा दल के प्रभारी मो. अफरोज खान, बिहार सेवा दल के अध्यक्ष डॉ. संजय यादव, जिला सेवा दल अध्यक्ष कृष्णा राज, जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह, मो. अख्तर हुसैन, अम्बर ईमाम तथा पूर्व महासचिव मोईदुर्रहमान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और शिक्षक मौजूद रहे। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य के वित्त रहित कॉलेजों के शिक्षक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री द्वारा 211 डिग्री कॉलेजों को लेकर किए जा रहे दावों पर भी सवाल उठाए। आक्रोशित नेताओं का कहना था कि 211 डिग्री कॉलेजों की बात केवल छलावा और दिखावा है। उनका आरोप है कि सरकार सिर्फ घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय सरकार लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है ।धरना के अंत में प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

# पंचायत परिसीमन के बाद चुनाव कराने के फैसले का मुखिया संघ ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। बिहार सरकार द्वारा पंचायतों का नए सिरे से परिसीमन कराने के बाद पंचायत चुनाव आयोजित करने के निर्णय का प्रखंड मुखिया संघ ने स्वागत किया है। ब्लॉक चौक स्थित यात्री निवास में आयोजित प्रेसवार्ता में संघ के पदाधिकारियों ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्रिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह लक्ष्मीपुर खूंटी पंचायत के मुखिया किशोर कुमार मुन्ना ने कहा कि यह निर्णय मुखिया संघ के छह वर्षों के लगातार संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर 1996 में पंचायतों का परिसीमन किया गया था, जबकि अब वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर वर्ष 2026 में नया परिसीमन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए परिसीमन के बाद पंचायत चुनाव कराने का सरकार का फैसला लोकतांत्रिक व्यवस्था और ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मुखिया संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि नए परिसीमन से पंचायतों की संख्या, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और विकास योजनाओं के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा और संतुलित विकास को बढ़ावा मिलेगा।संघ ने ग्राम पंचायतों को कर (टैक्स) वसूली का अधिकार दिए जाने के राज्य सरकार के निर्णय का भी स्वागत किया। पदाधिकारियों ने कहा कि इससे पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। मुखिया संघ ने बताया कि प्रदेश स्तर पर सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए राज्यव्यापी धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तिथि और जिला-वार कार्यक्रम की घोषणा प्रदेश मुखिया संघ की ओर से जल्द की जाएगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063